नई दिल्ली

शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 197
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 30
न्यून. 19

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




9 भारत को मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक

haribhoomi.com




क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट्स रिडीम करने के नाम पर की थी ठगी

# 11.95 लाख के पर्सनल लोन स्कैम में शामिल सरगना समेत पांच दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर टीम ने लोन स्कैम रैकेट का भंडाफोड़ किया है। 11.95 लाख के पर्सनल लोन स्कैम में किंगपिन समेत पांच आरोपी गिरफ्तार किये गये। इनसे अपराध में इस्तेमाल किए गए आठ स्मार्ट फोन भी बरामद हुये। पकड़े गये जालसाजों के नाम हिमांशु कुमार गौतम, सचिन, आसिफ अली, राज स्वामी और हेमराज गुर्जर है। मास्टरमाइंड हिमांशु है।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार पालम निवासी युवती की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें एक प्रतिष्ठित वित्तीय संस्थान के प्रतिनिधि बनकर कॉल किया गया था। कॉलर ने उनके क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट्स रिडीम करने में मदद करने की पेशकश की और धोखे से उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजे गए ओटीपी हासिल कर लिए। कुछ ही मिनटों में धोखेबाजों ने इस एक्सेस का इस्तेमाल करके उनके बैंक अकाउंट में 11,95,000 का पहले से अप्रूव्ड पर्सनल लोन धोखे से अज्ञात अकाउंट्स में ट्रांसफर कर लिया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी ऑपरेशंस विजय पाल तोमर के नेतृत्व में एसएचओ साइबर प्रवेश कौशिक की देखरेख वाली एसआई जगदीप नारा, हेड कांस्टेबल हरेंद्र, प्रवीण, विनोद और कांस्टेबल विकास की टीम बनाई गई। जांच के दौरान पता चला कि धोखाधड़ी का पैसा हेमराज गुर्जर के एक म्यूल अकाउंट में भेजा गया था और दिल्ली के विशाल एन्क्लेव में चेक और एटीएम से निकाला गया था। विशाल एन्क्लेव में एक बड़ी सफलता मिली जहां हेमराज गुर्जर और राज स्वामी पकड़े गए। वे ऐसे म्यूल अकाउंट चला रहे थे जिनका इस्तेमाल ठगी का पैसा रखने और निकालने के लिए किया जाता था। इसके बाद डिजिटल फुटप्रिंट्स, व्हाट्सएप चैट और सीडीआर एनालिसिस के आधार पर आसिफ अली की पहचान की गई और उसे न्यू सीलमपुर से गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ में पता चला कि वह म्यूल अकाउंट अरेंज करने और टेस्ट करने में शामिल था। बाद में सचिन को उत्तम नगर के गुलाब बाग से पकड़ा, जिससे पूछताछ में मास्टरमाइंड हिमांशु कुमार गौतम की पहचान हुई। लगातार कोशिशों और कई छापों के बाद हिमांशु को आखिरकार दिल्ली के रामा पार्क से पकड़ लिया गया।

## करोल बाग में स्कूटर और एसयूवी की टक्कर में दो घायल

**नई दिल्ली।** करोल बाग इलाके में बृहस्पतिवार को तेज गति से जा रही एसयूवी कार से एक स्कूटर की टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एसयूवी पलट भी गई। घायलों को उपचार के लिये नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार करोल बाग थाना इलाके में हुई इस सड़क दुर्घटना की सूचना सुबह मिली। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि सड़क पर एसयूवी पलटी हुई है और स्कूटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त है।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि स्कूटर पर सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों में से एक की उम्र करीब 27 वर्ष बताई जा रही है। संभवतः वह बाइक टैक्सी चालक था और उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उसे एसयूवी चालक ने राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया, लेकिन बाद में वह वहां से फरार हो गया।

पुलिस ने बताया कि दूसरे घायल व्यक्ति की पहचान 23 वर्षीय ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह शेखावत के रूप में हुई है, जिसे पीसीआर वैन से लेडी हार्डिंग अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। एसयूवी चालक की पहचान अंगद के रूप में हुई है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से पता चला कि स्कूटर गलत दिशा से आ रहा था और तेज रफ्तार से जा रही एसयूवी कार से टकरा गया।

बीएसईएस का बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम

## 40 देशों के 60 मंत्रियों व राजनयिकों ने किया दौरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस के बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम को देखने के लिए 40 देशों के 60 मंत्रियों व राजनयिकों ने गहन दौरा किया।

इस मौके पर दिल्ली के समाजिक कल्याण, एससी-एसटी कल्याण, सहकारिता और चुनाव मंत्री रविंद्र सिंह, ऊर्जा विभाग के सचिव नीरज सेमवाल और अंतरराष्ट्रीय सोलर एलायंस के डायरेक्टर जनरल आशीष खन्ना आदि मौजूद थे। इस बारे में बीएसईएस प्रवक्ता ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सोलर एलायंस की आठवीं असेंबली के तहत भारत आए 40 देशों के 60 मंत्री, राजनयिक और वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने व्यावसायिक रूप से मान्य भारत के पहले और दक्षिण एशिया के सबसे बड़े स्टैंड-अलोन युटिलिटी स्केल एनर्जी स्टोरेज सिस्टम का दौरा किया। यह प्रोजेक्ट बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) ने साउथ दिल्ली के किलोकरी सब-स्टेशन में स्थापित कर रखा है। प्रवक्ता के अनुसार इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में श्रीलंका, यमन, लाइबेरिया, एंटीगुआ और बारबूडा के माननीय मंत्रियों ने भी हिस्सा लिया।

इस अवसर पर बीएसईएस के डायरेक्टर और ग्रुप सीईओ अमल सिन्हा, बीआरपीएल के सीईओ अभिषेक रंजन, और अंतरराष्ट्रीय सोलर एलायंस व साझेदार देशों के वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे। मई 2025 में शुरू हुआ 20 मेगावाट (40 मेगावॉट प्रति घंटा) की क्षमता वाला यह बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, भारत के स्वच्छ और भरोसेमंद ऊर्जा सिस्टम की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## सोने की अंगूठी चुराने के आरोप में महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ लक्ष्मी नगर में दिवाली की भीड़ का फायदा उठाकर जूलरी शॉप में की थी चोरी

पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर में दिवाली के त्योहार के दौरान आभूषण की एक दुकान से सोने की अंगूठी चुराने के आरोप में पुलिस ने 34 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान कानपुर निवासी पूनम यादव के रूप में हुई है, जो दिल्ली-एनसीआर में सोने की कई चोरियों में शामिल महिला चोरों के एक अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़ी है।

पुलिस के अनुसार 19 अक्टूबर को लक्ष्मी नगर बाजार में त्योहार की भारी भीड़ के बीच आभूषण की एक दुकान पर तीन महिलाएं पहुंची थी। वहां से 5.4 ग्राम वजन की सोने की एक अंगूठी लेकर महिलाएं चंपत हो गई थी। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड होने और इस वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित हो जाने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद चोरों का पता लगाने के लिए कई टीम गठित की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और खुफिया जानकारी से पता लगाया कि गिरोह उत्तर प्रदेश के कानपुर से है।

28 अक्टूबर को इटावा के चकवा खुर्द गांव में छापेमारी की और आरोपी पूनम यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। वह चांदनी चौक और गुरुग्राम में भी इसी तरह की चोरी की छह घटनाओं को अंजाम दे चुकी थी। पुलिस के अनुसार तलाकशुदा पूनम का 16 साल का एक बेटा है। इसके गिरोह के अन्य चोरों तक पहुंचने के लिये आरोपी महिला को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

## 'भाजपा पार्षदों ने छठ घाटों पर चलाया स्वच्छता अभियान'

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के नेता सदन प्रवेश वाही के आह्वान पर निगम के भाजपा पार्षदों ने सभी छठ घाटों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में इस वर्ष लोक आस्था के महापर्व छठ के आयोजन के लिए अभूतपूर्व तैयारियां की गईं। इस भव्य आयोजन के बाद निगम के समस्त भाजपा पार्षदों, पार्टी कार्यकर्ता व निगम कर्मियों ने मिलकर छठ घाटों, पूजा स्थलों व पार्कों में श्रमदान कर गहन सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा पार्षद व कार्यकर्ताओं के साथ रोहिणी के रामलीला मैदान में साफ सफाई का निरीक्षण किया व सफाई कार्यों में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि इस सामाजिक श्रमदान से सभी जनप्रतिनिधियों ने दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संदेश दिया है। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत केशोपुर पार्षद हरीश ओबेरॉय ने छठ पूजा के उपरांत न्यू कृष्णा पार्क में विशेष सफाई अभियान के तहत पार्कों की सफाई करवाई।

## किशोर पर चाकू से हमला, चार आरोपियों में तीन नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जहांगीरपुरी में चोरी के एक मामले में जमानत पर बाहर आए 15 वर्षीय किशोर को कथित तौर पर चाकू मारने के आरोप में तीन नाबालिग समेत चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। यह हमला पिछले किसी झगड़े का बदला लेने के लिए किया गया था।

पकड़े गये बालिग आरोपी का नाम जहांगीरपुरी निवासी गौतम (21) बताया गया है। पुलिस के अनुसार यह झगड़ा पीड़ित और एक नाबालिग आरोपी के बीच एक छोटी सी बात को लेकर हुए विवाद से उपजा था। दरअसल जब दोनों बाल सुधार गृह में थे। करीब एक महीने पहले वहां से छूटने के बाद 15 वर्षीय किशोर ने एक आरोपी पर हमला करने की कोशिश की थी, जो उस समय भाग निकलने में सफल रहा था।

बदला लेने के लिए आरोपियों ने 25 अक्टूबर को जहांगीरपुरी में किशोर पर हमला किया। बीजेआरएम अस्पताल से एक घायल लड़के के भर्ती होने की सूचना पुलिस मिली थी, जिस पर चाकू से वार किया गया था। बाद में उसे बेहतर इलाज के लिए आरएमएल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। पुलिस ने बताया कि जहांगीरपुरी थाने में मामला दर्ज किया गया था। हमलावरों की पहचान करने तथा उन्हें पकड़ने के लिए एक टीम गठित की गई थी। गोपनीय जानकारी के आधार पर कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की गई और तीन नाबालिगों समेत चार आरोपियों को पकड़ लिया गया।

## पार्क में चाकू से हमला कर कैब चालक की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के किशनगढ़ स्थित एक पार्क में चाकू से हमला कर कैब चालक की हत्या करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि लंबे समय से जारी रंजिश के कारण यह हत्या की गई थी। पकड़े गये आरोपियों के नाम मोहित महलावत उर्फ मन्नू (23) और महरौली निवासी लकी उर्फ तन्नू (23) हैं।

पुलिस के अनुसार मछली पार्क में सोमवार को एक व्यक्ति खून से लथपथ पाया गया था। उसके कान, पेट समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से हमले के घाव थे। फोन करने वाले स्थानीय नागरिक ने पुलिस को बताया कि सुबह सैर के दौरान उसे शव दिखाई दिया। पीड़ित की जेब से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसे चेहरे की पहचान करने वाली प्रणाली से खोला गया। मृतक की पहचान किशनगढ़ निवासी नितेश खत्री (23) के रूप में हुई थी जो कैब चालक था। हत्यारों का पता लगाने के लिए एक टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय जानकारी के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्धों किशनगढ़ निवासी मोहित महलावत और महरौली निवासी लकी उर्फ तन्नू की पहचान की तथा घटना के कुछ ही घंटे के भीतर उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों ने बताया कि उनकी पीड़ित से लंबे समय से दुश्मनी थी। सोशल मीडिया के जरिए खत्री से संपर्क किया गया था। इसके बाद उसे पार्क में बुलाकर चाकुओं से कई बार वार किये गये थे। हत्या में प्रयुक्त दो चाकू बरामद हो गये हैं। पुलिस ने बताया कि मोहित पर पहले भी हत्या के प्रयास के दो मामले दर्ज हैं जबकि लकी बेरोजगार है और नशे का आदी है।

## दिल्ली कृषि विज्ञान केन्द्र ने की पराली न जलाने की अपील

**नई दिल्ली।** राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की स्थिति हर साल दीपावली के आसपास चिंताजनक स्तर तक पहुँच जाती है। इस वर्ष भी दिल्ली का आकाश धुएँ से ढकने से पहले ही कृषि विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने किसानों से एक महत्वपूर्ण जनहित अपील जारी करते हुए कहा है कि "फसल के अवशेषों को ना जलाएँ, ना ही किसी को जलाने दें।" कृषि विज्ञान केंद्र, उजवा के अध्यक्ष डॉ डी के राणा ने कहा कि दिल्ली क्षेत्र में अधिकतर किसान हाथ से कटाई करते हैं, इसलिए पराली की मात्रा बहुत कम होती है। परंतु, धान की मढ़ाई के बाद जो थोड़े-बहुत अवशेष खेतों में रह जाते हैं, उन्हें कुछ किसान जला देते हैं, यही धुआँ आस-पास के क्षेत्रों में फैलकर प्रदूषण को कई गुना बढ़ा देता है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **हरि प्रकाश शर्मा उर्फ हैरी, सी/ओ. पूजा टाइल एक्सपोरियम, सिकंदरपुर मुख्य बाजार के सामने मेट्रो पिलर नंबर 49, गुड़गांव, हरियाणा—122002** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **Case Reg. No.14603/2017 U/S 138 NI Act** के तहत एक मामला **थाना विजय विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **हरि प्रकाश शर्मा उर्फ हैरी** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **हरि प्रकाश शर्मा उर्फ हैरी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **Case Reg. No.14603/2017 U/S 138 NI Act, थाना विजय विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **हरि प्रकाश शर्मा उर्फ हैरी** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **08.12.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री दिव्या अरोड़ा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—04,
कमरा नंबर—112, पहली मंजिल,
उत्तर—पश्चिम जिला, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/14572/RD/2025
(अदालती मामला)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हर्ष उर्फ सिंधी उर्फ सोनू, पुत्रः विनोद, पताः ए—33, ए—19, रामगढ़ कॉलोनी, जीटी रोड के पास, दिल्ली** ने **FIR No. 581/2023, U/s: 380/457/411/34 IPC, पुलिस थाना सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हर्ष उर्फ सिंधी उर्फ सोनू** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हर्ष उर्फ सिंधी उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना सब्जी मंडी, दिल्ली** के अभियुक्त **हर्ष उर्फ सिंधी उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री चतिंदर सिंह
एल.डी. जेएमएफसी—07, सेंट्रल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14443/N/2025

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82Cr.P.C. / 84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **फैज़ान उर्फ हैपी, पुत्रः** बी.के. मेहरबान, **पताः** मकान न. बी—152, गली न. 1, गांव शेरपुर, खजूरी खास, दिल्ली, ने **FIR No.: 394/2019, U/s: 392/397/411/34 IPC,** 84 **भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, थानाः** शास्त्री पार्क, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **फैज़ान उर्फ हैपी,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **फैज़ान उर्फ हैपी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 394/2019, U/s: 392/397/411/34 IPC,** 84 **भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, थानाः** शास्त्री पार्क, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **फैज़ान उर्फ हैपी,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री बलविन्दर सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
(विशेष त्वरित)
(उत्तर—पूर्व जिला), कमरा न. 31
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/14595/NE/2025
(Court Matter)

दिन भर एमटीएस कर्मियों को थानों में किया गया डिटेन

# 'हड़ताली निगम एमटीएस कर्मियों पर पुलिस ने दिखाई सख्ती'


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय के गेट नंबर 5 के बाहर 29 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एमसीडी के जन स्वास्थ्य विभाग के 'एमटीएस (डीबीसी/सीएफडब्ल्यु) कर्मियों को गुरूवार की सुबह पुलिस की सख्ती का सामना करना पड़ा। इस दौरान इस कर्मियों ने जब पुलिस की कार्रवाई की विरोध किया तो उन्हें डिटेन करके कई थानों में ले जाया गया और शाम करीब पांच बजे के आसपास छोड़ा गया। बता दें कि ये पिछले 32 दिनों से निगम मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठा रहे थे और दीवाली के समय अपने परिवार के साथ भी उन्होंने यही काली दीवाली मनाई थी। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के महासचिव देवानंद शर्मा ने शाम को इस बारे में बयान जारी कर स्पष्ट कहा है कि इस प्रकार की कार्रवाई से कर्मचारी डरने वाले नहीं हैं और उनका हौसला बढ़ा है। यूनियन ने बताया कि शासन प्रशासन बंधुआ मजदूरी करवाना चाहता है, लेकिन अब वे ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने ऐलान किया है कि कल यानी शुक्रवार को फिर सुबह सिविक सेंटर, गेट नंबर 5 पर धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हक़ की लड़ाई अब और तेज़ होगी।

यूनियन ने बताया कि पुलिस बसों में भरकर कर्मियों को अलग-अलग थानों में ले गई। लगभग शाम '5:00 से 5:30 बजे' के बीच सभी को छोड़ा गया। प्रमुख थानों जैसे पटेल नगर थाना, आनंद पर्वत थाना, आज़ादपुर थाना, बवाना थाना, रणजीत नगर थाना, नरेला औद्योगिक एरिया थाना, आईटीओ थाना, कमला मार्केट थाना में हड़ताली कर्मियों को डिटेन किया गया। एमटीएस कर्मियों ने इसे अपनी आवाज़ कुचलने की कोशिश बताया है। उनका कहना है कि सरकार और निगम प्रशासन ने अब तक न तो कोई बैठक की, न ही उनकी जायज़ मांगों पर कोई ठोस निर्णय लिया। उल्टा शांतिपूर्ण प्रदर्शन को दबाने की कोशिश की गई।

### महापौर के इशारे पर पुलिस ने जबरन हटाया : नेता विपक्ष



एमटीएस कर्मियों पर पुलिस की कार्रवाई मामले में निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा पर निशाना साधा। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि हड़ताल में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी शामिल थे, फिर भी महापौर राजा इकबाल सिंह के इशारे पर पुलिस ने उन्हें जबरन हटवा दिया। भाजपा को शर्म आनी चाहिए। आप सरकार ने डीबीसी कर्मियों को एमटीएस बनाया, लेकिन भाजपा की सरकार उन्हें समन वेतन नहीं दे रही है। महापौर ने कर्मियों को कमेटी का झुनझुना तो पकड़ा दिया, लेकिन कमेटी ने अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया।

## एक लाख से ज्यादा की धोखाधड़ी की अब होगी ई-एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस अब 1 लाख रुपये और उससे ज्यादा के साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की शिकायतों पर भी ई-एफआईआर दर्ज करेगी। नागरिकों के लिए पुलिसिंग को आसान बनाने और कानून लागू करने वाली सेवाओं के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में दिल्ली पुलिस इसे एक बड़े कदम के तौर पर देख रही है। पुलिस प्रवक्ता संजय त्यागी के अनुसार दिल्ली पुलिस ने 1 नवंबर (शनिवार) से साइबर ई-एफआईआर का रजिस्ट्रेशन शुरू करने का फैसला किया है। यह उन साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की शिकायतों पर लागू होगा जिनमें 1 लाख रुपये या उससे ज्यादा की रकम शामिल है। यह अभी 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा की रकम वाले साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड के लिए लागू है। अब शिकायतकर्ता किसी भी पुलिस स्टेशन जा सकता है, जहां इंटीग्रेटेड हेल्प डेस्क का स्टाफ उसकी शिकायत और ई-एफआईआर तुरंत रजिस्टर करेगा, अगर रकम एक लाख रुपये से ज्यादा है। इन सभी ई-एफआईआर की जांच उनके संबंधित ज्यूरिस्डिक्शनल साइबर पुलिस स्टेशनों, क्राइम ब्रांच और आईएफएसओ में रेगुलर एफआईआर की तरह ही की जाएगी। पुलिस स्टेशन लेवल पर ई-एफआईआर के रजिस्ट्रेशन से तुरंत और पूरी जांच होगी और धोखाधड़ी की गई रकम को जब्त और रिकवर किया जा सकेगा। इस पहल का मकसद ऑनलाइन फाइनेंशियल स्कैम के पीड़ितों को एक तेज, ज्यादा पारदर्शी और सुविधाजनक तरीका देना है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड के मामलों में भी तुरंत कानूनी कार्रवाई शुरू की जाए, जहां रकम 10 लाख रुपये से कम है। अभी नागरिक अपनी शिकायतें सिर्फ नेशनल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करके या पोर्टल **https://cybercrime.gov.in** के जरिए ही रजिस्टर करते हैं।

नई दिल्ली

शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 197
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 30
न्यून. 19


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## ऑस्ट्रेलिया को हरा महिला विश्वकप के फाइनल में पहुंचा भारत



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हराकर उसका विजय रथ रोक दिया है। भारत ने जेमिमा रॉड्रिग्ज और हरमनप्रीत कौर की शानदार साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत ने जैसे ही जीत का चौका लगाया मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली जेमिमा रॉड्रिग्ज भावुक हो गईं और अपने आंसू नहीं रोक सकीं। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी ▸▸ शेष पेज 5 पर

# अब केवल कानूनी पत्नी को ही मिलेगा पारिवारिक पेंशन का हक़

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सरकारी कर्मचारियों की पेंशन व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार ने एक अहम स्पष्टीकरण जारी किया है। सरकार ने कहा है कि किसी सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन का अधिकार केवल उसकी "कानूनी पत्नी" या "वैध रूप से विवाहित पत्नी" को ही होगा। अगर कर्मचारी ने पहली पत्नी के ज़िंदा रहते एक से अधिक विवाह किए हैं, तो दूसरी या बाद की पत्नी, जो हिंदू मैरिज एक्ट के तहत कानूनन अवैध विवाह की श्रेणी में आती है, उसे पारिवारिक पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा। जाहिर ये हिंदू मैरिज के कानून हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन धर्म के अनुयायियों पर लागू होते हैं केवल उन पर ही नई पेंशन नीति लागू होगी। दरअसल ये स्पष्टीकरण केंद्र सरकार ने अपने पूर्व के नोटिफिकेशन पर उपजे संशय को खत्म करने के लिए 27 तारीख को जारी किया है। इससे पहले 21 अक्टूबर 2024 को जारी नोटिफिकेशन में पेंशन रूल 50(8)(सी) का जिक्र करते हुए ये व्यवस्था दी थी कि एक से अधिक पत्नी होने पर समान रूप से पेंशन का बंटवारा कर दिया जाएगा। विवाद की स्थिति से निपटने के लिए इस व्यवस्था को केंद्र सरकार ने पूरी तरह हटा के साफ़ कर दिया है कि हिंदू मैरिज एक्ट के तहत ▸▸ शेष पेज 5 पर




**केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया नियम**

### क्या कहा गया है नए स्पष्टीकरण में

केंद्र सरकार ने हाल ही में 27 तारीख को जारी एक परिपत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि "यदि किसी सरकारी कर्मचारी ने, हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के अधीन रहते हुए, पहली पत्नी के रहते हुए दूसरी शादी की है, तो दूसरी शादी अवैध मानी जाएगी, और उस विवाह से जुड़ी महिला या उसके बच्चों को परिवार पेंशन का कोई कानूनी अधिकार नहीं होगा।"इस परिपत्र के अनुसार, केवल वही पत्नी, विवाह और पारिवारिक स्थिति मान्य होगी, जो संबंधित वैधानिक अधिनियम के तहत विधिसम्मत हो।

### हिंदू विवाह अधिनियम में क्या कहा गया है

हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 (i) और 11 के अनुसार "कोई व्यक्ति तब तक दूसरी शादी नहीं कर सकता जब तक पहली शादी जीवित है और विधिपूर्वक समाप्त नहीं हुई है।" इसलिए, दूसरी शादी अपने आप में अवैध मानी जाती है।सरकारी सेवा नियमों में भी यह स्पष्ट है कि 'द्विविवाह' (पॉलीगैमी) सेवा शर्तों का उल्लंघन है।

### सरकारी नियमों का उद्देश्य

*केंद्र सरकार के अनुसार यह नियम न केवल कानूनी स्पष्टता लाने के लिए है, बल्कि पेंशन विवादों को रोकने के उद्देश्य से भी लागू किया गया है। अक्सर यह देखा गया है कि किसी सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद पहली और दूसरी पत्नी या उनके परिजनों के बीच पेंशन को लेकर विवाद उत्पन्न हो जाते हैं, जिससे विभागीय और कानूनी प्रक्रिया लंबी खिंच जाती है। अब, इस स्पष्टीकरण के बाद केवल वैध विवाह से जुड़ी पत्नी को ही पारिवारिक पेंशन का अधिकार होगा।*

### क्या बच्चों पर भी असर पड़ेगा?

*नियमों के अनुसार, यदि अवैध विवाह से जन्मे बच्चे कानूनन "वैध" माने जाते हैं (सेक्शन 16, हिंदू मैरिज एक्ट के अंतर्गत), तो उन्हें मृत कर्मचारी की संपत्ति या अन्य कानूनी अधिकारों में हिस्सा मिल सकता है, लेकिन पारिवारिक पेंशन का हक़ केवल वैध पत्नी या पति को ही रहेगा।*

### पूर्व उदाहरण और न्यायिक फैसले

*सुप्रीम कोर्ट और कई उच्च न्यायालयों ने भी पूर्व में कहा है कि "सरकारी सेवा नियमों के तहत पारिवारिक पेंशन का अधिकार केवल वैध विवाह से जुड़ी पत्नी या पति को ही मिलेगा।" डॉ सीपी मोहपात्रा उदाहरण देते हुए बताते हैं कि 2021 में यूनियन ऑफ इंडिया बनाम लीला देवी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि "दूसरी पत्नी, जो हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अवैध विवाह में है, उसे फैमिली पेंशन का अधिकार नहीं दिया जा सकता।" इसी फैसले को उदाहरण मानते हुए केंद्र ने पिछले साल के आदेश में संशोधन कर अब स्थिति साफ़ कर दी है।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### ट्रंप का बना आधार कार्ड, एफआईआर

**मुंबई।** पुलिस ने एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार द्वारा फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पवार पर ट्रंप के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनाने और उसका इस्तेमाल फर्जी वोटर रजिस्टर करने का आरोप है। पवार ने कहा कि वह सिर्फ यह दिखा रहे थे कि आधार कार्ड सिस्टम में कितनी कमियां हैं।



### जस्टिस सूर्यकांत होंगे देश के अगले सीजेआई

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति सूर्यकांत को बृहस्पतिवार को भारत का 53वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया और वह 24 नवंबर को पदभार ग्रहण करेंगे। वह 24 नवंबर को पदभार ग्रहण करेंगे। केंद्रीय विधि मंत्रालय के न्याय विभाग ने उनकी नियुक्ति की घोषणा की है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत न्यायमूर्ति भूषण आर गवई का स्थान लेंगे।



### अब एम्स के डॉक्टर लिखेंगे हिंदी में पर्चा

**नई दिल्ली।** एम्स में अब डॉक्टर मरीजों के पर्चे हिंदी में लिखेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि डॉक्टरों को डेली के कामकाज में हिंदी का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जब पर्चे और दवाइयों का नाम हिंदी में लिखा जाएगा तो मरीज और उनके परिवार को आसानी होगी। देखा गया है कि अंग्रेजी में दवा लिखी जाती है।



पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बोले

# सरदार पटेल सिर्फ व्यक्ति नहीं, एक विचारधारा हैं, अब हर साल 31 अक्टूबर को होगी भव्य 'राष्ट्रीय एकता परेड'



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बिहार की राजधानी पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष पर राष्ट्रीय एकता दिवस को इस बार पूरे देश में अभूतपूर्व रूप से मनाया ▸▸ शेष पेज 5 पर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती की पूर्व संध्या पर गुजरात के केवडिया के एकता नगर में विकास कार्यों की आधारशिला रखने के दौरान डाक टिकट जारी किया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर देशव्यापी कार्यक्रम

अमित शाह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर की सुबह एकता नगर में होने वाली इस राष्ट्रीय परेड की सलामी लेंगे।इस परेड में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस बलों की टुकड़ियाँ शामिल होंगी। महिला अधिकारी ख़ास तरह से तैयार किए गए परेड का नेतृत्व करेंगी। भारतीय वायुसेना की "सूर्य किरण" टीम शानदार एयर शो प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा बीएसएफ की ऊँट टुकड़ी, गुजरात कैवेलरी, असम पुलिस का मोटरसाइकिल शो, और पंजाब व जम्मू-कश्मीर पुलिस की झाँकियाँ भी आकर्षण होंगी।

### सरदार पटेल का योगदान-"भारत की एकता के निर्माता"

*अमित शाह ने कहा कि सरदार पटेल केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने आज के एकीकृत भारत की नींव रखी।उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जब भारत में 562 रियासतें थीं, तब पूरी दुनिया को यह असंभव लग रहा था कि इन्हें एक राष्ट्र में जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि हैदराबाद में पुलिस कार्रवाई, जूनागढ़ का विलय, भोपाल, काठियावाड़, त्रावणकोर और जोधपुर जैसी रियासतों से जुड़े मुद्दे सरदार पटेल ने दृढ़ता से सुलझाए। उन्होंने यह भी बताया कि 15 अगस्त 1947 को जब देश में स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा था, तब सरदार पटेल लक्षद्वीप अभियान की निगरानी कर रहे थे ताकि वह द्वीप भारत का हिस्सा बन सके।*

### "रन फॉर यूनिटी" और "भारत पर्व" भी होंगे मुख्य आकर्षण

*गृह मंत्री ने बताया कि इस बार "रन फॉर यूनिटी" कार्यक्रम पहले से कहीं बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। यह दौड़ देशभर के राज्यों, जिलों, पुलिस थानों, विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में होगी। दौड़ के बाद नागरिक राष्ट्रीय एकता की शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि 1 से 15 नवंबर तक "भारत पर्व" का आयोजन एकता नगर में होगा, जो भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर समाप्त होगा। भारत पर्व में देश के जनजातीय समुदायों की संस्कृति, भोजन, परिधान, लोककला और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।*

### सरदार पटेल की स्मृति "स्टेचू ऑफ़ यूनिटी" बनी राष्ट्र की पहचान

*अमित शाह ने कहा कि लंबे समय तक सरदार पटेल को वह सम्मान नहीं दिया गया जिसके वे अधिकारी थे। विपक्ष ने उनके योगदान को भुलाने की कोशिश की, उन्हें भारत रत्न भी उनकी मृत्यु के 41 साल बाद दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए 2013 में "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी" की नींव रखी। यह 182 मीटर ऊँची प्रतिमा केवल 57 महीनों में बनी, जिसमें किसानों के औजारों से एकत्रित 25,000 टन लोहा, 90,000 घनमीटर कंक्रीट, और 1,700 टन कांसा इस्तेमाल हुआ। आज यह स्मारक भारत की इंजीनियरिंग कौशल और राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक बन गया है, जहाँ अब तक 2.5 करोड़ से अधिक पर्यटक आ चुके हैं।*

कृषि मशीनीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, बीज क्षेत्र विकास सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

## भारत-श्रीलंका की कृषि पर पहली संयुक्त कार्य समूह बैठक आयोजित



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत और श्रीलंका के बीच कृषि पर संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की पहली बैठक बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में कृषि भवन आयोजित हुई। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी और श्रीलंका सरकार के कृषि, पशुधन, भूमि एवं सिंचाई मंत्रालय के सचिव डी.पी. विक्रमसिंघे ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों देशों ने कृषि मशीनीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, बीज क्षेत्र विकास, कृषि-उद्यमिता, कृषि शिक्षा, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, बाज़ार पहुँच और जलवायु-अनुकूल कृषि सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। बैठक में डिजिटल कृषि, फसल बीमा और कृषि-स्टार्टअप जैसी पहलों पर भी चर्चा हुई। श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडल ने भारत के कृषि अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी प्राप्त करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), पूसा, नई दिल्ली का दौरा किया।

### खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को मजबूत करेंगे

*चर्चा में दोनों देशों में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सहयोग को मजबूत करने की भारत और श्रीलंका की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडल में कृषि विभाग की अतिरिक्त महानिदेशक (विकास) श्रीमती जी.जी.वी. श्यामली, कृषि, पशुधन, भूमि एवं सिंचाई मंत्रालय में निदेशक (पशुधन विकास) बी.एस.एस. परेरा और श्रीलंका उच्चायोग में काउंसलर गेशान शामिल थे। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू), पीपीवीएफआरए के अध्यक्ष, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई),भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और विदेश मंत्रालय (एमईए) के संयुक्त सचिव भी शामिल हुए।*

कहा, हम सीड एक्ट भी जल्दी लाने वाले है, जिसमें प्रावधान होगा कि किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज मिले

## किसानों के फायदे के लिए इंटीग्रेटेड फार्मिंग पर हमारा फोकसः चौहान

- किसान केवल उत्पादक नहीं रहें, बल्कि खेती के माध्यम से व्यापारी और उद्यमी भी बनें
- केंद्रीय कृषि मंत्री ने दिल्ली में राष्ट्रीय एफपीओ समागम 2025 का शुभारंभ किया



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को दिल्ली में राष्ट्रीय एफपीओ समागम 2025 का शुभारंभ किया। इस आयोजन में 24 राज्यों और 140 जिलों के 500 से अधिक प्रगतिशील किसान, एफपीओ, कार्यान्वयन एजेंसियां और क्लस्टर-आधारित व्यावसायिक संगठन शामिल हुए हैं। चौहान ने किसानों, एफपीओ सदस्यों और सहभागी संस्थाओं के प्रयासों की सराहना की ▸▸ शेष पेज 5 पर

कहा, जलभराव की समस्या दूर करने और किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए

## सीएम नायब सैनी ने हिसार घग्गर ड्रेन की चौड़ाई बढ़ाने के दिए निर्देश

- मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हिसार घग्गर ड्रेन की चौड़ाई बढाई जाए ताकि जलभराव वाले इलाक़ों से इसके ज़रिए पानी निकासी की समस्या का समाधान हो सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि ओटू झील पर बहाव के बोझ को कम करने के लिए कहीं बीच में वैकल्पिक मार्ग से जल निकासी का प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग को यह भी निर्देश दिए कि जिन गांवों से यह ड्रेन होकर गुजरती है, वहां इसे पक्का ▸▸ शेष पेज 5 पर

## भारतीय विवाद निपटान केंद्र का 'चौथा आर्बिट्रेशन इन इंडिया कॉन्क्लेव 2025' आज, क़ानून मंत्री मेघवाल होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत को 'आर्बिट्रेशन हब' बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में इंडियन डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन सेंटर द्वारा आयोजित '4th आर्बिट्रेशन इन इंडिया कॉनक्लेव 2025' आज, शुक्रवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। दो घंटे का निर्धारित उच्चस्तरीय कार्यक्रम शाम 4.30 से 6.30 तक चलेगा। इस प्रतिष्ठित कानूनी सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल करेंगे, जबकि समापन सत्र को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन संबोधित करेंगे। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### हरिभूमि और जनता टीवी मीडिया पार्टनर



इस आयोजन के प्रधान शैक्षणिक साझेदार इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च हैं, जो बार काउंसिल ऑफ इंडिया की एक पहल है। कार्यक्रम को बॉम्बे लॉ चैम्बर्स, चार्टर्ड इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्बिट्रेटर्स और विएना इंटरनेशनल आर्बिट्रल सेंटर जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों का सहयोग प्राप्त है। मीडिया पार्टनर के रूप में प्रतिष्ठित मीडिया समूह जैसे ज़ी बिज़नेस, लेटस्ट लॉ डॉट कॉम, हरिभूमि, जनता टीवी, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ आर्बिट्रेशन व अन्य संस्थान जुड़े हुए हैं।

जबलपुर में प्रारंभ हुई संघ की तीन दिवसीय अभा कार्यकारी मंडल की बैठक

## मातृभूमि के अनुयायी और वंदे मातरम को शिरोधार्य करने वाले सभी हिंदू ही

**देश भर में एक लाख से अधिक हिंदू सम्मेलन होंगे**

अनुरोध पटेरिया ▸▸ जबलपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यहां गुरुवार से शुरु हुई तीन दिवसीय अभा कार्यकारी मंडल की बैठक में शताब्दी वर्ष में होने वाले गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, सद्भाव बैठक, प्रमुख जन संगोष्ठी की तैयारी पर भी चर्चा की गई। साथ ही विजयादशमी उत्सवों की समीक्षा की गई। इसमें वर्तमान परिस्थिति पर बैठक के आगामी दिनों में चर्चा होगी। गृह संपर्क अभियान के क्रियान्वयन की व्यापक रूपरेखा तय करने के कई प्रस्ताव आए, जिन पर बैठक में निर्णय लिया जाएगा। संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक गुरुवार को जबलपुर के कचनार सिटी में प्रारंभ हो गई। शुभारंभ संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पार्चन अर्पित कर किया। बैठक में हिंदू सम्मेलनों के आयोजन से संबंधित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा उपरांत एक लाख से अधिक सम्मेलन करना प्रस्तावित हुआ। ▸▸ शेष पेज 5 पर




प्रथम चित्र में संघ प्रमुख डॉ. भागवत एवं होसबाले, दूसरे चित्र में अन्य पदाधिकारी

कहा, अधिकारियों के कार्य और आचरण संविधान की भावना के अनुरूप होने चाहिए

## लोकसभा अध्यक्ष ने युवा आईपीएस अधिकारियों को 'सेवा' और 'समर्पण' का मंत्र दिया

**लोकसभा अध्यक्ष ने आईपीएस अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए दो दिवसीय प्रशंसा पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को जोर देते हुए कहा कि कानून का शासन और उसका प्रभावी क्रियान्वयन आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है और 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए जरूरी है। उन्होंने यह बात संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (पीआरआईडीई- प्राइड) की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रशंसा पाठ्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 77वें राष्ट्रीय पुलिस बैच के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही।

### बिरला ने आईपीएस में महिला अधिकारियों की बढ़ती संख्या की सराहना की





**कानूनों और नीतियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करें**

बिरला ने कहा कि विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों और नीतियों को युवा सिविल सेवकों द्वारा जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सिविल सेवकों को संविधान की भावना के अनुरूप कर्तव्यों का निर्वहन और आचरण करना चाहिए। युवा आईपीएस ▸▸ शेष पेज 5 पर

### समाज की बेहतरी के लिए करें काम

*बिरला ने सार्वजनिक जीवन में अपने लंबे सफ़र का हवाला देते हुए समाज की बेहतरी के लिए जनप्रतिनिधियों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच घनिष्ठ समन्वय से काम करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने और क़ानून के शासन को बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को उन समुदायों के साथ घनिष्ठ संपर्क बनाए रखना चाहिए जिनकी वे सेवा करते हैं। बिरला ने आईपीएस में महिला अधिकारियों की बढ़ती संख्या की भी सराहना की और उनकी संवेदनशीलता और सहानुभूति को रेखांकित किया, जिससे पुलिस बल को मजबूती मिलती है और जनता के प्रति सेवा कार्य में सुधार होता है। लोक सभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया। लोक सभा सचिवालय के संयुक्त सचिव गौरव गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।*

## खबर संक्षेप

### मोरटी और अटोर में चला जीडीए का बुलडोजर

**गाज़ियाबाद।** जीडीए का बुलडोजर बुधवार को मोरटी और अटोर में चला। जहां 26 बीघा में



काटी जा रही अनाधिकृत कालोनियों बडी कार्यवाही की गई। जोन 1 के प्रभारी के नेतृत्व में 'मोरटी और अटोर में लगभग 26 बीघा में काटी जा रही अनाधिकृत बड़ी कार्यवाही की गई। योजना से लगी अटोर की लगभग 14 बीघा में काटी जा रही कालोनियों में भी ध्वस्तीकरण किया गया।

### कर्मी की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** मानेसर क्राइम ब्रांच ने ट्रांसपोर्ट कंपनी के क्लर्क की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार



कर लिया है। आरोपी यहां मजदूरी करता है, उसने बैसाखी मारकर हत्या की और मृतक की जेब से पर्स व मोबाइल लेकर फरार हो गया था। दरअसल, बीती 22 अक्टूबर को आईएमटी पुलिस को आउटर रोड पर युवक का रक्त रंजित शव मिला। हाथरस निवासी कुमार गौरव सिंह (38) के रूप में की थी।

### स्टूडेंट्स लव...जिहाद कर रहे, लेटर जारी

**फरीदाबाद।** हरियाणा में लव जिहाद के मामलों को लेकर सरकार अलर्ट मोड पर है। इसे



लेकर फरीदाबाद जिले में शिक्षा विभाग ने लव जिहाद को लेकर लेटर जारी किया है। विभाग ने जिले के सभी स्कूलों को आदेश दिया है कि वे पढ़ने आने वाले छात्र-छात्राओं पर नजर रखें। उनकी अटेंडेंस स्कूल शुरू होने के आधे घंटे बाद ही दर्ज कर ली जाए। इतना ही नहीं, शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों का वॉट्सऐप ग्रुप बनाया जाए। उनमें रोजाना बच्चों की उपस्थिति का जानकारी उनके अभिभावकों को दी जाए।

# प्रत्येक योजना का कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के उच्चतम मानकों के साथ पूर्ण किया जाएः उपाध्यक्ष

## जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने किया निरीक्षण, योजनाओं व निर्माणाधीन परियोजनाओं की जानी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाज़ियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने बुधवार को निरीक्षण पर निकले तथा योजनाओं व निर्माणाधीन परियोजनाओं की हकीकत जानी। उन्होंने कार्यों की प्रगति, निर्माण गुणवत्ता एवं स्थल पर उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की।

उनके साथ प्राधिकरण के सचिव। राजेश कुमार,, मुख्य अभियंता आलोक रंजन भी साथ थे। उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों के कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मधुबन बापूधाम स्थित नवीन प्राधिकरण कार्यालय भवन और मधुबन बापूधाम स्थित परियोजना बुनकर मार्ट इसके अलावा मधुबन बापूधाम योजना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना , निर्माणाधीन आर.ओ.बी., मधुबन बापूधाम योजना प्राधिकरण की नवीन योजना हरनंदीपुरम योजना के अतिरिक्त राजनगर एक्स्टेंशन स्थित निर्माणाधीन सभी जोनल सड़कें नूरनगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना प्रस्तावित इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने कहा कि ग़ाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण की सभी परियोजनाएँ जनसुविधा एवं शहर के समग्र





विकास को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक योजना का कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के उच्चतम मानकों के साथ पूर्ण किया जाए। सभी परियोजनाओं को जनहित को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए, ताकि नागरिकों को शीघ्र सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने योजनाओं के अंतर्गत विकसित की जा रही अधोसंरचना और सुविधाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव भी दिए।

गउपाध्यक्ष ने मधुबन बापूधाम योजना परिसर में वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि हरित क्षेत्र बढ़ाना न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाता है , बल्कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए यह आवश्यक कदम है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राधिकरण द्वारा विकसित योजनाओं में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए।

### जातीय एवं लिंग भेदभाव, आर्थिक मानसिक शोषण के लिए सरकार की निजीकरण की नीतियां जिम्मेदार

# महिला सफाई कर्मचारियों के साथ हुई बदसलूकी के खिलाफ नपा कर्मचारी संघ करेगा आंदोलनः शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एमडीयू रोहतक में महिला सफाई कर्मचारियों द्वारा पीरियड्स की प्रॉब्लम्स के कारण अवकाश लेने पर अधिकारी एवं सुपरवाइजर द्वारा महिला सफाई कर्मचारियों की फिजिकल जांच एवं फोटो खींचने के विरुद्ध चल रहे आंदोलन को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने प्रदेश स्तर पर लडऩे का किया ऐलान। 3 नवंबर को सभी 22 जिलों में प्रदर्शन कर दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने तथा सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने एवं कानून बनाने की मांग को लेकर किए जाएंगे प्रदर्शन।



नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने नगर निगम स्थित पार्क में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे जातीय उत्पीडऩ, महिला उत्पीडऩ, भेदभाव की घटनाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सरकार से उक्त सभी घटनाओं पर शक्ति से रोक लगाने और न्याय प्रदान करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि यदि जल्द दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी नहीं की गई तो 9 नवंबर को कुरुक्षेत्र में सफाई कर्मचारियों की होने वाली महा पुकार रैली के मंच पर भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए बड़े आंदोलन का ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति ऐलान करेगी।

गौरतलब है कि सफाई कर्मचारियों की 9 नवंबर को पीपली स्थित देवीलाल पार्क कुरुक्षेत्र में होने वाली महापुकार रैली की सफलता के लिए आज फरीदाबाद में जोरदार अभियान चलाया गया, इस अभियान के तहत जहां नगर निगम के सफाई कर्मचारियों में सभाएं दर्जनों सभाएं आयोजित की गई वही अन्य विभागों के सफाई कर्मचारियों को रैली में शामिल करने के लिए भी अभियान चलाया गया। यह अभियान आज बीके अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारी सहित अन्य विभाग स्कूलों व आईटीआई के कर्मचारी में भी चलाया गया है। जन सम्पर्क एवं जत्था अभियान का नेतृत्व नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, राज्य सचिव अनूप कुमार चिंडालिया व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह जागलान व जिला सचिव युद्ध वीर सिंह खत्री तथा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला वरिष्ठ प्रधान तथा नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर व नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान दिलीप सिंह बोहत, श्रीनंद ढकोलिया, सुरेश मेनादे, रघुवीर चौटाला, ललिता देवी, महेंद्र कुडिय़ा, राजवीर, नरेश भगवाना, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन नेता दिनेश पाली, पार्ट टाइम, सफाई कर्मचारी यूनियन के नेता तेजराम, बादशाह खान अस्पताल के नेता नीरज नंद ढकोलिया, सोनू सोया, सीवरमैन यूनियन के सचिव प्रदीप सांवरिया, कोषाध्यक्ष मनोज सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया गया। उन्होंने बताया कि सफाई एवं सीवर मैन कर्मचारियों में रैली को लेकर भारी उत्साह है।

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा की महापुकार रैली की प्रमुख मांगे सफाई के कार्य से ठेकेदारी प्रथा समाप्त करना, सीवर सफाई करते हुए हो रही मौतों पर रोक लगाना एवं मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को न्याय प्रदान करना, सभी सफाई कर्मचारियों को एक कलम से पक्का करना, सरकारी, अर्ध सरकारी, निगम, बोर्ड, कॉरपोरेशन, कच्चे व विभिन्न प्रकार के ठेकों में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 26000 रुपए करना, 400 आदमी की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति करना, सफाई कर्मचारियों के डिमिनेशन कार्ड में डाले गए पदों को बहाल करना तथा पार्ट टाइम दैनिक वेतनमान इत्यादि कुप्रथाओं के आधार पर सफाई कर्मचारियों का शोषण बंद करना और पक्की भर्ती करना, प्रमुख मांगे हैं। सरकार ने सफाई कर्मचारियों की मांगों का अगर समाधान नहीं किया तो ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा 9 नवंबर को रैली के मंच से ही हरियाणा में बड़े आंदोलन का एलान करेगी।

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य ने सौंपे पत्र

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में 36 मालियों का विनियमितीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग़ाज़ियाबाद

नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उद्यान विभाग के 36 माली श्रमिकों का विनियमितीकरण कराया गया तथा पत्र भी दिए गए। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, तथा नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष अनुराग नगर सहित उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने माली श्रमिकों का उत्साहवर्धन करते हुए शहर हित तथा निगम हित में कार्य करने के लिए कहा गया ।

उच्चतम न्यायालय से गाजियाबाद नगर निगम के 73 माली श्रमिक केस जीते, जिसके अनुपालन में वर्तमान में रिक्त 36 स्थाई माली के पद पर 36 माली श्रमिकों का विनियमितीकरण नगर आयुक्त ने किया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शेष माली श्रमिकों के पद सर्जन हेतु शासन को पत्र प्रेषित गया है, नगर आयुक्त ने बताया कि 16 जुलाई 2005 से उक्त मालियों का विनियमितीकरण कराया जा रहा है, शासन द्वारा पद सृजित होने के बाद शेष माली श्रमिकों का भी विनियमतिकरण किया जाएगा। माली श्रमिकों द्वारा महापौर तथा नगर आयुक्त का धन्यवाद भी किया गया । जिनको पत्र दिए जा चुके हैं उनकी कार्यवाही आगे बढाते हुए भुगतान की प्रक्रिया को भी तेज करने के लिए संबंधित टीम को तथा अधिकारियों को नगर आयुक्त द्वारा दिया निर्देशित किया गया।

## बीमा एजेंट की हत्या कर शव को नाले में फेंकने के मामले में दो और आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बीमा एजेंट की हत्या के मामले में क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 25-26 अक्टूबर की रात को थाना पल्ला क्षेत्र में एत्मादपुर पुल के पास शमशान घाट के नजदीक नाले के पास एक व्यक्ति की सिर में चोट मारकर व गले को रस्सी से दबाकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पहचान चंदर निवासी ईस्ट विनोद नगर कल्याणपुरी दिल्ली के रुप में हुई थी। मृतक के भाई मदन गोपाल की शिकायत पर थाना पल्ला में हत्या से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया जाकर मामले की कार्रवाई के लिए अपराध शाखा डीएलएफ को निर्देशित किया गया। डीएलएफ की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए गौरव झा निवासी संत नगर बुराड़ी दिल्ली व प्रशांत कुमार निवासी बिसानपुराए देवरिया उप्र हाल रजौकरी दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर फ्रॉड करने के मामले में तीन आरोपी पकड़ाए

## पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर फ्रॉड करने के मामले में साईबर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसजीएम नगर फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास 29 सितम्बर को उसके पास फोन आया जिसने बताया कि वह बैंक से बोल रहा हूं और फिर उसने बताया कि उसके कार्ड पर ऑफर है उसका कार्ड लाईफ टाईम फ्री हो जायेगा और लिमिट भी बढ़ जायेगी। ठग ने कहा की वह उसके पास ओटीपी भेज रहा, ओटीपी व डिटेल भरने के बाद उसकी क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ जायेगी। जब उसने ठग को ओटीपी दिया तो उसके खाता से 65,000



रूपए कट गये। जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सौरभ ठाकुर निवासी उत्तम नगर दिल्ली अभिषेक मेहरा निवासी टैगौर गार्डन एक्सटेंसन वेस्ट दिल्ली व विशाल निवासी राजहंस विहार दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि सौरभ ने शिकायतकर्ता के पास कार्ड की लिमिट बढाने के लिए कॉल किया और ओटीपी लेकर उसके कार्ड से गलत पते पर सामान ऑर्डर किया, जिसको अभिषेक ने रिसीव किया और सामान को बचने के लिए विशाल को दे दिया था। सभी आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस व पुलिस शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में लगाई हथियारों की प्रदर्शनी

**फरीदाबाद।** 21 से 31 अक्टूबर तक भारतवर्ष में पुलिस शहीदी दिवस व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम किये जाते हैं, जिसमें पुलिस विभाग बढ़-चढकर हिस्सा लेकर कार्यक्रम आयोजित करता है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के निरंतर में 30 अक्टूबर को पुलिस लाइन फरीदाबाद में हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई मेडिकल कैंप लगाकर पुलिस कर्मचारियों का शारीरिक परीक्षण कराया गया। पुलिस विभाग के पास उपलब्ध हथियारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं एक अन्य कार्यक्रम के अनुसार हरियाणा पुलिस के पाइप बैंड ने जिला फरीदाबाद में अलग-अलग स्थानों पर जाकर बैंड धुनों का प्रदर्शन किया।

### यात्रा का उद्देश्य नशा मुक्त संदेश पहुंचाना

## राष्ट्रीय एकता, नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा का संदेश लेकर साइकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राष्ट्रीय एकता दिवस एवं नशा मुक्त भारत अभियान के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक साइकिल प्रेमियों के समूह द्वारा एक विशेष साइकिल यात्रा निकल जा रही है जिसमें हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत कर्मचारी भी हिस्सा ले रहे है। यह यात्रा फरीदाबाद से आरंभ होकर अयोध्या तक जाएगी। इस साइकिल यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक राष्ट्रीय एकता, नशा मुक्ति और सड़क दुर्घटना मुक्त भारत का संदेश पहुंचाना है। यात्रा की अगुवाई हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत्त निरीक्षक हुकम सिंह द्वारा की जा रही है, जिन्होंने पूर्व में भी फरीदाबाद पुलिस लाइन से बाघा बॉर्डर तक साइकिल यात्रा कर सडक़ सुरक्षा का संदेश दिया था।



इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को यह बताना है कि राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक आयोजन ही नहीं, बल्कि यह हम सभी को देश की अखंडता, भाईचारे और आपसी सद्भाव की भावना को सशक्त करने की प्रेरणा देता है। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के दिखाए मार्ग पर चलते हुए हमें हर स्तर पर समाज में एकता, शांति और सहयोग बनाए रखना चाहिए। प्रारंभ हुई यह यात्रा एकता, संयम और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। साइकिल सवारों ने नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया और नागरिकों को यह प्रेरणादायक संदेश दिया कि स्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्र यही है भारत का सच्चा विकास। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत, एकता में ही शक्ति है।


भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सख्या 2025/आरएस(डब्ल्यूटीए)-149/निविदा/565 नई दिल्ली, दिनांक 28.10.2025

मई 2015 की विशिष्टि भारेमा-आर-34 के साथ (i) ड्रॉइंग सं. 1209-01.111-003 ऑल्ट '6' के अनुरूप 3-फेज डब्ल्यूएजी 9 रेल इंजनों (ii) ड्रॉइंग सं. 1209-01.111-070 ऑल्ट '1' के अनुरूप 3-फेज डब्ल्यूएपी 7 रेल इंजनों, और (iii) ड्रॉइंग सं. 1210-01.111-003 ऑल्ट '6' के अनुरूप 3-फेज डब्ल्यूएपी 5 रेल इंजनों के लिए पहियों की खरीद हेतु 12.12.2025 को खोली जाने वाली वैश्विक ई-निविदा सं.: डब्ल्यूटीए-565.

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मई 2015 की विशिष्टि भारेमा-आर-34 के साथ (i) ड्रॉइंग सं. 1209-01.111-003 ऑल्ट '6' के अनुरूप 3-फेज डब्ल्यूएजी 9 रेल इंजनों (ii) ड्रॉइंग सं. 1209-01.111-070 ऑल्ट '1' के अनुरूप 3–फेज डब्ल्यूएपी 7 रेल इंजनों और (iii) ड्रॉइंग सं. 1210-01.111-003 ऑल्ट '6' के अनुरूप 3-फेज डब्ल्यूएपी 5 रेल इंजनों के लिए पहियों की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें। इस निविदा पर कोई भी अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।

निदेशक, रेलवे भंडार (एम)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड), रेल भवन,
रायसीना रोड, नई दिल्ली–110001
दूरभाष संख्या: 011–23073191,
ईमेल आईडी: drsm@rb.railnet.gov.in

3371/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच शुरू की

## इंस्टाग्राम पेज पर कपड़ों की एड डालकर ठगी करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

इंस्टाग्राम पेज पर कपड़ों की एड डालकर ठगी करने के मामले में साईबर पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू किया है। एसजीएम नगर फरीदाबाद निवासी महिला ने पुलिस को शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 1 सितम्बर को जब वह इस्टांग्राम चला रही थी तो उसे एक पेज दिखाई दिया। जिसको देख कर उसने दिए गए गए पर बात की और उसने 2500 रूपये में तीन सूट ऑर्डर किये। जिसके बाद जब उसने ट्रैकिंग आईडी मांगा तो उन्होंने कहा कुछ टैक्नीकल प्रोबल्म आपका ऑर्डर 2-3 दिन में पहुंच जायेगा। उन्होंने कुछ देर बाद कॉल किया और कहा की जो उसने पैमेंट की वह सिस्टम में नही दिखा रहा तो उसे रिपैमेंट करना होगा, जो उसने कर दिया। लेकिन उन्होंने फिर भी ट्रैकिंग आईडी और आर्डर नम्बर नहीं दिया और आर्डर



नम्बर देने के बहाने से उससे अलग-अलग पेमेंट का स्कैनर भेजकर उससे अलग-अलग सर्विस चार्जेज के लिए बहाने बनाकर उससे कुल 47500 रुपए ले लिए। जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद अंश निवासी बजरंग विहार जयपुर, प्रीतम सिंह निवासी राजेन्द्र सुंदर नगर, जयपुर व प्रशांत दिवेदी निवासी गांव रिवाली सवाई माधोपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस चौकी पाली द्वारा जागरूकता कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा ओपी सिंह एवं पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशानुसार प्रभारी पुलिस चौकी पाली व उनकी टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस टीम ने छात्रों को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे समाज में एकता, भाईचारे और देशभक्ति की भावना को मजबूत करें। कार्यक्रम के अंत में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस के साथ मिलकर एकता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम समाज में एकता, जागरूकता और पुलिस-जन सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।


अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू उर्फ रवि उर्फ टकला, पुत्रः राजेश, निवासीः मकान नंबर–53, गली नंबर–36, कुशक नंबर–1 कादीपुर, दिल्ली** ने **FIR No.: 841/2021, U/s: 356/379/34 IPC, पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू उर्फ रवि उर्फ टकला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू उर्फ रवि उर्फ टकला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अभियुक्त **सोनू उर्फ रवि उर्फ टकला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 01.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंह
जेएमएफसी–09, केंद्रीय जिला, कमरा संख्या 286,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14630/N/2025



अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू, पुत्रः मोहम्मद अलाउद्दीन, निवासीः जे–35, जखीरा इंद्रलोक, दिल्ली** ने **FIR No.: 116/25, U/s:115(2)/61(1)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अभियुक्त **राजू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मनुज कौशल
एलडी जेएमएफसी–04, केंद्रीय, कमरा नंबर 37,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14582/N/2025





## एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में दर्ज, सबसे ज्यादा विवेक विहार में 415 गंभीर हालत

# दिल्ली की हवा हुई बहुत खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में लगातार वायु प्रदूषण का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार गुरुवार को दिल्ली में सुबह 7 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 354 अंक दर्ज हुआ जो बहुत खराब श्रेणी में माना जाता हैं। जबकि यमुनापार के विवेक विहार क्षेत्र में प्रदूषण सबसे ज्यादा 415 एक्यूआई के साथ गंभीर श्रेणी में दर्ज हुआ। वहीं दिल्ली के अधिकांश क्षेत्रों में इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से ऊपर और 400 के बीच बना रहा।

पर्यावरण वैज्ञानिकों व जानकारों का अनुमान है कि अभी आने वाले दिनों में यह ग्राफ और ऊपर जाने वाला है। बेशक दिवाली को बीते 10 दिन हो चुके है, लेकिन प्रदूषण कम होने की बजाए बढ़ रहा है। पर्यावरण विभाग के अनुसार बाहरी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 366 दर्ज हुआ।

जबकि आनंद विहार 409, अशोक विहार में 385, आया नगर में 322, बवाना में 382, बुराड़ी क्रॉसिंग 366, सीआरआरआई मथुरा रोड़ 332, डीटीयू 259, करणी सिंह शूटिंग रेंज 350, द्वारका सेक्टर 8 में 367, आईजीआई एयरपोर्ट (टी 3) 316, दिलशाद गार्डन 363, आईटी ओ 365, जहाँगीरपुरी 385, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम 356, लोधी रोड, दिल्ली आईआईएमटी 276, लोधी रोड दिल्ली आईएमडी 325, मंदिर मार्ग 348, मुंडका 362, नजफगढ़ 336, नरेला 365, नेहरू नगर 368, नॉर्थ कैंपस 353, ओखला फेज-2 में 353, पटपड़गंज 382, पंजाबी बाग 367, पूसा 350, आर के पुरम में 370, रोहिणी 385, शादीपुर 283, सिरीफोर्ट 377, सोनिया विहार 373, श्री अरबिंदो मार्ग 263 और वज़ीरपुर 394 एक्यूआई दर्ज हुआ। विभाग का अनुमान है कि अभी अगले तीन चार दिन ऐसे ही वायु प्रदूषण दिल्ली को परेशान करता रहेगा।

# अब विश्वस्तरीय मानकों के साथ काम करेगा दिल्ली जल बोर्डः प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड अब विश्वस्तरीय मानकों के साथ काम करेगा। केपीएमजी को प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) नियुक्त कर हमने यह सुनिश्चित किया है कि हर खर्चीले रुपये की पारदर्शिता और हर बूँद की जवाबदेही तय हो। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने गुरूवार को इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चाहे एसटीपी की कार्यक्षमता हो, टैंकर संचालन हो या बिलिंग सुधार, अब हर प्रक्रिया विशेषज्ञों की निगरानी में होगी। मंत्री प्रवेश ने कहा कि यह सुधार दिल्ली सरकार की स्वच्छ प्रशासन और प्रभावी जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

सरकार से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रतिष्ठित परामर्श कंपनी केपीएमजी को अपना प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) नियुक्त किया है। यह यूनिट अब जल बोर्ड के सभी प्रोजेक्ट्स जैसे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), टैंकर संचालन प्रणाली और बिलिंग सुधार (जिसमें लेट पेमेंट सरचार्ज - एलपीएससी भी शामिल है) की निगरानी और मूल्यांकन करेगी। मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि इस पहल के साथ, दिल्ली जल बोर्ड एक तकनीकी रूप से सशक्त, वित्तीय रूप से अनुशासित और नागरिक केन्द्रित संस्था बनने की दिशा में निर्णायक कदम उठा चुका है, जो देशभर में शहरी जल प्रबंधन के लिए नए मानक स्थापित करेगा।

### रियल टाइम रिपोर्टिंग से ट्रैक की जाएगी परियोजनाएं

मंत्री प्रवेश ने बताया कि केपीएमजी के साथ साझेदारी से जल बोर्ड के सभी परियोजनाएं अब डेटा आधारित मूल्यांकन, स्वतंत्र ऑडिट और रियल टाइम रिपोर्टिंग सिस्टम के माध्यम से ट्रैक की जाएगी। इस कदम से परियोजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, समयबद्धता और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित होगा। पीएमयू, जल बोर्ड के इंजीनियरों, ठेकेदारों और प्रशासनिक इकाइयों के साथ मिलकर टेंडर से लेकर परियोजना पूरी होने तक की हर प्रक्रिया की निगरानी करेगा। एसटीपी की क्षमता और कार्यप्रणाली से लेकर टैंकर की डिस्पैच और डिलीवरी व्यवस्था तक, हर स्तर पर संचालन और वित्तीय अनुशासन दोनों को मजबूत किया जाएगा।

## कांग्रेस ने 12 वार्ड पर निगम उपचुनाव संबंधित उम्मीदवारों के चयन को लेकर की अहम बैठक


**नई दिल्ली।** दिल्ली में रिक्त पड़े 12 नगर निगम वार्डों के प्रस्तावित उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने गुरुवार को एक अहम बैठक बुलाई जिसमें उपचुनाव में उतारे जाने वाले उम्मीदवारों को लेकर गहन चर्चा हुई। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में बुलाई इस बैठक में यादव के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार, पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमेन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज सहित सभी जिला अध्यक्ष, लोकसभा एवं जिला आब्र्जवर, संभावित उम्मीदवार व पूर्व प्रत्याशी आदि मौजूद थे। इस बारे में देवेंद्र यादव ने कहा कि निगम उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी से तैयार है। उन्होंने दावा किया कि उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार भारी मतों से जीत दर्ज करने वाले होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले नौ महीनों में भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही और लोग अब बदलाव चाहते हैं। बैठक में मौजूद अधिकांश लोगों ने कहा कि दिल्ली भर में भाजपा विरोधी माहौल पनप रहा है और कांग्रेस निगम उपचुनाव को बड़े अंतर से जीतने का बेहतर मौका है।

## एनओसी आवेदन पर लगाई गई एक साल की समय सीमा को सरकार ने हटाया : डॉ पंकज

नई दिल्ली। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने गुरूवार को दिल्ली के लाखों वाहन मालिकों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण में कमी लाने के उद्देश्य से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने अहम फैसला लेते हुए एंड ऑफ लाइफ वाहनों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) आवेदन पर लगाई गई एक साल की समय सीमा को समाप्त कर दिया गया है। परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि एनओसी नियमों में ढील मिलने से राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर घटने के साथ सड़कों पर लगने वाला ट्रैफिक जाम कम होगा। दिल्ली में 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाली गाड़ियों को अब दूसरे राज्यों में पुनः पंजीकरण के लिए एनओसी प्राप्त करने की सुविधा होगी, जिससे लाखों वाहन मालिकों को बड़ी राहत मिलेगी। परिवहन मंत्री पंकज ने कहा कि यह निर्णय दिल्ली की जनता की सुविधा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी दोनों के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## निगम के अस्पतालों से दवाईयां गायब, गरीबों को नहीं मिल पा रहा इलाज : मुकेश गोयल

नई दिल्ली। पिछले कई महीनों से दिल्ली नगर निगम के स्वामी दयानंद अस्पताल सहित सभी अस्पतालों और डिस्पेंसरीज में मरीजों को जरूरी दवाईयां नहीं मिल रही हैं। वहीं, एमसीडी के सबसे बड़े हिंदूराव अस्पताल में कर्मियों की कमी की वजह से मरीजों के तीमारदारों को स्ट्रेचर तक खुद ढोने पड़ रहे हैं। गुरूवार को निगम मुख्यालय में स्वास्थ्य समिति की बैठक के दौरान इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के नेता और दिल्ली नगर निगम में वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने यह मामला उठाया। उन्होंने एमसीडी के अस्पतालों में दवाईयों और चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की भारी कमी पर चिंता जताई है। गोयल ने कहा कि एमसीडी के अस्पतालों में गरीब तबके के लोग जाते हैं। परंतु एमसीडी अधिकारियों के गैरजिम्मेदाराना रवैये की वजह से मरीजों और उनके तीमारदारों को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जरूरी दवाइयां भी पिछले तीन महीने से खत्म है। मुकेश गोयल ने महापौर राजा इकबाल सिंह, निगम आयुक्त अश्विनी कुमार और स्वास्थ्य समिति के चेयरमैन मनीष चड्ढा से मांग की कि दिल्ली के गरीब और सामान्य वर्ग के नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना एमसीडी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एमसीडी के अस्पतालों के लिए तुरंत दवाइयों की खरीदारी की जाए और अस्पतालों में चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की कमी को दूर करने के लिए तुरंत कांट्रेक्ट के कर्मियों की भर्ती की जानी चाहिए।



रोचक / शिखर चंद जैन

# बच्चों के मन को भाती प्यारी-अनोखी डॉल्स

बच्चो, तुम सभी को डॉल्स यानी गुड़ियों से खेलने में बहुत मजा आता होगा, है न! तुम ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले बच्चे भी डॉल्स के संग खेलना पसंद करते हैं। जानो, देश-दुनिया में फेमस कुछ प्यारी-अनोखी डॉल्स के बारे में।

## अमेरिका की बार्बी डॉल्स

बार्बी डॉल को अमेरिका की बिजनेस वूमेन रूथ हैंडलर ने 1959 में तैयार किया था। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से प्रेरित थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच लोकप्रिय होने लगी। आज बार्बी डॉल केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया भर के अनेक देशों में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल मानी जाती है। *



## कर्नाटक की चन्नापटना डॉल्स



**चन्नापटना खिलौने,** लकड़ी से बनने वाले खिलौने और गुड़िया का एक विशेष रूप है, जो कर्नाटक के रामनगर जिले के चन्नापटना शहर में निर्मित किए जाते हैं। चन्नापटना को गोम्बेगाला ऊरू यानी खिलौनों के शहर के नाम से भी जाना जाता है। इन लकड़ी के खिलौनों को चन्नापटना में लाने का श्रेय मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को दिया जाता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को लकड़ी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए फारस से कलाकारों को आमंत्रित किया था, जिससे इस उद्योग को स्थानीय स्तर पर फलने-फूलने में मदद मिली। चन्नापटना खिलौने पूरी तरह रसायन मुक्त यानी केमिकल फ्री होते हैं। इन्हें सब्जियों और पौधों से निकाले गए जैविक रंगों और प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है। आजकल इन्हें बनाने में चंदन और आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इनका आकार अधिकतर गोल और कुंद किनारों वाले घनाकार होता है, इसलिए ये बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं। चन्नापटना ट्वॉयज को जीआई टैग प्राप्त है। *



## जापान की दारुमा डॉल्स

**दारुमा, एक** पारंपरिक गोल, खोखली डॉल है। यह लचीलेपन, सौभाग्य और आध्यात्मिक एकाग्रता का प्रतीक है। आमतौर पर इनका रंग लाल होता है, लेकिन इसके डिजाइन अलग-अलग होते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसकी आंखों में पुतलियां (प्यूपिल्स) नहीं होतीं। लोग इस डॉल से अपनी विश मांगते हैं, जब उनकी विश पूरी हो जाती है तो वे इसकी आंखों में कलर भरते हैं और इसकी पुतलियां बनाते हैं। यह डॉल सफलता तक हार न मानने के लिए प्रचलित एक जापानी मुहावरे 'सात बार गिरती है, आठ बार उठती है' का प्रतीक है। इस डॉल को अगर तुम गिराओगे, तो यह गिरने के बाद फिर से सीधी खड़ी हो जाती है। जापान में नए साल की शुरुआत में लोग दारुमा डॉल्स खरीदते हैं। इसकी एक पुतली पर रंग भरते हुए अपनी कोई इच्छा (विश) मांगते हैं। जब वह इच्छा पूरी हो जाती है, तो गुड़िया की दूसरी पुतली पर भी रंग भर दिया जाता है। इस डॉल को जापान में 'लकी चार्म' माना जाता है। *

## आंध्र प्रदेश की कोंडापल्ली डॉल्स

**कोंडापल्ली खिलौने** या कोंडापल्ली डॉल्स का इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। 16वीं शताब्दी में जब आर्य क्षत्रियों का समुदाय राजस्थान से कोंडापल्ली आया था तो वे अपने साथ खिलौने बनाने की कला भी लाए। पौराणिक मान्यता है कि उन्हें इसे बनाने का कौशल भगवान शिव ने सिखाया था। मंदिरों में इन खिलौनों को कोंडापल्ली बमालू कहा जाता है। ये खिलौने ग्रामीण भारत और हिंदू देवताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये खिलौने टेला पोनिकी (सफेद चंदन की लकड़ी) के बने होते हैं। कोंडापल्ली गुड़िया या खिलौने को बड़ी खूबसूरती से तराशा और रंगा जाता है। अंतिम चरण में इसे अलसी के तेल में डाला जाता है, जिससे यह पानी से खराब नहीं होती। कोंडापल्ली डॉल के एक सेट में 24 डॉल्स मौजूद होती हैं। ये डॉल्स ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों, जैसे- मछुआरे, पुजारी, जनजातीय लोग, किसान, संगीतकार आदि का चित्रण करती हैं। कई बार इन डॉल्स को कुछ इस तरह बनाया जाता है कि इसके टुकड़े जैसे- शरीर, सिर, कान, सूंड़ और पूंछ आदि अलग-अलग बने होते हैं और फिर उन्हें सोने के तार से जोड़ा जाता है। कोंडापल्ली डॉल्स, आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। कोंडापल्ली डॉल्स आंध्र प्रदेश के जीआई टैग हस्तशिल्प के रूप में भी पंजीकृत हैं। *



बच्चो, हनी बेजर इतना बुद्धिमान, बेखौफ और जुझारू एनिमल है कि जंगल का राजा शेर भी आमतौर पर इससे नहीं टकराता! आकार में छोटे, लेकिन साहस, बुद्धि और ताकत से भरपूर इस अनोखे जंतु के बारे में जानो कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

# बुद्धिमान-साहसी-निडर हनी बेजर

अनोखा जंतु

रेखा शाह आरबी



बच्चो, जंगल में एक से एक आक्रामक, शिकारी और जहरीले जीव-जंतु निवास करते हैं। जंगलों में ही पाया जाने वाला हनी बेजर कई सारी खूबियों से युक्त एक लड़ाका (फाइटर) और बेखौफ जानवर है।

**नहीं डरता किसी से:** हनी बेजर एक निडर शिकारी जानवर है। जंगल का कोई भी जानवर, चाहे वो कितना भी विशाल, शक्तिशाली या जहरीला क्यों न हो, अगर इससे टकराए, तो यह पलटकर जोरदार वार करता है। यह इतना शक्तिशाली होता है कि कछुए के मजबूत खोल को अपने जबड़े से चीर-फाड़ देता है। यह अपनी मोटी खाल, नुकीले दांत और शक्तिशाली लंबे पंजे के बल पर अपने दुश्मनों को तगड़ी चुनौती देने की ताकत रखता है। आमतौर पर शेर भी हनी बेजर का शिकार नहीं करता, क्योंकि यह देर तक शेर का सामना करने की हिम्मत और ताकत रखता है।

**निवास-शारीरिक बनावट और जीवन काल:** हनी बेजर का वैज्ञानिक नाम 'मेलिवोरा कैपेंसिस' है। यह भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण पश्चिम-एशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में इसे 'बिज्जु' भी कहा जाता है। अपने देश में यह मुख्य रूप से उत्तर भारत के तालाब, नदियों के कगारों पर 25-30 फुट लंबी मांद बनाकर रहता है।

शारीरिक बनावट की बात करें, तो हनी बैजर के शरीर का ऊपरी भाग भूरा, बगल और पेट काला, माथे पर सफेद चौड़ी धारी होती है। इसकी त्वचा बहुत अधिक मोटी (गैंडा, जिराफ, भैंस जैसे जानवरों से भी अधिक मोटी) होती है। इसके पैरों में 5 मजबूत नाखून होते हैं, जो इसे जमीन खोदने में और मांद बनाने में मदद करते हैं। आमतौर पर वयस्क नर हनी बेजर का वजन 9 से 16 किलोग्राम और मादा हनी बेजर का वजन 5 से 10 किलोग्राम होता है। इसकी अनुकूलन क्षमता इसे अलग-अलग और कठोर परिस्थितियों में भी जीवित रहने में सक्षम बनाती है। हनी बेजर लगभग 24 वर्षों तक जीवित रहता है।

हनी बेजर बहुत बुद्धिमान भी होता है। यह शतुरमुर्ग के अंडों को तोड़ने के लिए पत्थरों का इस्तेमाल करता है। यह दीमक के टीलों पर जाकर लकड़ियां ठोकने के लिए भी पत्थर का इस्तेमाल करता है। *

### बुद्धिमान और माहिर शिकारी

हनी बेजर मूल रूप से सांप, बिच्छू, पक्षी, कीड़े, छोटे स्तनधारी, वनस्पति और फल खाता है। हनी बेजर मुश्किल से मुश्किल हालातों में भी भोजन ढूंढ़ने में माहिर होता है। यह दबे हुए शिकार को खोदकर निकाल लेता है। शहद और लार्वा के लिए मधुमक्खियों के छत्ते पर धावा बोल देता है। शिकार कौशल के अलावा यह भागने में भी माहिर होता है। जरूरत पड़ने पर पेड़ों पर चढ़ सकता है। पानी में तैर भी सकता है। मतलब कि यह हर सिचुएशन के हिसाब से अपने आप को ढाल लेता है।

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## गौरैया



अच्छी लगती है गौरैया,
चीं-चीं की यह तेरी धुन!
तिनका-तिनका जोड़ सुहाना
नीड़ बना लेती कैसे?
नन्हा-मुन्ना घर बनने में,
लगते नहीं तनिक पैसे।
मुझे सिखा दे यही कला तू
मेरी इतनी विनती सुन!
सूरज के उगने से पहले,
नींद तुम्हारी खुल जाती।
मीठी-मीठी हवा बहे तो,
काया तेरी धुल जाती।
बैठ डाल पर चुपके-चुपके,
नई सुबह के सपने बुन!
यहां-वहां से, कहां-कहां से,
लाती है तू चुन-चुन के।
लाकर रोज खिलाती है तू
बच्चों को दाने-दुनके।
मुझे बहुत अच्छा लगता यह
तेरा मेहनत वाला गुन!

## हंसगुल्ले



**मोनू :** इस बार दिवाली पर मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो वो सीधा आकाश से जा टकराया।
**सोनू (हैरानी से) :** अरे! फिर क्या हुआ?
**मोनू :** फिर क्या, आकाश की मम्मी ने मुझे खूब डांटा और मेरी मम्मी से भी मेरी शिकायत कर दी।

-संभव, रायपुर

**चिंटू :** अगर आलू किसी की हेल्प करे तो उसे क्या कहेंगे?
**मिंटू :** क्या कहेंगे?
**चिंटू :** दयालु।

-पलक, बिलासपुर

**सोनू :** ऐसी कौन-सी चाय है, जिसे पीने के बाद बहुत बुरा लगता है?
**मोनू (देर तक सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**सोनू :** गिल्टी।

-कोमल, दुर्ग

## जीके क्विज-177

1. किस विश्वप्रसिद्ध फुटबॉलर को साल 2025 का गोल्डन बूट अवार्ड मिला?
2. हाल ही में कहां दीपावली के अवसर पर 26 लाख से भी अधिक दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया?
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को किस दिवस के रूप में मनाते हैं?
4. पिछले दिनों किस तिथि को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया?
5. विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस राज्य में आयोजित होता है?
6. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन बने थे?
8. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
9. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?
10. प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास 'गोदान' के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-177 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-176 का उत्तर :** 1.मारिया कोरिना मचाडो, 2.ज्ञानेश कुमार, 3.संयुक्त राज्य अमेरिका, 4.न्यूटन, 5.शतरंज, 6.विटामिन ए, 7.दुग्ध उत्पादन, 8.इंदिरा प्वॉइंट, 9.अरुणाचल प्रदेश, 10.लैक्टोमीटर

**जीके क्विज-176 का सही उत्तर देने वाले :** तनिष्क-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, आद्या-उमरिया, अविनाश-ईमेल से, रमेश-बैकुंठपुर, रजनी-बलरामपुर, श्रद्धा-ईमेल से, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर



कहानी

क्षमा शर्मा

नन्हे अंतरिक्ष ने इतनी जोरों से किक मारी कि उसकी फुटबॉल ना जाने कहां गायब हो गई। दादाजी ने कहा कि लगता है स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है। यह सुनकर भोले-भाले अंतरिक्ष ने भी फुटबॉल पर बैठकर स्पेस पर जाने की सोची। स्वयं ही नहीं, घर के और लोगों को भी स्पेस पर ले जाने की सोची। लेकिन अंतरिक्ष की फुटबॉल गई कहां, क्या वह उसे मिली? पढ़ो, बहुत मजेदार कहानी।

# अंतरिक्ष की फुटबॉल



अंतरिक्ष के बड़े से बगीचे में तरह-तरह के गुलाब, लाल-पीले गेंदे और गुड़हल के गुलाबी फूल खिले हुए थे। बगीचे में हरी-हरी घास थी। शाम के समय कभी पापा, कभी बुआ, कभी मम्मा के साथ अंतरिक्ष टेनिस, बैडमिंटन या फुटबॉल खेलता था। टीवी पर फुटबॉल खिलाड़ियों को देख वैसे ही करतब करने की कोशिश करता। वह अकसर अपने दादाजी से बोलता, 'मैं रोनाल्डो बनूंगा, ऐसे गोल मारूंगा।' कहकर वह अपनी फुटबॉल की तरफ दौड़ता और जोर से किक जमाता। फुटबॉल कभी ऊपर टेरेस पर गिरती, कभी नीम के पेड़ में उलझ जाती। एक रात जब आसमान में पूरा चांद उगा था, अंतरिक्ष ने खेल-खेल में फुटबॉल उछाली, तो वह कहीं अटक गई। उसने फुटबॉल खोजने की कोशिश की लेकिन नहीं मिली।

'कहां गई?' अंतरिक्ष ने मम्मा से पूछा। वह बोलीं, 'कहां गई होगी, बाहर चली गई होगी। अब सवेरे जाकर खोजना।'

बुआ ने कहा, 'क्या पता आसमान में जो एक बड़ा पक्षी उड़ता हुआ दिख रहा था, वही उसे अपनी चोंच में दबाकर उड़ गया हो।'

दादाजी बोले, 'अरे वो पक्षी नहीं, वो जो तीन खरगोश बगीचे में घूमते हैं, हो सकता है, उनमें से कोई उसे मुंह में दबाकर भाग गया हो। अपने बच्चों और दोस्तों के साथ खेल रहा हो।' पापा ने बहुत अलग बात कही, 'मुझे तो लगता है, इसकी फुटबॉल स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है।'

'स्पेसशिप..!' अंतरिक्ष मुस्कराया फिर कुछ सोचता हुआ बोला, 'अगर मैं उस पर बैठा होता तो मैं भी चांद पर चला जाता।' उसकी बात सुन पापा हंसे। 'ठीक है, मैं अपनी दूसरी फुटबॉल लाता हूं। वह भी स्पेसशिप बन जाएगी। मैं दादाजी के साथ उस पर बैठकर चांद पर जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने चहकते हुए कहा। 'फिर वहां क्या करोगे?' पापा ने पूछा। 'दादाजी से मैथ्स पढ़ूंगा। होमवर्क भी कर लूंगा। सुना है चांद पर आइसक्रीम के पहाड़ हैं। खूब आइसक्रीम भी खाऊंगा। आपके लिए भी ले आऊंगा।' अंतरिक्ष ने मजे से जवाब दिया। 'और जब नींद आएगी तो..?' दादी ने पूछा। 'नींद आएगी तो सो जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने झट से जवाब दिया। 'मगर कैसे सोओगे। तुम्हें तो तब तक नींद ही नहीं आती, जब तक अपने बिस्तर पर न सोओ। और मम्मा तुम्हें कोई कहानी न सुनाए।' दादी बोलीं। अंतरिक्ष तुरंत बोला, 'वहां मेरे दादाजी होंगे न। वो कहानी सुना देंगे।' अंतरिक्ष एक पल रुककर यह भी बोला, 'मेरे साथ मम्मा, पापा, दादी, मेरी बुआ सब साथ चलेंगे। पूरी छुट्टियां हम वहीं रहेंगे।' 'जितना बड़ा तू, उससे छोटी तेरी फुटबॉल। उसमें बैठकर कौन-कौन जाएगा? उसके लिए तो असली वाला स्पेसशिप लाना पड़ेगा। लेकिन कहां मिलेगा स्पेसशिप?' दादाजी ने पूछा।

'पापा दिलवा देंगे मुझे। मैं उसे चलाना भी सीख लूंगा।' अंतरिक्ष बोला। तभी बगीचे में खड़-खड़ सुनाई दी। देखा कि एक खरगोश गमले में लगी गोभी को खाने के लिए चढ़ा था। उसने दूसरा गमला गिरा दिया। गमला टूट गया था। सारी मिट्टी बिखर गई। 'दादाजी खरगोश!' अंतरिक्ष चिल्लाया। दादाजी बाहर आए और जोर-जोर से खरगोश को डांटते हुए पूछने लगे, 'क्यों भई, अंतरिक्ष की फुटबॉल कहां छिपाकर आए हो? जल्दी वापस लाओ। तुम्हें मालूम नहीं, उसे अपनी फुटबॉल से स्पेसशिप बनाना है और चांद पर जाना है।' कहते हुए दादाजी खरगोश की तरफ बढ़े, तो वह भागकर गमले के पीछे छिप गया और मौका पाते ही गायब हो गया। दादाजी बोले, 'देखो तुम्हारी फुटबॉल लेने गया है। अभी दे जाएगा।' 'लेकिन वह तो चांद पर चली गई।' अंतरिक्ष ने अपनी गोल गोल आंखें घुमाईं। 'क्या पता न गई हो। इसके पास हो। नहीं लाया, तो हो सकता है, जो तुम कह रहे हो वही ठीक हो।' दादाजी को अंतरिक्ष से फुटबॉल की बातें करते बहुत मजा आ रहा था। 'अंतरिक्ष आकर दूध पियो। सोने का समय हो गया। सबेरे टेनिस खेलने जाना है।' मम्मा कह रही थीं।

पापा उसके लिए दूध ले आए। अपने कमरे की तरफ बढ़ते हुए अंतरिक्ष रह-रह कर चांद को देख रहा था। उसे लग रहा था कि गोल चांद ही कहीं उसकी फुटबॉल तो नहीं। वह सोते वक्त बार-बार मम्मा से यही पूछ रहा था, 'अगर फुटबॉल चांद बन गई है, तो वह पीली कैसे हो गई? वह तो लाल थी और इतनी चमक क्यों रही है?' अंतरिक्ष के सोने के बाद दादाजी बाहर गए तो पड़ोस की सिंधु आंटी पेड़ों के बीच से झांकती हुई बोलीं, 'अरे, यह अंतरिक्ष की फुटबॉल हमारे ड्रम में आकर गिर गई थी। अभी पानी निकालने लगे तो दिखाई दी।' पापा ने उसे अंतरिक्ष की कुर्सी पर रख दिया। दादी बोलीं, 'सबेरे उठेगा तो पूछेगा कहां से आई?' 'कह देंगे कि चांद आकर दे गया। कह गया है कि एक रात वह अंतरिक्ष को खुद आकर ले जाएगा।' बुआ ने हंसते हुए धीरे से कहा। रात बहुत हो गई थी। अंतरिक्ष भी मीठे सपनों में खोया था। वह हाथ-पांव फेंक रहा था, जैसे कि फुटबॉल के पीछे दौड़ रहा हो। *

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



एआई इमेज

## हम अच्छे इंसान बनें

बनना है तो चांद बनें,
शीतलता बिखरा दें हम ।
बनना है तो पवन बनें,
घर-घर मस्ती ला दें हम।
बनना है तो धूप बनें,
सबमें गरमाहट भर दें।
बनना है तो मेघ बनें,
धरती पर बारिश कर दें।
बनना है तो फूल बनें,
सभी ओर खुशबू बिखरे।
बनना है तो रूप बनें,
जो हर रोज नया निखरे।
अगर चाहते हैं दुनिया में,
हम भी बड़े-महान बनें।
उसकी पहली शर्त यही है,
हम अच्छे इंसान बनें।

## रंग भरो-188

**रंग भरो-188** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**मयंक, गुना**



तमन्ना, कोरबा



ईशान, ईमेल से



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आस्तिका, चांपा



आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अनिकेत-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, राजन-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कुसुम-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोहम-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राकेश-बालोद, साकेत-हिसार

## रंग भरो 189



बच्चो, यहां एक लड़के और जिराफ का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### लगातार बारिश, धान की फसल प्रभावित

**रांची।** झारखंड में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर दिखना शुरू हो गया है। मंगलवार दोपहर से



राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में भारी बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विशेष रूप से धान की फसल को भारी नुकसान की आशंका है। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के प्रभाव से झारखंड के सभी जिलों में झमाझम बारिश हो रही है।

### ट्रेलर और कार की टक्कर में एक की मौत

**कानपुर।** बखिरा थानाक्षेत्र के हरदी के पास बृहस्पतिवार की शाम को एक कार और ट्रेलर में टक्कर हो



गयी। इस टक्कर में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार अन्य लोग बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उनको मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

### युवक को बदमाशों ने मारी गोली, मौत

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के शिवनंदनपुर चौक पर छठ घाट से



लौटे जूटमिल कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि गांव के ही बदमाश ने चार साथियों के साथ मिलकर उस पर पांच गोलियां दाग दीं। घटना के बाद ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने घायल आरोपी को हिरासत में लेकर अस्पताल भेज दिया है। सहनी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर सदर अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया।

# रामनगरी अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा शुरू, उमड़े लाखों श्रद्धालु, वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगी

एजेंसी ⏭ अयोध्या

हनुमत संस्कृत महाविद्यालय के सेवानिवृत्त आचार्य हरफूल शास्त्री बताते हैं कि शास्त्रों में अलग-अलग परिक्रमा का विधान है।

मंदिरों में अंतरगृही परिक्रमा तो होती ही है। अयोध्या धाम की परम्परा में 14 कोसी परिक्रमा के अतिरिक्त प्रत्येक एकादशी को भी संत साधक रामनगरी की परिक्रमा करते हैं। कार्तिक शुक्ल एकादशी जिसे देवोत्थानी एकादशी कहा जाता है को लाखों की संख्या में इस पंचकोसी परिक्रमा में हिस्सा लेते हैं। इसी तरह से 84 कोसी परिक्रमा भी बैसाख कृष्ण प्रतिपदा से शुरू होकर बैसाख शुक्ल नवमी यानी जानकी नवमी तक होती है। यह परिक्रमा मखौड़ा धाम से शुरू होकर अयोध्या के सीता कुंड में विराम लेती है। विभिन्न पड़ावों से गुजरते हुए परिक्रमार्थी करीब 23 दिनों में परिक्रमा पूरी करते हैं।रामनगरी अयोध्या का बहुप्रतीक्षित कार्तिक परिक्रमा व पूर्णिमा स्नान मेला मध्यरात्रि के बाद 14 कोसी परिक्रमा के साथ शुरू हो गया।

पंचांग के अनुसार नवमी तिथि 29/30 अक्तूबर को भोर में 4.51 बजे शुरू होकर 30 अक्तूबर 30/31 अक्तूबर को भोर में 4.41 मिनट तक रहेगी। ऐसी स्थिति में यह परिक्रमा गुरुवार को पूरे दिन चलेगी। 14



कोसी अर्थात करीब 50 किमी की परिधि में चलने वाली इस परिक्रमा में करीब 8 से 10 घंटे का समय लगता है।

यही कारण है कि अधिकांश परिक्रमार्थी रात में मुहूर्त से पहले परिक्रमा की शुरुआत कर देते हैं और नवमी के मुहूर्त में उनकी परिक्रमा पूरी हो जाती है। वहीं वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। परिक्रमा शुरू होने के पहले पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से विभिन्न माध्यमों ट्रेन, बस व निजी एवं प्राइवेट संसाधनों से यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां सरयू के पुण्य सलिल में डुबकी लगाई। इसके उपरांत नागेश्वर नाथ मंदिर व हनुमानगढ़ी एवं कनक भवन सहित राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके उपरांत अपने -अपने गुरुधामो में जाकर गुरुदेव का आर्शीवाद लिया। पुनः अपने संकल्प की पूर्ति के लिए रात्रि में निकल पड़े। नंगे पांव उमड़े श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस परिक्रमा में सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु बाल-वृद्ध व सभी नर-नारी शामिल थे। इसके पहले परिक्रमा में उमड़ी भारी भीड़ को ध्यान में रखकर यातायात प्रतिबंधो को लागू कर दिया गया है। वहीं परिक्रमा पथ पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए फोर्स को तैनात करने के साथ सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे से निगरानी भी की जा रही है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# लखनऊ का 'नौसेना शौर्य संग्रहालय', भारतीय नौसेना की अदम्य वीरता का जीवंत प्रतीक होगा

एजेंसी ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ का 'नौसेना शौर्य संग्रहालय' भारतीय नौसेना की अदम्य वीरता और सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक होगा। यह संग्रहालय भारत की समुद्री आत्मा और सभ्यता की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित 'नौसेना शौर्य संग्रहालय' की प्रस्तुति का अवलोकन करते हुए इसके शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारतीय नौसेना की अदम्य शौर्यगाथाओं और हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समुद्र भारत की सभ्यता का मंथन स्थल रहा है और भारतीय नौसेना उस गौरवशाली परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। लखनऊ का यह संग्रहालय उसी परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

बैठक में बताया गया कि संग्रहालय का स्वरूप एक जहाज के अमूर्त रूप में होगा। जहाज की रेलिंग, पोर्थोल जैसी खिड़कियां, नौसैनिक वास्तुकला और समुद्री प्रतीकों के साथ इसे विशिष्ट पहचान दी जाने की योजना है। परिसर में इंटरप्रिटेशन सेंटर, सेंट्रल डेक, ओपन एयर मेमोरियल, थीमैटिक वॉकवे, प्रदर्शनी गैलरी, फाउंटेन और लाइट-एंड-साउंड एरिना शामिल होंगे। डिजाइन को ऊर्जा-संवेदनशील रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी, वेंटिलेशन और हरित निर्माण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संग्रहालय को केवल देखने योग्य नहीं बल्कि 'अनुभव का केंद्र' बनाया जाए, जहां दर्शक इतिहास को महसूस कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि डिस्प्ले में डिजिटल, इंटरएक्टिव और इमर्सिव तकनीकों का प्रयोग हो ताकि लोग नौसेना के अभियान, युद्ध और तकनीकी प्रगति को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि नौसेना संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

*समुद्र भारत की सभ्यता का मंथन स्थल रहा है*

*शिवाजी महाराज के बारे में जानकारी देंगे*



### दो हिस्सों में विकसित हो रही परियोजना

प्रस्तुति में बताया गया कि परियोजना दो प्रमुख हिस्सों में विकसित हो रही है। पहली-'आईएनएस गोमती शौर्य स्मारक' और दूसरी-'नौसेना शौर्य वाटिका'। बताया गया कि 'आईएनएस गोमती (एफ-21)' गोदावरी श्रेणी का स्वदेशी मिसाइल फ्रिगेट है जिसने 34 वर्षों तक भारतीय नौसेना में सेवा दी और 'ऑपरेशन कैक्टस', 'ऑपरेशन पराक्रम' जैसे अभियानों में भाग लिया। इसे संरक्षित कर संग्रहालय परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि नागरिक और युवा उसकी बहादुरी की कहानी को प्रत्यक्ष देख सकें।

### जहाज के आकार में बनेगा संग्रहालय

बैठक में जानकारी दी गई कि संग्रहालय का डिज़ाइन एक जहाज के अमूर्त रूप में होगा। इसमें जहाज की रेलिंग, पोर्थोल खिड़कियाँ, नौसैनिक वास्तुकला और समुद्री प्रतीकों का प्रयोग किया जाएगा। परिसर में इंटरप्रिटेशन सेंटर, सेंट्रल डेक, ओपन एयर मेमोरियल, थीमैटिक वॉकवे, प्रदर्शनी गैलरी, फाउंटेन और लाइट-एंड-साउंड एरिना जैसी आकर्षक सुविधाएँ होंगी। डिज़ाइन को ऊर्जा-संवेदनशील रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी, वेंटिलेशन और हरित निर्माण तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा।

### 'अनुभव का केंद्र' बनेगा नौसेना संग्रहालय

*मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह संग्रहालय केवल देखने योग्य न होकर एक "अनुभव केंद्र" बने, जहाँ दर्शक इतिहास को महसूस कर सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि डिजिटल, इंटरएक्टिव और इमर्सिव तकनीक का प्रयोग किया जाए, जिससे लोग नौसेना के युद्ध, अभियान और तकनीकी प्रगति को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़ी जानकारी भी शामिल की जाए।*

## दिल्ली की मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# जी.बी. पंत अस्पताल के रेज़िडेंट डॉ. अमित कुमार के मानवीय ड्यूटी आवर्स की मांग

डॉ व्यास ने कहा -1992 के ड्यूटी ऑवर्स नियमों का हो सख्त पालन

36 घंटे ड्यूटी व उत्पीड़न पर डीएमए इंडिया की सख्त प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** डेमोक्रेटिक मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए इंडिया) ने जी.बी. पंत अस्पताल के प्रथम वर्ष डीएम (कार्डियोलॉजी) रेज़िडेंट डॉ. अमित कुमार के मामले पर गहरी चिंता व्यक्त की है। इसके लिए डीएमए की तरफ़ से दिल्ली के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिख न्याय की बात की है। इसके हस्ताक्षरकर्ता डॉ. अमित व्यास (राष्ट्रीय अध्यक्ष), डॉ. शुभ प्रताप सोलंकी (राष्ट्रीय महासचिव), डॉ. भानु कुमार (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) एवं डॉ. प्रियांशु शर्मा (राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ सचिव) हैं। डॉ. अमित कुमार को लगातार 36 घंटे की ड्यूटी, नींद की कमी, मानसिक उत्पीड़न और असहनीय कार्य परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने 23 अक्टूबर 2025 को अपना इस्तीफ़ा सौंप दिया। यह स्थिति न केवल मानवीय मूल्यों के विरुद्ध है बल्कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 1992 में जारी "रेज़िडेंसी ड्यूटी ऑवर्स निर्देशों" का स्पष्ट उल्लंघन भी है, जिसमें रेज़िडेंट डॉक्टरों के लिए साप्ताहिक 48 घंटे और अधिकतम 12 घंटे की लगातार ड्यूटी की सीमा तय की गई है। डॉ शुभ एवं डॉ प्रियांशु ने बताया कि नेशनल टास्क फोर्स रिपोर्ट (2024) जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में तैयार की गई थी, ने यह स्पष्ट किया था कि अत्यधिक कार्य घंटे और मानसिक शोषण, डॉक्टरों में मानसिक स्वास्थ्य संकट के प्रमुख कारण हैं। डीएमए का कहना है कि दो अलग-अलग आरटीआई आवेदन (संख्या GBP&H/R/2025/60034 दिनांक 13.09.2025 एवं GBP&H/R/2025/60041 दिनांक 12.10.2025) के बावजूद अस्पताल प्रशासन द्वारा निर्धारित 48 घंटे की समयसीमा में कोई जानकारी नहीं दी गई, जो पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही की गंभीर कमी को दर्शाता है।

### डीएमए इंडिया की मांगें

1. डॉ. अमित कुमार को तुरंत मानवीय कार्य घंटे प्रदान किए जाएं।
2. अस्पताल में कार्यरत सभी रेज़िडेंट डॉक्टरों के लिए 1992 के दिशा-निर्देशों एवं 2024 की राष्ट्रीय टास्क फोर्स की सिफ़ारिशों का सख़्ती से पालन किया जाए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. व्यास ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि डॉक्टरों के शोषण, अत्यधिक कार्यभार और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा जैसी प्रथाएं किसी भी मेडिकल संस्थान में अस्वीकार्य हैं। रेज़िडेंट डॉक्टर स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्हें गरिमा, सम्मान और न्याय मिलना ही चाहिए।

## पेज एक का शेष

### ऑस्ट्रेलिया को हरा...

करते हुए 49.5 ओवर 338 रन बनाए थे। जवाब में भारत के लिए जेमिमा ने शतक लगाया और कप्तान हरमनप्रीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी की जिससे भारत ने 48.3 ओवर में पांच विकेट पर 341 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस टूर्नामेंट में अजेय बनी हुई थी, लेकिन भारतीय टीम ने एलीस हीली की टीम का विजयी अभियान रोक दिया। भारत का अब रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से सामना होगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराया था।

### अब केवल कानूनी पत्नी...

क़ानूनी रूप से वैध पत्नी को ही पेंशन का हक़ दिया जाएगा। साफ़ है की अब एक से अधिक पत्नियों के बीच पेंशन का बंटवारा नहीं किया जाएगा।

### सरदार पटेल सिर्फ ...

जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि अब हर वर्ष 31 अक्टूबर को 'एकता नगर' (केवड़िया, गुजरात) में एक भव्य राष्ट्रीय परेड का आयोजन किया जाएगा, जैसा हर साल गणतंत्र दिवस पर होता है।

### किसानों के फायदे के...

और एफपीओ के माध्यम से किसानों को उत्पादक के साथ ही व्यापारी और उद्यमी बनाने का भी आह्वान किया, ताकि पूरा लाभ सीधे किसानों को मिल सकें।

**किसानों के हितों से समझौता नहीं** : इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने देश के किसान हितों से कोई समझौता नहीं करने के दृढ़ संकल्प साथ ही कहा कि आजीविका के साथ ही देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खेती बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसानों के फायदे के लिए इंटीग्रेटेड फार्मिंग पर हमारा फोकस है। अकेले अनाज से काम नहीं चलेगा, साथ में किसानों की आय बढ़ाने के लिए अन्य संबद्ध कार्य भी करना होंगे। चौहान ने कहा कि कृषि मंत्री के नाते मेरी चिंता है कि किसानों को उनकी कड़ी मेहनत से उगाई गई फसल की अच्छी कीमत मिलें, किसान दिन रात अथक परिश्रम करके अपनी फसल उगाते है, कई बार उन्हें समुचित कीमत नहीं मिलती, वहीं उपभोक्ताओं को अधिक कीमत पर ये खरीदना पड़ता है, इस अंतर को कम करना होगा। हम सीड एक्ट भी जल्दी लाने वाले है, जिसमें प्रावधान होगा कि किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज मिले। शिवराज सिंह ने साफ तौर पर कहा कि नकली और घटिया बीज और पेस्टीसाइड के मामले में सरकार सख्त है, हम कड़ा कानून लाएंगे और हमारे किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

### सीएम नायब सैनी...

(कंक्रीट लाइनिंग) करने की संभावनाएं तलाशें ताकि मिट्टी कटाव और अवरोध की स्थिति न बने। मुख्यमंत्री वीरवार को फतेहाबाद के विश्राम गृह में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां जलभराव की स्थिति अभी बनी हुई है, वहां शीघ्र जल निकासी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान समय पर फसल की बुआई कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि लो-लाइन क्षेत्रों को चिह्नित कर भविष्य के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे आगामी वर्षों में वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। फसल क्षति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश से किसानों की फसल को हुए नुकसान की वेरिफिकेशन तेजी से पूरी की जाए। किसानों द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपलोड किए गए डेटा की भौतिक जांच कर यह सुनिश्चित करें कि वास्तविक किसान को ही मुआवजा मिले। उन्होंने कहा कि सरकार हर किसान को उसकी क्षति का उचित मुआवजा देगी, लेकिन इसके लिए रिपोर्ट सटीक और पारदर्शी होनी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने मंडियों में धान खरीद कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला के सभी किसानों की फसल की खरीद सुनिश्चित की जाए। जिन किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण कराया है, उनकी वेरिफिकेशन हर स्थिति में पूरी की जानी चाहिए।

**चिल्ली झील परियोजना पर समीक्षा** : मुख्यमंत्री ने चिल्ली झील प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त से कहा कि सभी संबंधित विभागों की प्रगति रिपोर्ट उन्हें भेजी जाए। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता की जांच की जाए, और यदि किसी विभाग ने निम्न गुणवत्ता का कार्य किया है, तो सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने भुना क्षेत्र में जल निकासी प्रपोजल की समीक्षा करते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा अग्रसेन चौक से ड्रेन तक तैयार किए गए प्रस्ताव की व्यवहारिकता जांची जाए और जल्द कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पहले से मंजूर प्रोजेक्ट 10 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से रंगोई तक पाइप लाइन बिछाने के प्रपोजल को जल्द से जल्द सिरे चढ़ाया जाए, ताकि बरसाती पानी की समस्या का समाधान हो सके। बैठक में पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, पूर्व विधायक दुडाराम, एससी आयोग चेयरमैन रविंद्र बलियाला, उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, एसपी सिद्धांत जैन, एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम आकाश शर्मा सहित जिला के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भारतीय विवाद निपटान...

**कई नामचीन हस्तियाँ उपस्थित रहेंगी** : इस अवसर पर देश की न्यायपालिका और विधि समुदाय की कई नामचीन हस्तियाँ उपस्थित रहेंगी। इनमें दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति तेजस करिया, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. डी. संजय, सीनियर एडवोकेट अनुराधा दत्त (डीएमडी एडवोकेट्स), बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सह-अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, बॉम्बे लॉ चैम्बर्स के पार्टनर आयुष अग्रवाल, शार्दूल अमरचंद मंगलदास की पार्टनर श्रुति सभरवाल, तथा डीआरएसबी लॉ-चैम्बर्स के फाउंडिंग पार्टनर डॉ. शाश्वत बाजपेयी शामिल हैं।

**कई मुद्दों पर गहन चर्चा होगी** : कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत में संस्थागत आर्बिट्रेशन (इंस्टिट्यूशनल आर्बिट्रेशन) को सुदृढ़ करना और देश को अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक विवाद समाधान (इंटरनेशनल कमर्शियल आर्बिट्रेशन) का केंद्र बनाना है। सम्मेलन में विशेषज्ञ न्यायिक तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने, निवेश विवादों को शीघ्र निपटाने और वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) की भूमिका पर गहन चर्चा करेंगे।

**बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे** : आईडीआरसी के अनुसार, इस कॉन्क्लेव का मकसद न केवल न्याय प्रणाली में आर्बिट्रेशन की भूमिका को बढ़ावा देना है, बल्कि भारत को विवाद समाधान का वैश्विक केंद्र बनाना भी है। सम्मेलन में कानूनविद, न्यायाधीश, अधिवक्ता, कॉर्पोरेट प्रतिनिधि और छात्र बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

### मातृभूमि के अनुयायी....

हिंदू की विस्तृत व्याख्या की गई, जिसमें माना गया कि कर्म, निवास या वर्ण के आधार पर नहीं बल्कि मातृभूमि के सभी अनुयायियों और वंदे मातरम को शिरोधार्य करने वाले सभी हिंदू है। अतः हिंदू सम्मेलनों को संकुचित मानसिक परिधि से बाहर लाने का प्रयास किया जाना चाहिए। बैठक के प्रारंभ में पिछले दिनों में समाज जीवन की दिवंगत हस्तियों व देश के अन्य भागों में प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**कुल 407 कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे** : इस बैठक में संघ के सभी 6 सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, सर्वश्री मुकुंदा, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार व अतुल लिमये सहित अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं सभी 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों के संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक एवं निमंत्रित कार्यकर्ताओं सहित कुल 407 कार्यकर्ता शामिल हैं। बैठक में देश के विभिन्न भागों में आई प्राकृतिक आपदाओं में समाज के सहयोग से स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सेवा कार्यों की भी जानकारी दी गई। बैठक में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान, बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती और वंदेमातरम रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वक्तव्य जारी किए जाएंगे तथा होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा भी होगी।

**नवागत स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण की व्यापक योजना बनेगी** : बैठक में शताब्दी वर्ष पर अब तक हुए सभी आयोजनों पर चिंतन किया गया। संघ से जुड़ने वाले नवागत स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण की व्यापक योजना पर भी बैठक में विचार किया जाएगा। बैठक में बार-बार उद्वेलित होते समाज को सद्भाव बैठकों के माध्यम से व्यक्ति की ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण के लिए उपयोगी बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। प्रमुख- प्रबुद्ध जन गोष्ठी की विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से उनके सकारात्मक विचारों और अनुभव को साझा किया जाएगा। ताकि राष्ट्र निर्माण में हरेक की भूमिका निहित हो सके।

### कानूनों और नीतियों को...

अधिकारियों को 'सेवा' और 'समर्पण' का मंत्र देते हुए, बिरला ने उनसे आग्रह किया कि वे अपने काम को केवल एक दायित्व न मानकर, सच्ची सेवा और समर्पण की भावना से अपना कर्तव्य निभाएं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, समर्पण और देशभक्ति के साथ काम करने वाले अधिकारी जनता का विश्वास और सम्मान पाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करने से अद्वितीय उपलब्धि प्राप्त होती है और व्यक्तिगत संतुष्टि का अनुभव होता है।

## एक साल बाद घर लौटी पत्नी को फिर भगा ले गया समधी

**बदायूं।** बदायूं के अलापुर थाना क्षेत्र के गांव अल्लापुर निवासी कालीचरन (50 वर्ष) पुत्र जगन्नाथ का शव बृहस्पतिवार को उनके ही खेत में खड़े शहतूत के पेड़ पर लटका मिला। सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने जब शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। परिजनों ने कालीचरन की पत्नी व समधी पर हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि कालीचरन ने अपनी बेटी की शादी गांव के ही जयभगवान उर्फ पप्पू के बेटे विशाल के साथ की थी। उनकी पत्नी मीरा बच्चों और पति को छोड़कर समधी पप्पू के साथ एक साल पहले चली गई।

## चचेरा भाई भी मर्डर में शामिल

# जीजा ने की साले की गला दबाकर हत्या, प्रेम प्रसंग का राज खुलने के डर से ली जान

एजेंसी ⏭ लखनऊ

पलामू पुलिस ने एक हत्या के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह हत्या प्रेम प्रसंग का राज खुलने के डर और जमीन विवाद के चलते की गई थी। आरोपियों ने मृतक का गला घोंटकर शव नहर में फेंक दिया था।

सतबरवा थाना क्षेत्र के पोची गांव निवासी बाली यादव ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनके बेटे पंकज कुमार यादव का रमेश कुमार यादव और उसके साथियों ने अपहरण कर लिया है। इस संबंध में सतबरवा थाने में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने एक विशेष टीम का गठन किया। महिला के साथ आपत्तिजनक



स्थिति में देख लिया था पंकज ने गठित टीम ने वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर मुख्य आरोपी रमेश कुमार यादव को हिरासत में लिया। पूछताछ में रमेश ने बताया कि उसका पोची गांव की एक महिला से प्रेम प्रसंग था। एक दिन पंकज ने उसे महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था।


हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIET07/TS/FBD/2025-26,DATED01.10.2025 (REFERENCE NO. 202540EB34F 098C94E56 A12E A5AE5FA5D362976HVP), FOR AUGMENTATIONOF220KV SUBSTATIONSECTOR58FARIDABADFROM(2X160)MVA, 220/66KV PLUS 2X25/31.5 MVA 66/11 KV T/FS TO (2X160)MVA, 220/66KV PLUS (3X25/31.5) MVA66/11KVT/FSALONGWITHEXTENTIONOFCONTROLROOMANDPROVIDING NEW11KVPANELSETBY HVPNL(TENDERID_1-2025_HBC_475946_1)(DNITNO.-136911) | ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 10.11.2025 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIET10/TS/FBD/2025-26,DATED02.10.2025 (REFERENCE NO. 202526E8F9 BB E79A 4DE5 BF60 2123A5D8480A976HVP), FOR AUGMENTATIONOF6 6KVSUBSTATIONDHAUJFROM(2X12.5/16)MVATO(2X25/31.5)MVA, 66/11KV T/FS(T/FT-2)ALONGWITHEXTENSIONOFCONTROLROOMBUILDINGBY HVPNL (TENDER ID_1- 2025_HBC_476019_1) (DNITNO.-136959) | ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 10.11.2025 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | QDPNO. 1487, NITNO.1367 DATED04.09.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 25.11.2025 तक 1700 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/39881/I/88/7 दि. 30.10.25

हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO.1365(QDP-1485) DATED 04.09.2025 | शुद्धिपत्र-2/जमा की निर्धारित तिथि का विस्तार 12.11.2025 तक 17:00 बजे तक। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | QDPNO.:1486 NITNO.:1366 DATED04.09.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 25.11.2025 तक 1700 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIET09/TS/FBD/2025-26DATED-02.10.2025 (REFERENCENO. 2025 294CC8AB 1AF8 4E73 82C72728 73C8548D26C7976HVP), FOR AUGMENTATION OF 66KV SUBSTATION DHAUJ FROM(2X12.5/16) MVATO(2X25/31.5)MVA,66/11KVMVA,T/FS(T/FT-1)ALONGWITH EXTENSION OF CONTROL ROOM BUILDING BY HVPNL (TENDERID_1-2025_HBC_476207_1) (DNIT NO.-136955) | ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 10.11.2025 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | NIET08/TS/FBD/2025-26DATED-02.10.2025 (REFERENCE NO. 202514 C8350E 916F 43E1 94E8 8F9186110740976HVP), FOR AUGMENTATIONOF 66KVSUBSTATIONBADROLAFROM(2X25/31.5) MVATO (3X25/31.5) MVA, 66/11KVT/FSALONGWITHCONTROLROOM EXTENSIONBYHVPNL (TENDER ID_1- 2025_HBC_476017_1) (DNITNO.-136953) | ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 10.11.2025 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/100/39882/I/88/7 दि. 30.10.25

## चिंतन

# भारत पर दबाव बनाने को कड़े फैसले ले रहे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोगली नीति पर चल रहे हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान करते हैं तो अगले ही पल भारत और भारतियों के खिलाफ किसी फैसले को अमल में ले आते हैं। वे लगातार भारत के खिलाफ चुभती बातें बोल रहे हैं। कभी पाकिस्तान की तारीफ करते हैं और कभी यह कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा। दिवाली पर भारतीय प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि भारत रूस से तेल का आयात कम करेगा, जबकि भारत ने ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है। इसके बाद उन्होंने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर पाबंदी लगा दी। इसके चलते भारत का रूस से तेल खरीदना कठिन हुआ ही साथ में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम भी बढ़ गए। भारत पर 25+25 टैरिफ लगाने के बाद वे एक के बाद एक भारत विरोधी फैसले ले रहे हैं। ये वही डोनाल्ड ट्रंप हैं, जिन्हें राष्ट्रपति चुनाव में जी भरकर भारतीय समुदाय के लोगों ने वोट दिए, लेकिन राष्ट्रपति बनते ही भारत के खिलाफ खड़े हो गए। अब ट्रंप प्रशासन ने ऑटोमैटिक वर्क परमिट एक्सटेंशन की सुविधा खत्म कर दी है। इसका सबसे बड़ा झटका अमेरिका में काम करने वाले भारतीयों को लगेगा। इसका मतलब ये हुआ कि अगर किसी का वर्क परमिट कल खत्म हो रहा है, तो वो आज खुद ही ऑटोमेटिक नहीं बढ़ेगा। अभी तक ये होता था कि अगर किसी का वर्क परमिट खत्म हो जाता था, उसे ऑटोमैटिक 540 दिनों का एक्सटेंशन मिल जाता था और इस दौरान उसे अपने परमिट का नवीनीकरण करवाना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा। इसीलिए सवाल ये उठ रहे हैं कि क्या अब वर्क परमिट खत्म होने का बाद नौकरी चली जाएगी और क्या अमेरिका ही छोड़ना पड़ेगा। इस फैसले को लेकर अमेरिका में भारतीय पेशेवरों में खासी बेचैनी हैं। वो लोग भी खासे उलझन में हैं जिन्होंने अनुबंध आधार पर नौकरी पा रखी है। पहले होता यह था कि किसी कंपनी से अनुबंध आधार पर जॉब के बाद वे दूसरी कंपनी में चले जाते थे। अब उनके लिए परेशानी होगी। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले का गंभीर असर उन हजारों भारतीय प्रोफेशनल्स पर होगा, जो एच-1बी वीजा, एच-4 स्पाउस परमिट, या ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर अमेरिका में काम कर रहे हैं। इसके अलावा, जो भारतीय नागरिक ग्रीन कार्ड के लिए सालों से इंतजार कर रहे हैं, उन्हें अब हर बार वर्क परमिट रिन्यूअल में देरी होने पर नौकरी खोने का जोखिम झेलना पड़ेगा। यह नियम अमेरिका में वर्क परमिट रिन्यूअल की प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव है। अब यदि यूएस सिटीजनशिप एंड इमीग्रेशन सर्विस समय पर आवेदन अप्रूव नहीं करेगा तो कर्मचारी अपनी मौजूदा नौकरी तुरंत खो देगा और फिर उसे अमेरिका में रहने का अधिकार भी नहीं मिलेगा। वे नौकरी खत्म होते ही अवैध की श्रेणी में आ जाएंगे। वैसे भी मौजूदा प्रक्रिया के मुताबिक, वर्क परमिट रिन्यूअल में तीन से बारह महीने तक का समय लग सकता है। ये इस बात पर भी निर्भर करता है कि नौकरी क्या है और वो किस क्लास में आता है। इस बीच, जो कर्मचारी समय पर रिन्यूअल नहीं करा पाएंगे, उन्हें अवैध कर्मचारी या अवैध नागरिक माना जाएगा। अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे युवाओं के साथ ट्रंप प्रशासन क्या सलूक कर रहा है, ये पूरी दुनिया देख चुकी है। अब ट्रंप ने यह फैसला केवल और केवल भारत पर दबाव बनाने के लिए किया है, ताकि भारत उनकी शर्तों को माने, लेकिन वो ये नहीं जानते कि यह नया भारत है, जो अपनी शर्तों पर चलता है। कोई दबाव उसे झुका नहीं सकता।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अभी भी साहूकारी कर्ज की चुनौती

> ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेज विकास और गांवों में छोटे किसानों को वित्तीय राहत के मद्देनजर हरसंभव तरीके से साहूकारों के कर्ज से बचाते हुए, उन्हें सरकारी तथा सहकारी कर्ज की छतरी की छाया में लाया जाना चाहिए। साथ ही प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से छोटे किसानों के लिए बिना ब्याज के ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ाया जाना सुनिश्चित करना चाहिए। गांवों में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का तेजी से विस्तार करना होगा, इससे छोटे किसानों की संस्थागत ऋण तक पहुंच बढ़ाई जा सकेगी। उम्मीद करें कि इन बहुआयामी उपायों से गांवों के छोटे और कमजोर वर्ग के किसानों की साहूकारों पर निर्भरता कम होगी।

इन दिनों ग्रामीण भारत और किसानों की ऋणग्रस्त विषय पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि यद्यपि किसानों को आर्थिक-सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी भी गांवों में बड़ी संख्या में छोटे किसान साहूकारी कर्ज के घेरे में आते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के तेज विकास और गांवों में छोटे किसानों को वित्तीय राहत के मद्देनजर हरसंभव तरीके से साहूकारों के कर्ज से बचाते हुए, उन्हें सरकारी तथा सहकारी कर्ज की छतरी की छाया में लाया जाना चाहिए। साथ ही प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से छोटे किसानों के लिए बिना ब्याज के ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ाया जाना सुनिश्चित करना चाहिए। गौरतलब है कि हाल ही में प्रकाशित राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ग्रामीण धारणा सर्वेक्षण रिपोर्ट 2025 के तहत ग्रामीण भारत में ऋण वितरण और चुनौतियों के संबंध में दो अत्यधिक महत्वपूर्ण बातें रेखांकित हुई हैं।

पहली अहम बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब 54.5 फीसदी परिवार केवल औपचारिक स्त्रोतों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी समितियां, सूक्ष्म वित्त संस्थान आदि से ऋण लेते हैं, जो सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। चूँकि ग्रामीणों को ऋण के औपचारिक स्त्रोतों के माध्यम से जो ऋण दिए जाते हैं, वे सरकार के द्वारा निर्धारित कुछ निश्चित नियमों व शर्तों के तहत उचित निर्धारित ब्याज दर से जुड़े होते हैं अतएव कर्ज लेने वाले ग्रामीण आर्थिक शोषण से बच जाते हैं। रिपोर्ट की दूसरी प्रमुख बात यह है कि यद्यपि ग्रामीण भारत में औपचारिक ऋण वितरण में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी कई परिवार साहूकारों, दोस्तों, परिवारों और अन्य अनौपचारिक स्त्रोतों पर निर्भर हैं। यह वर्ग अभी भी ऊंची ब्याज दर पर कर्ज दे रहा है और औसत ब्याज दरें लगभग 17-18 फीसदी से भी अधिक होती हैं।

इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि गांवों में लगभग 23.5 फीसदी परिवार औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों तरह के ऋणों पर निर्भर हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि ग्रामीण क्षेत्रों में औपचारिक ऋण व्यवस्था ने अच्छी प्रगति की है। रिपोर्टों के मुताबिक गांवों में किसानों को औपचारिक ऋण से जोड़ने के मद्देनजर सरकार के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कृषि इंफ्राक्ट्रक्चर फंड, सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था आदि प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। इससे ग्रामीण लोगों की क्रयशक्ति में वृद्धि, डिजिटल उपयोग में वृद्धि, खपत में वृद्धि, ग्रामीणों की बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच, गांवों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार, ग्रामीण भारत के लोगों की पूरक आय में वृद्धि जैसी सकारात्मक पृष्ठभूमि निर्मित हुई हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2019 से शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना देश के करोड़ों छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय मजबूती देते हुए दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए अब तक देश के कोई 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 20 किश्तों में 3.9 लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा चुकी है, जिससे उन्हें खेती-



किसानी से जुड़े खर्चों में राहत मिल रही है। देश के गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। लेकिन चिंताजनक यह है कि अभी भी ग्रामीण जनजीवन के करीब 22 फीसदी लोगों की कर्ज के लिए साहूकारों और अनौपचारिक स्त्रोतों पर जो निर्भरता बनी हुई है, उसके कारण बड़ी संख्या में छोटे किसानों की आर्थिक सुरक्षा कमजोर है। स्थिति यह है कि जब कई छोटे किसानों को आय अस्थिरता, मौसमी जोखिमों और सरकार से पर्याप्त धन हस्तांतरण की कमी का सामना करना पड़ता है, तब इन परिस्थितियों में ये किसान भारी भरकम ब्याज के बावजूद साहूकारों की चौखट पर दस्तक देते हुए दिखाई देते हैं। कई बार सामाजिक और जनसांख्यिकीय कारक भी साहूकारों से ऋण लेने के मद्देनजर असर डालते हैं। स्थिति यह भी है कि कई बार छोटे किसान औपचारिक स्त्रोतों से ऋण लेना तो चाहते हैं मगर इसके लिए उनकी तैयारी पर्याप्त नहीं होती, मसलन दस्तावेज की कमी, गारंटी दाता की कमी एवं अन्य शर्तें बाधा डालते हुए दिखाई देती हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा प्रकाशित कृषि परिवारों की स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण और संपूर्ण भारत ऋण और निवेश सर्वेक्षण के अनुसार लगभग पचास प्रतिशत कृषि परिवार कर्ज में डूबे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक किसानों को ऋण के लिए संस्थागत बैंकों के साथ-साथ गैर-संस्थागत स्त्रोतों जैसे साहूकारों और रिश्तेदारों पर भी निर्भर रहना पड़ता है। कई बार ये छोटे किसान भारी भरकम ब्याज दर से ऋण चुका पाने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे में उन्हें ब्याज के बोझ को हल्का करने के लिए फिर ऋण लेना होता है और ऐसे छोटे किसान साहूकारों के ऋण जाल में फंसते चले जाते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि गांवों में बैंक शाखाएं तेजी से बढ़ी हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की 2024-25 की सालाना रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग शाखाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेष रूप से गांवों में बैंक शाखाओं की संख्या मार्च 2010 के 33,378 से बढ़कर दिसंबर 2024 तक 56,579 हो गई। साथ ही गांवों में सहकारी समितियों का नया विस्तार दिखाई दे रहा है। ऐसे में गांवों में साहूकारों और अनौपचारिक ऋणों पर निर्भरता घटाने के लिए बैंक शाखा विस्तार के अलावा नई रणनीति के तहत दूसरे कदम भी उठाने की जरूरत है। छोटे ऋणों और कम अवधि के ऋण वाली कई योजनाएं तैयार करके साहूकारों पर निर्भरता कम की जाना होगी।

यह भी महत्वपूर्ण है कि गांवों में साहूकारों पर ऋण निर्भरता की प्रवृत्ति को रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के छोटे व्यवसायों को विश्वसनीय संस्थागत वित्तीय सेवाएं प्रदान करने हेतु लक्षित नीतिगत उपाय सुनिश्चित किए जाने होंगे। खासतौर से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के अंतिम छोर तक मजबूत गैर बैंकिग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) की भूमिका को प्रभावी बनाना होगा। गांवों में तरलता संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए एनबीएफसी के लिए एक मजबूत पुनर्वित्त सुविधा तत्काल सुनिश्चित करनी होंगी। साथ ही एसएआरएफएईएसआई अधिनियम के तहत प्रतिभूति हितों को लागू करने के लिए ऋण राशि की सीमा को और घटाया जाना अत्यधिक लाभकारी कदम होगा। इन सुधारों के साथ-साथ वित्तीय जागरूकता में सुधार करने और ग्रामीण आजीविका कार्यक्रमों से जुड़ी बुनियादी वित्तीय शिक्षा से साहूकारों पर निर्भरता कम करनी होगी। गांवों में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का तेजी से विस्तार करना होगा, इससे छोटे किसानों की संस्थागत ऋण तक पहुंच बढ़ाई जा सकेगी। उम्मीद करें कि इन बहुआयामी उपायों से गांवों के छोटे और कमजोर वर्ग के किसानों की साहूकारों पर निर्भरता कम होगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज




# राष्ट्रीय एकता के सुदृढ़ स्तंभ कहलाए वल्लभभाई पटेल

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर कृषक परिवार में हुआ था। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत इन्होंने स्वाध्याय के माध्यम से ही शिक्षा प्राप्त की। 1910 में मिडिल टेबल लंदन में अध्ययन करने के लिए गए। उच्च सम्मान के साथ वहां पर दो वर्ष तक रहकर परीक्षा उत्तीर्ण की। 1913 में पुनः भारत लौटे, अहमदाबाद रहकर वकालत के क्षेत्र में यह तेजी से आगे बढ़े। अपनी योग्यता तथा दृढ़ परिश्रम के बल पर आपराधिक कानून के अग्रणी बैरिस्टर बनकर उभरे। 1917 से 1924 तक पटेल अहमदाबाद नगर पालिका के आयुक्त रहे तथा 1924 से 1928 तक नगर पालिका अहमदाबाद के अध्यक्ष भी रहे। सन 1928 में बारडोली सत्याग्रह में वल्लभ पटेल ने जमींदारों और किसानों के आंदोलन का दृढ़तापूर्वक नेतृत्व किया, जिससे उनकी ख्याति पूरे भारत में राष्ट्रवादी नेता के रूप में होने लगी। अंग्रेज सरकार ने किसानों के लगान में 22% की वृद्धि की थी जिसके विरोध में पटेल के नेतृत्व में यह बारडोली का किसान आंदोलन विराट रूप लेकर उभरा। अंग्रेज सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर कदम उठाए परंतु लौह पुरुष पटेल के आगे अंग्रेज सरकार को झुकना पड़ा। इस सत्याग्रह आंदोलन की सफलता के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को किसानों का 'सरदार' की उपाधि दी जो हमेशा के लिए उनके नाम के साथ जुड़ गई। बारडोली के आंदोलन के सफल नेतृत्व ने तथा सरदार की उपलब्धि ने पटेल को गांधी के बाद भारत का दूसरा प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता बना दिया। अंग्रेज सरदार पटेल को अपने सबसे खतरनाक शत्रु के रूप में मानते थे। पटेल को स्वावलंबन, दृढ़ परिश्रम, आत्म संयम जैसे गुण बचपन से ही परिवार की विरासत में मिले थे। अपनी कार्यशैली तथा फौलादी व्यक्तित्व के कारण सरदार पटेल भारतीय जनमानस की पहली पसंद थे। सन 1931 में कराची में हुए कांग्रेस के अधिवेशन की इन्होंने अध्यक्षता की। अपनी कर्तव्यनिष्ठता, ईमानदारी, राष्ट्रभक्ति की भावना ने सरदार पटेल को भारतीय राष्ट्रीय राजनीति का लब्ध प्रतिष्ठित नेता बना दिया था। यही कारण है कि सरदार पटेल का नाम तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए प्रांतीय समितियों के माध्यम से भेजा गया परंतु महात्मा गांधी ने जवाहरलाल नेहरू के प्रति अपना स्नेह होने के कारण सरदार पटेल को पीछे रखकर नेहरू को अध्यक्ष बनाया। सरदार पटेल निष्काम, निस्वार्थ भाव से भारत वर्ष की स्वतंत्रता को समर्पित थे। उन्होंने सदैव गांधी के द्वारा चलाए गए सभी आंदोलन में अपना योगदान दिया। सरदार पटेल एक प्रतिष्ठित वकील, दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। दृढ़ इच्छा शक्ति, साहस, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा ठोस व्यक्तित्व उनके विशेष गुण थे। अपनी कुशाग्र बुद्धि के बल पर इन्होंने वकालत के क्षेत्र में भी प्रतिष्ठा प्राप्त की। वल्लभ जी ऐसे मुकदमे लड़ते थे जिनमें निर्दोष को फसाया गया हो तथा जिसे अपने अकाट्य तर्कों से काटा जा सके। महात्मा गांधी भी सरदार पटेल के फौलादी व्यक्तित्व से प्रभावित थे इसलिए उन्होंने वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष की उपाधि प्रदान की थी। इतिहासकारों ने पटेल जी को बिस्मार्क ऑफ इंडिया का नाम दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वल्लभ जी भारत के पहले उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री जैसे पदों पर सुशोभित रहे। सन 1947 में भारत तो आजाद हो गया था परंतु सबसे बड़ी समस्या जो अंग्रेज चालाकी से छोड़ गए थे वह थी बिखरी हुई 562 रियासतें। इन सभी रियासतों को भारतीय गणराज्य में विलय करना एक चुनौती पूर्ण कार्य था। वल्लभ भाई पटेल ने इस कार्य को अपनी सूझबूझ और विवेक के द्वारा अधिक से अधिक राजवाड़ों को पेंशन तथा अन्य लाभ देकर इन्होंने हटा दिया परंतु प्रतिरोध करने वाली रियासतों में मुख्य रूप से जूनागढ़, कश्मीर तथा हैदराबाद यह तीन प्रमुख थे। जूनागढ़ में जनमत संग्रह करवा कर इन्होंने भारत में शामिल करवाया। कश्मीर के शासक महाराजा हरि सिंह स्वतंत्र रूप से अलग रहना चाहते थे परंतु पाकिस्तानी कव्वाली सुना अचानक आक्रमण कर देने पर सरदार पटेल ने उनकी सहायता की और फिर 1947 में कश्मीर को भारत में मिला दिया गया। हैदराबाद के निजाम में वल्लभ पटेल का प्रतिरोध किया तथा अंत में वहां पर भी सेना भेज कर हैदराबाद रियासत को भारत वर्ष में मिल लिया गया। विश्व इतिहास में एक व्यक्ति भी ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। इतनी विशाल संख्या में बिखरी हुई रियासतों के एकीकरण के असंभव कार्य को सरदार पटेल ने अपने फौलादी व्यक्तित्व के बल पर संभव बनाकर भारतवर्ष की राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सुदृढ़ता प्रदान की।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कैसे हो जीवन की यात्रा सुखमय



संकलित
दर्शन

मनुष्य का पूरा जीवन ही यात्रामय है। हम प्रायः दूसरों के दिखाए रास्तों पर ही चलते हैं, लेकिन जब मनुष्य अंतर्मन की यात्रा करता है, तब यहां किसी प्रकार के कोई पदचिह्न नहीं होते। इस यात्रा पर चलने से हम सब प्रकार की आसक्ति से मुक्त हो जाते हैं। श्वास को देखे बिना शरीर को ठीक तरह से समझ नहीं सकते, देख नहीं सकते। शरीर को देखे बिना मन को नहीं देख सकते। मन को देखे बिना आभामंडल को नहीं देख सकते और आभामंडल को देखे बिना प्राण को नहीं देख सकते। जो हमने यात्रा प्रारंभ की है। यात्रा के लिए हमने एक मार्ग चुना है। मार्ग पर हर कोई चलता है। हम भी चलते थे और चल रहे हैं। हर मार्ग पर पदचिह्न होते हैं, किंतु आज हमने एक ऐसा मार्ग चुना है, जिसमें कोई पदचिह्न नहीं है। पदचिह्न होने का अर्थ है- अनुसरण होना। जहां अनुसरण नहीं होता, वहां कोई पदचिह्न भी नहीं होता। हमारा मार्ग बिना पदचिह्न का मार्ग है। इसमें कोई किसी का अनुसरण नहीं करता। एक चिंतन आता है और उसका संस्कार बन जाता है। एक प्रवृत्ति होती है और उसका संस्कार बन जाता है। एक शब्द आता है और उसका संस्कार बन जाता है। चिंतन चला जाता है, प्रवृत्ति चली जाती है, शब्द चला जाता है, किंतु वे अपने पीछे चिह्न छोड़ जाते हैं। जो छोड़ा जाता है, उसकी आवृत्तियां होती रहती हैं। संस्कार शेष रह जाते हैं। किंतु हमने ऐसे मार्ग पर यात्रा शुरू की है, जिसमें कोई अनुसरण नहीं है, पदचिह्न नहीं है। जब चलने वाला अपने मार्ग से आसक्त हो जाता है, तब पदचिह्न शेष रह जाते हैं।


# सवाल का जवाब चाहिए तो रहें मौन



संकलित
प्रेरणा

मौन रहना न केवल कई समस्याओं का समाधान हो सकता है, बल्कि कई जिज्ञासाओं का जवाब भी हो सकता है। गौतम बुद्ध के अनुसार, मौन केवल चुप रहना नहीं होता, बल्कि यह भीतर की यात्रा है। जब मन शांत होता है, तब बोधि (ज्ञान) का द्वार खुलता है। एक बार एक विद्वान ब्राह्मण मौलुंकपुत्र, जो पांच सौ शिष्यों के साथ आया था, बुद्ध के पास पहुंचा। उसके मन में अनेक प्रश्न थे। जैसे कि, क्या आत्मा और शरीर एक ही हैं या अलग-अलग? संसार शाश्वत है या अस्थायी? मृत्यु के बाद क्या होता है? इन प्रश्नों को लेकर मौलुंकपुत्र बुद्ध के पास पहुंचे और बोले- भगवन! आपको मुझे इन प्रश्नों के जवाब देने ही होंगे। बुद्ध ने उसकी आंखों में देखा और कहा - मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा, लेकिन एक शर्त है। एक वर्ष तक मौन रहो, ध्यान करो और भीतर के शोर को शांत करो। जब तुम्हारे भीतर की बातचीत रुक जाए, तब तुम पूछना और मैं उत्तर दूंगा। मौलुंकपुत्र दुविधा में पड़ गया। इतने प्रश्न, इतनी जिज्ञासा... और एक वर्ष का मौन! पास बैठे बुद्ध के शिष्य सारिपुत्र हंस पड़े। उन्होंने कहा - मुझे भी यही शर्त दी गई थी। मैं पांच हजार शिष्यों का गुरु था। एक वर्ष मौन रहा... और जब समय आया, तो कोई प्रश्न ही नहीं बचा। बुद्ध ने उत्तर देने का वादा निभाया, लेकिन तब मुझे कुछ पूछने की ज़रूरत ही नहीं रही। मौलुंकपुत्र ने मौन स्वीकार किया। एक वर्ष ध्यान में डूबा रहा। भीतर का कोलाहल शांत हुआ। प्रश्न गल गए। एक वर्ष बाद बुद्ध ने पूछा - अब तुम पूछ सकते हो। मौलुंकपुत्र मुस्कराया और बोला - अब कोई प्रश्न ही नहीं बचा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जाम से कब मिलेगा निजात

पुराना धमतरी रोड, संजय नगर से आगे बढ़ते ही जाम मिलता है। वापसी पर फिर जाम की स्थिति बनी रहती है। भाठागांव में जब से अंतर्राज्यीय बस अड्डा आया। यहां की यातायात व्यवस्था बदहाल हो गई। सड़कों पर दुकानदारों का बेजा कब्जा भी जाम की वजह बन रही है। ऐसे में लोगों को आने-जाने में दिक्कतें हो रही है। समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है। एक-दो दिन औपचारिकता पूरी करके प्रशासन फिर मुंह फेर लेता है।

*-कृष यादव, रायपुर*

## ट्रेंड

### संविधान मिटाने की कोशिश



संविधान को मिटाने-हटाने की कोशिश भाजपाई और उनके संगी-साथी कभी रूप बदलकर करते हैं तो कभी नया मुखौटा लगाकर। पीडीए संविधान की रक्षा के लिए वचनबद्ध है क्योंकि संविधान ही हमारी ढाल और संविधान ही संजीवनी है।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### आस्था का अपमान



बिहार में राहुल गांधी ने अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत जिस तरीके से की है, वह न केवल राजनीतिक अपरिपक्वता का प्रतीक है, बल्कि बिहार और दिल्ली के करोड़ों छठ श्रद्धालुओं की लोक आस्था का अपमान है। उनका यह बयान घोर निंदनीय है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली


### राहुल गांधी विदेशी नेता



देशी नहीं, विदेशी नेता हैं राहुल गांधी। उन्होंने 2015 से 2019 के बीच 247 विदेश यात्राएं की। औसतन हर एक साल 50 से अधिक विदेशी यात्राएं। इसमें वह यात्राएं शामिल नहीं हैं जो उन्होंने चोरी से की। ऐसे नेता पर देश कभी भरोसा नहीं कर सकता।

- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### मूल्यांकन और मूल्य



मूल्यांकन और मूल्य एक ही नहीं हैं। मूल्यांकन और वास्तविक मूल्य के बीच की विशाल खाई एक गहरी खाई की तरह इतनी चौड़ी होती जा रही है कि यह हमारे वित्तीय बाजारों को निगल सकती है।

- शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# सक्रिय रूप से यूरेनियम संवर्धन नहीं कर रहा ईरान

संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने बताया कि ऐसा प्रतीत नहीं होता कि ईरान सक्रिय रूप से यूरेनियम का संवर्धन कर रहा है, लेकिन एजेंसी ने हाल में देश के परमाणु स्थलों पर फिर से गतिविधियां देखी हैं।



अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा कि ईरानी परमाणु स्थलों तक पहुंच न होने के बावजूद, निरीक्षकों को उपग्रह चित्रों में ऐसी कोई गतिविधि नहीं दिखी है जिससे यह संकेत मिले कि इस्लामिक गणराज्य ने जून में इजराइल के साथ 12 दिन के युद्ध के बाद अपने यूरेनियम संवर्धन को पहले से अधिक तेज किया है। ग्रॉसी ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक साक्षात्कार में कहा, हालांकि, 60 प्रतिशत संवर्धित परमाणु सामग्री अब भी ईरान में है। और यह उन बिंदुओं में से एक है जिस पर हम चर्चा कर रहे हैं क्योंकि हमें वहां वापस जाकर यह पुष्टि करनी होगी कि सामग्री वहां है और उसका किसी अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल तो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है। ग्रॉसी ने कहा कि हालांकि, निरीक्षकों ने उन जगहों के आसपास गतिविधियां देखी है जहां भंडार रखा गया है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त पहुंच के बिना, आईएईए को उपग्रह चित्रों पर निर्भर रहना पड़ता है, जो केवल कुछ ही जानकारी दिखा सकते हैं।

## ऑफ बीट

# महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला नेसडेन मंदिर पहुंचे

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला ने लंदन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर, जिसे नेसडेन मंदिर के नाम से जाना जाता है, की 30वीं



वर्षगांठ के अवसर पर प्रार्थना और धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। महाराजा (76) का स्वागत मुख्य पुजारी साधु योगविवेकदास स्वामी द्वारा पारंपरिक नादचड़ी या शांति और मैत्री के प्रतीक पवित्र धागा बांधने की रस्म के साथ किया गया। प्रवेश द्वार पर अपने जूते उतारने वाले राजपरिवार के सदस्यों को मोतियों से बंधे फूलों की माला पहनाई गई, जिसके बाद उन्हें अलंकृत मंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया - यह यूरोप का पहला पारंपरिक हिंदू पत्थर मंदिर है, जिसका उद्घाटन अगस्त 1995 में हुआ था। मंदिर के प्रमुख देवता भगवान स्वामीनारायण की पवित्र प्रतिमा पर 11 वर्षीय स्कूली छात्र देव पटेल ने पुष्पांजलि अर्पित की, जबकि महाराजा ने हाथ जोड़कर नमस्कार किया। उन्होंने दक्षिण-पूर्व लंदन से आए पटेल परिवार द्वारा भगवान स्वामीनारायण के किशोर रूप श्री नीलकंठ वर्णी महाराज के अभिषेक समारोह का अवलोकन करने के बाद आभार व्यक्त किया और उपस्थित लोगों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। दिवाली का त्योहार 20 अक्टूबर को था। साधु योगविवेकदास ने अपने स्वागत भाषण में कहा, यह मंदिर ईश्वर का घर है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।




## प्रचार में बढ़ा 'शोर' सत्तापक्ष और विपक्ष ने लोगों को लुभाने में लगाया जोर

# मोदी ने कहा-2 युवराजों ने झूठे वादों की दुकान खोली और दे रहे जीभर के गालियां, राहुल बोले- मोदी झूठे और 'कमजोर आदमी'

एजेंसी ▶▶ पटना

नामदार लोग तो कामदार को गालियां देंगे ही

पीएम नरेंद्र मोदी ने मुजफ्फरपुर की जनसभा राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में दो युवराजों ने झूठे वादों की दुकान खोल रखी हैं। एक भारत के सबसे भ्रष्ट परिवार का युवराज है। वहीं दूसरा बिहार का सबसे भ्रष्ट परिवार का युवराज है। दोनों ही हजारों करोड़ों के घोटाले पर जमानत है। इन दोनों ने मोदी को भर-भर के गालियां दीं। अब जो लोग नामदार हैं, वह इस कामदार को गालियां तो देंगे ही। मुझे गाली दिए बिना, इनका खाना हजम नहीं होता है। दलित और पिछड़ों को गाली देना तो यह नामदार अपना जन्म सिद्ध अधिकार समझते हैं। इसलिए 24 घंटे यह लोग मुझे गंदी-गंदी गालियां देते रहते हैं। इसलिए क्योंकि इन्हें बर्दाश्त नहीं होता कि एक पिछड़ा का बेटा और चाय बेचने वाला आज यहां पहुंच गया।

### राजद और कांग्रेस की सबसे बड़ी हार होगी


प्रधानमंत्री मोदी छपरा में रैली को संबोधित करते हुए।

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस का झगड़ा आज की असली खबर है। अब इनका रिश्ता तेल और पानी की तरह हो चुका है। बिहार में हर तरफ से खबरें आ रही हैं कि कैसे राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक-दूसरे से दुश्मनी निकाल रहे हैं। इन्हें जो चीज एक साथ ले आई है, वो है सत्ता का लालच। ये फिर से जंगलराज वापस ला सकते हैं। इनकी इस बार बड़ी हार होने वाली है।

### जो आस्था का सम्मान नहीं करते, वे स्थलों का विकास नहीं करेंगे

पीएम मोदी ने गुरुवार को छपरा में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण की चर्चा करते हुए राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग आपकी आस्था का सम्मान नहीं कर सकते, वे लोग आस्था स्थलों का विकास नहीं कर सकते। दोनों ने छठी मैया का अपमान किया है।

### ये पंजाब में बिहारियों को घुसने नहीं देंगे...

इंडी गठबंधन के साथी ये लोग बिहार और बिहारियों का अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पंजाब के एक मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने एक रैली में खुला ऐलान किया कि बिहार के लोगों को वे अपने राज्य पंजाब में घुसने नहीं देंगे। उस समय मंच पर गांधी परिवार की एक बेटी, खुश होकर तालियां बजा रही थीं।

### उनके कारनामे.. कट्टा, क्रूरता, कटुता कुशासन, करप्शन

मुजफ्फरपुर में उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी पर जमकर निशाना साधा। आरजेडी के शासनकाल को गुंडराज बताते हुए उन्होंने 5 शब्दों में लालू की पार्टी के कारनामों की कथा कही। पीएम ने आरजेडी के शासन को कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन, करप्शन से परिभाषित किया। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए यानी सुशासन, एनडीए यानी जनता की सेवा, एनडीए यानी विकास की गारंटी।

### शाह ने लालू और 'लाल' को ललकारा

## उनके जंगलराज में 32 हजार किडनैपिंग, एनडीए को जिताएं कि इटली तक लग जाए झटका



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रचार के दौरान आरजेडी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लालू और उनकी पत्नी राबड़ी के राज में जंगल राज था। नके राज में 32 हजार किडनैपिंग हुई थीं। इसके अलावा 12 बड़े नरसंहार हुए थे। उन्होंने कहा कि महागठबंधन को हराएं कि इसका झटका इटली तक लगे।

### कांग्रेस ने सरदार पटेल को भुलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी

शाह ने कहा कि सरदार पटेल के कारण लक्ष्यद्वीप में तिरंगा फहराया गया। दुर्भाग्य की बात है कि सरदार पटेल के निधन के बाद उन्हें भुलाने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी। भारत रत्न मिलने में 41 साल की देरी हुई।

नीतीश का विकास रिपोर्ट कार्ड

### पहले फालतू सरकार थी, हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर में जनसभा की। नीतीश ने चुनावी माहौल में अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और पुराने दौर को याद करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। नीतीश ने अपने भाषण की शुरुआत पुराने बिहार की तस्वीर दिखाकर की। उन्होंने कहा कि पहले वाली सरकार में बहुत बुरा हाल था। लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डरते थे। न सड़क थी, न बिजली, न शिक्षा की व्यवस्था। हर तरफ भय और अराजकता का माहौल था। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे।

## भाजपा बिहार में भी वोट चोरी का प्रयास करेगी, जिसे हर युवा को पोलिंग बूथ पर रोकना होगा: राहुल गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 50 बार ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने का दावा किया है, लेकिन नरेंद्र मोदी डरपोक हैं और उनमें यह कहने का दम नहीं है कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं।

बिहार चुनाव प्रचार के दौरान नालंदा में आयोजित एक विशाल जनसभा में राहुल गांधी ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का उल्लेख करते हुए कहा कि 1971 में अमेरिका ने अपनी नौसेना का सातवां बेड़ा भेजा था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने साफ कह दिया था कि वह डरती नहीं हैं। इसके विपरीत, अमेरिका के राष्ट्रपति ने 50 बार मोदी का अपमान किया और एक फोन कॉल पर ऑपरेशन सिंदूर बंद करवाने का दावा किया। लेकिन नरेंद्र मोदी में इतना दम नहीं है कि वे कह सकें कि अमेरिका का राष्ट्रपति झूठ बोल रहा है। नरेंद्र मोदी डर के मारे ट्रंप से मिलने नहीं जा रहे हैं।

### बिहार की बदहाली के लिए जदयू-भाजपा जिम्मेदार

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बिहार के युवाओं से सीधा संवाद करते हुए कहा कि वे दुनियाभर में अपना खून-पसीना बहाकर इंफ्रास्ट्रक्चर बनाते हैं, तो इस ऊर्जा और क्षमता का उपयोग बिहार को बनाने में क्यों नहीं किया जा सकता? उन्होंने बिहार की बदहाल स्थिति के लिए पिछले 20 वर्षों से शासन कर रही जदयू-भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

### बिहार के युवाओं को मजबूर और मजदूर बनाया

उन्होंने नालंदा के ऐतिहासिक महत्व को याद दिलाते हुए कहा कि एक समय नालंदा विश्वविद्यालय में विदेशों से लोग पढ़ने आते थे, लेकिन आज बिहार की पहचान पेपर लीक से जुड़ गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 सालों से भाजपा-जदयू ने बिहार के युवाओं से हर अवसर, हर उम्मीद छीन कर उन्हें या तो मजबूर बनाया है, या मजदूर।

### सीएम नीतीश नहीं चला रहे सरकार

जनसभा में उमड़े भारी जनसैलाब के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 साल के विकास के दावे पर सवाल उठाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार की स्थिति बदहाल है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार की सरकार नहीं चला रहे हैं, बल्कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह और नागपुर (आरएसएस) द्वारा उसे चलाया जा रहा है। मोदी जो बटन दबाते हैं, नीतीश वही चैनल चालू कर देते हैं।

### देश में दो हिंदुस्तान

अपने जोशीले भाषण में राहुल गांधी ने कहा कि देश में दो हिंदुस्तान बन गए हैं एक अडानी-अंबानी और मोदी का और दूसरा गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलितों का। उन्होंने कहा कि छठ पूजा पर स्नान के लिए एक तरफ आम जनता के पास प्रदूषित पानी वाली यमुना थी, तो दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी के लिए तालाब में साफ पानी भरा गया।

### महागठबंधन युवाओं को रोजगार देगा

राहुल ने कहा कि सरकार द्वारा करोड़ों की जमीन अडानी को दी जा रही है। मोदी हिंदुस्तान की संपत्ति अडानी-अंबानी के हवाले कर रहे है। युवाओं को पब्लिक सेक्टर में रोजगार मिलना बंद हो गया है। महागठबंधन चाहता है कि फोन व अन्य सामान पर 'मेड इन चाइना' नहीं, 'मेड इन बिहार' लिखा हो।

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से




**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की घोषणा कर दी है। आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 की परीक्षाएं 17 फरवरी, 2026 से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि फीडबैक, सीबीएसई परीक्षा समितियों की बैठक के सुझावों के आधार पर यह निर्णय लिया गया है।

### सरकार की श्रम-रोजगार नीति मनुस्मृति से प्रेरित



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने केंद्र सरकार की तरफ से जारी 'राष्ट्रीय श्रम एवं रोजगार नीति - श्रम शक्ति नीति 2025' के मसौदे पर कड़ा हमला बोला है। मसौदे में लिखा गया है कि श्रम नीति की प्रेरणा मनुस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृति, नारदस्मृति, शुक्रनीति और अर्थशास्त्र से ली गई है।

### ननि की जमीन पर बनी संजौली मस्जिद गिरेगी



**शिमला।** शिमला की संजौली मस्जिद को लेकर जिला अदालत ने गुरुवार का अपना फैसला सुना दिया है। अदालत ने मस्जिद के सभी ढांचों को पूरी तरह से गिराने का आदेश दिया है। ऐसा करके अदालत ने शिमला नगर आयुक्त के आदेश को बरकरार रखा है। अदालत ने मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी की अपील को खारिज कर दिया।

### महावतार बाबा की गुफा में कोविंद ने किया 'ध्यान'



**अल्मोड़ा।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद उत्तराखंड दौरे पर हैं। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने अल्मोड़ा में महावतार बाबा की गुफा में 'ध्यान' लगाया। महावतार बाबा की गुफा दूनागिरी की पहाड़ियों में ध्यान लगाया। अध्यात्मिक यात्रा के बाद उन्होंनेअनुभव को अद्भुत और आत्मशांति प्रदान करने वाला बताया। वे फिर आने के इच्छुक हैं।

## चक्रवात मोंथा ने कई शहरों में मचाई तबाही, कई वाहन बह गए

# तेलंगाना के वारंगल और हनमकोंडा कस्बे जलमग्न, सड़कें और रेल यातायात बाधित

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से हुई अत्यधिक भारी बारिश के बाद तेलंगाना के वारंगल और हनमकोंडा कस्बे में गुरुवार को पानी भर गया। यह तूफान तटीय आंध्र प्रदेश और उससे सटे तेलंगाना पर एक गहरे दबाव के क्षेत्र में कमजोर पड़ गया है। भारी बारिश ने वारंगल, करीमनगर, सिद्दीपेट, नलगोंडा, खम्मम और अन्य जिलों में कहर बरपा दिया। सड़कों और रेल पटरियों के जलमग्न होने से सड़क और रेल यातायात बाधित हुआ और फसलों को भारी नुकसान हुआ। हनमकोंडा जिले के भीमदेवरापल्ले में बुधवार को सबसे अधिक 41.9 सेमी बारिश दर्ज की गई। तेलंगाना विकास योजना सोसाइटी के अनुसार, 35 स्थानों पर 20.50 सेमी से अधिक की अत्यधिक भारी बारिश हुई, जबकि 68 स्थानों पर 11.50 सेमी से अधिक बारिश दर्ज की गई।

### करीमनगर, सिद्दीपेट, नलगोंडा, खम्मम और अन्य जिलों में कहर बरपाया

कई रहवासी इलाकों में लोग परेशान

भीमदेवरापल्ले में बुधवार को सबसे अधिक 41.9 सेमी बारिश दर्ज की गई


तेलंगाना। बाढ़ के हालात में जान बचाने की जद्दोजहद में लोग।

### लगभग 45 इलाकों में बाढ़ के हालात

वारंगल और हनमकोंडा को जोड़ने वाली हंटर रोड, बोंधी नदी के उफान पर आने से जलमग्न हो गई, जिससे वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। नालों के उफान पर होने के कारण वारंगल-मुलुगु मार्ग पर भी यातायात बाधित रहा। बाढ़ के कारण भद्रकाली मंदिर का सड़क संपर्क भी टूट गया। भद्रकाली झील के उफान पर होने से आसपास की कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं। वारंगल की मेयर गुंडू सुधारानी के अनुसार ग्रेटर वारंगल नगर निगम (जीडब्ल्यूएमसी) के अंतर्गत आने वाले लगभग 45 इलाकों में बाढ़ आ गई है। उन्होंने कहा कि निचले इलाकों से लगभग 1,200 लोगों को सुरक्षित निकालकर पुनर्वास केंद्रों में पहुंचाया गया है।

### राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, इंजीनियरिंग और स्वच्छता शाखा की 7 टीमें बचाव में जुटीं

राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, इंजीनियरिंग और स्वच्छता शाखा के कर्मचारियों वाली सात टीमें बचाव अभियान में लगी हुई हैं। लोगों को बचाने के लिए नावों को भी लगाया गया है। बाढ़ में फंसे लोगों को भोजन, पानी और आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारी ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### बस बाढ़ के पानी में फंस गई

तालाबों और नालों के उफान पर होने से वारंगल और हनमकोंडा जिलों में स्थिति और बिगड़ गई है। भारी बारिश के बाद हनमकोंडा का बस अड्डा पानी में डूब गया। वारंगल जिले के वर्धन्नापेट मंडल के उपरपल्ली गांव में सड़क परिवहन निगम की एक बस बाढ़ के पानी में फंस गई। वारंगल जा रही बस एक उफनती झील के पानी से सड़क पर पानी भर जाने के बाद फंस गई। हालांकि, यात्री सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे।

### सांसद और कलेक्टर ने भी बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया

इस बीच, बंदोबस्ती और वन मंत्री कोंडा सुरेखा ने वारंगल शहर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने जलमग्न इलाकों में फंसे लोगों से फोन पर बात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सांसद कदियम कविया और वारंगल जिला कलेक्टर सत्य शारदा ने भी बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। करीमनगर जिले के सैदापुर मंडल में भी भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई। वेंकापल्ली में एक नहर में दरार आने से सड़कों पर पानी भर जाने के कारण मंडल के कुछ गांवों का संपर्क टूट गया है।

### कई कारें बह गईं, 100 परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया

खम्मम शहर में मुन्नरू नदी में आई बाढ़ से आसपास की आवासीय बस्तियां जलमग्न हो गईं। बाढ़ में कई कारें बह गईं। लगभग 100 परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया। मुन्नरू में जलस्तर 24.7 फीट तक पहुंच गया। अधिकारियों ने तीसरी बार बाढ़ की चेतावनी जारी की है। ऊपरी नदी से भारी जल प्रवाह के कारण जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बाढ़ के पानी ने खम्मम-बोनाकल मार्ग को भी जलमग्न कर दिया है, जिससे वाहनों का आवागमन ठप हो गया है।

### दिल्ली पुलिस ने हलफनामे में कहा

## सत्ता परिवर्तन को रची गई थी दिल्ली दंगों की साजिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली दंगे से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस ने उमर खालिद की जमानत का विरोध करते हुए हलफनामा दाखिल किया है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली हिंसा की साजिश सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य के साथ रची गई थी। हलफनामे में कहा सिलसिलेवार खालिद और उसके साथियों ने दंगे और हिंसक प्रदर्शनों की रणनीति बनाई। इंटरनेशनल थ्योरी में इस प्रकार के संगठित/प्रायोजित आंदोलनों को सत्ता परिवर्तन अभियान कहा गया है।31 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली दंगों के मामले में उमर,शरजील समेत अन्य आरोपियों की जमानत पर सुनवाई होनी है। पुलिस ने हलफनामे में कहा है कि उमरऔर दूसरे आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं, उन्हें जमानत नहीं मिलनी चाहिए। ये देश में दंगे भड़काने की साजिश में शामिल थे।

### प्रशासन ने आदेश जारी किया

## खरगे के गृह क्षेत्र में संघ के रूट मार्च को मिली अनुमति

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु




कर्नाटक के यादगीर जिले के गुरमितकल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को पथ संचलन निकालने की अनुमति मिल गई है। यह इलाका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह क्षेत्र माना जाता है। प्रशासन ने बुधवार को आदेश जारी कर शुक्रवार को होने वाले इस मार्च के लिए मंजूरी दी। यह आयोजन आरएसएस की शताब्दी वर्षगांठ के मौके पर हो रहा है। यादगीर जिला प्रशासन ने पथ संचलन की मंजूरी देते समय 10 सख्त शर्तें लगाई हैं।

**पथ संचलन के लिए तय किया रास्ता पुलिस तैनात**

मार्च का जो रास्ता तय किया गया है, उसमें सम्राट सर्कल, एपीएमसी सर्कल, हनुमान मंदिर, मराठवाड़ी, पुलिस स्टेशन रोड, मिलन चौक और सिहिनेहरू बावी मार्केट मेन रोड से होते हुए राम नगर में इसका समापन होगा। पथ संचलन के दौरान पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहेगा।

### नागपुर में जमे किसान, लंबा जाम लगा

## बच्चू कडू के किसान आंदोलन में शामिल हुए जरांगे पाटिल

एजेंसी ▶▶ नागपुर


नागपुर हाइवे पर बैठे किसान

महाराष्ट्र के नागपुर में किसानों का 'महा एल्गार' आंदोलन तीसरे दिन भी जोर पकड़ लिया। कुछ आंदोलनकारी अभी-भी शहर में डेरा डाले हुए हैं, जबकि अन्य किसान अपने-अपने गंतव्यों की ओर लौट चुके हैं। आंदोलन को लेकर मुंबई में अहम बैठक हुई। इसके अलावा पूर्व विधायक बच्चू कडू ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी मुलाकात की। बैठक में किसान नेता बच्चू कडू और मराठा आंदोलक मनोज जरांगे पाटील, राजू शेट्टी, रविकांत तुपकर, महादेव जानकर, वामनराव चपट, अजीत नवले आदि शामिल हुए। किसानों की मांग किसान कर्ज माफी की तारीख का ऐलान करना है। राठा आरक्षण आंदोलन के प्रमुख चेहरे मनोज जरांगे पाटिल आंदोलन में शामिल हुए। हिंगणघाट, यवतमाल और चंद्रपुर मार्गों पर चलने वाली 118 बसों के फेरे रद्द करने पड़े।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा बोले

# 20 साल पहले बिहार में था जंगलराज

## नालंदा की सातों सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार को कहा कि कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि 20 साल पहले बिहार जंगलराज था।

आज गाँव-गाँव में 23-24 घंटे बिजली है, सड़क है, और हर घर नल का जल पहुँच रहा है। उन्होंने 6 तारीख के चुनाव को 'बिहार के विकास की गति को बनाए रखने का चुनाव' बताया और नालंदा की



सातों सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

नड्डा नालंदा जिले के नगरनौसा में हरनौत विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी हरि नारायण सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि रेलवे का बजट नौ गुना बढ़ाया गया है। 20 वंदे भारत और 26 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बिहार से गुजर रही हैं। पटना का जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट भव्य बन गया है। दो साल के अंदर बिहटा में 1400 करोड़ रुपये की लागत से अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट तैयार होगा, और बिहार में पाँच नए एयरपोर्ट बनाए जाएँगे। आयुष्मान भारत योजना से 62 करोड़ लोगों को सालाना 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर मिला है। मखाना बोर्ड के लिए 100 करोड़ रुपये तय किए गए हैं ताकि मखाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जा सके। मुजफ्फरपुर की लीची और भागलपुर के सिल्क के उत्थान की भी चिंता की जा रही है।

नड्डा ने आरजेडी और कांग्रेस पर परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें जनता से कोई मतलब नहीं है। लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाने में लगे हैं, सोनिया गांधी राहुल को प्रधानमंत्री बनाने में लगी हैं। इनको अपने परिवार से मतलब है।

### सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, दो घायल




**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चंबा जिले के चुराह विधानसभा क्षेत्र में एक वाहन के 200 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा देवीकोटी-टेपा मार्ग पर हुआ, वाहन में सवार लोग एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। मृतकों की पहचान वाहन चालक राजिंदर कुमार, पम्मी कुमार और सचिन के रूप में हुई है। दो घायलों अमर सिंह और धर्म सिंह को तीसा के सिविल अस्पताल से चंबा के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। ये पांचों लोग चंबा से हैं।

# चिप बनाने वाली कंपनी 'एनवीडिया' ने रचा इतिहास, 5 ट्रिलियन डॉलर मार्केट कैप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका स्थित बड़ी टेक चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया कॉर्प के शेयरों में वॉल स्ट्रीट में 5 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। इसी के साथ कंपनी का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 420 लाख करोड़ रुपए) को पार कर गया।

- एनवीडिया ने तीन माह पहले ही 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की जबरदस्त उछाल के बीच अमेरिकी चिप निर्माता एनवीडिया ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। महज तीन महीने पहले ही एनवीडिया ने 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था। इस उपलब्धि के साथ कंपनी अब दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से लिस्टेड कंपनी बन गई है।

## कंपनी एनवीडिया कॉर्प का पूंजीकरण 420 लाख करोड़ रुपए हुआ

### 500 अरब डॉलर के नए चिप ऑर्डर

कंपनी के सीईओ जेनसन हुआंग ने मंगलवार को खुलासा किया कि एनवीडिया को हाल ही में 500 अरब डॉलर (42 लाख करोड़ रुपए) के नए चिप ऑर्डर मिले हैं। इसके साथ ही कंपनी ने कई बड़े साझेदारी सौदे भी घोषित किए। जैसे- उबर के साथ मिलकर रोबोटैक्सी प्रोजेक्ट पर काम करेगी। नोकिया में 1 अरब डॉलर का निवेश, ताकि दोनों मिलकर 6G तकनीक पर काम कर सकें। इसके अलावा, अमेरिकी ऊर्जा विभाग के साथ साझेदारी कर 7 नए एआई सुपरकंप्यूटर बनाए जाएंगे।



*भारत, जापान और ब्रिटेन के जीडीपी से भी ज्यादा मूल्य : अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी का मार्केट वैल्यू भारत, जापान और यूनाइटेड किंगडम के जीडीपी से भी अधिक हो गया है। यह आंकड़ा इस बात का संकेत है कि कैसे एआई अब केवल तकनीकी नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक शक्ति का केंद्र बनता जा रहा है।*

### शेयरों में जबरदस्त तेजी

बुधवार को एनवीडिया के शेयर शुरुआती कारोबार में 207.86 डॉलर तक पहुंच गए। कंपनी के 24.3 अरब शेयरों के आधार पर इसका बाजार पूंजीकरण 5.05 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया। साल 2023 की शुरुआत से ही एनवीडिया के शेयरों में रिकॉर्ड उछाल देखा गया है। इसका सबसे बड़ा कारण एआई चिप्स की वैश्विक मांग में विस्फोटक बढ़ोतरी है।

### एआई क्रांति का अगुवा बना एनवीडिया

एनवीडिया की यह छलांग उस एआई क्रांति को दर्शाती है जिसने दुनिया की तकनीकी तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। विशेषज्ञ इसे आईफोन क्रांति के बाद का सबसे बड़ा तकनीकी बदलाव मान रहे हैं। जैसे एप्पल ने आईफोन लांच के बाद 1, 2 और 3 ट्रिलियन डॉलर का मूल्य हासिल किया था, वैसे ही एनवीडिया अब एआई युग की नई एप्पल बनती दिख रही है।

## खबर संक्षेप

### सिप्ला के शुद्ध लाभ में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि



**नई दिल्ली।** प्रमुख दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 3.7 प्रतिशत बढ़कर 1,353.37 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष इसी तिमाही में मुनाफा 1,305.01 करोड़ रुपये रहा था। आय 7,589.44 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 7,051.02 करोड़ रुपये थी।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस अभी वृद्धि के चरण में



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि कंपनी अभी वृद्धि एवं निवेश के चरण में है और अब भी नेटवर्क में बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह एक लाभदायक व्यवसाय बनने जा रहा है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस अभी घाटे में चल रही है।

### हुंडई मोटर के लाभ में 14.3 फीसदी की बढ़त



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14.3 प्रतिशत बढ़कर 1,572.26 करोड़ रुपये हो गया। वाहन विनिर्माता कंपनी का पिछले साल की समान तिमाही में मुनाफा 1,375.47 करोड़ रुपये रहा था। परिचालन आय 17,460.82 करोड़ रुपये रही ।

### अदाणी पावर के लाभ में 12 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** बिजली कारोबार से जुड़ी कंपनी अदाणी पावर का वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत घटकर 2,906 करोड़ रुपये रह गया। अदाणी समूह की कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 3,297.52 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 14,307.79 करोड़ रुपये हो गई।

## विश्व स्वर्ण परिषद ( डब्ल्यूजीसी) ने जारी किए आंकड़े

# ऊंची कीमतों के कारण 2025 की तीसरी तिमाही में देश में सोने की मांग 16% घटी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में वर्ष 2025 की जुलाई-सितंबर तिमाही में सोने की मांग मात्रा के हिसाब से 16 प्रतिशत घटकर 209.4 टन रह गई। यह गिरावट सोने की ऊंची कीमतों के कारण उपभोक्ताओं की खरीदारी में कमी के चलते आई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उद्योग निकाय के अनुसार, इस साल की तीसरी तिमाही में सोने की कुल मांग घटकर 209.4 टन रह गई, जो पिछले साल समान अवधि में 248.3 टन थी। हालांकि, इस दौरान मूल्य के हिसाब से मांग 1,65,380 करोड़ रुपये से 23 प्रतिशत बढ़कर 2,03,240 करोड़ रुपये हो गई, जो सोने की कीमतों में तेजी को दर्शाता है।

### आभूषण की मांग 117.7 टन रही

दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सर्राफा बाजार में सोने के आभूषणों की मांग में 31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो 171.6 टन से घटकर 117.7 टन रह गई। हालांकि, आभूषणों की खरीद का मूल्य लगभग 1,14,270 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा, क्योंकि खरीदारों ने बढ़ी हुई कीमतों के अनुसार अपने खर्च को समायोजित कर लिया।

### अंतरराष्ट्रीय कीमतें 3456.5 डॉलर प्रति औंस रही

*इसमें आयात शुल्क और जीएसटी शामिल नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कीमतें औसतन 3,456.5 डॉलर प्रति औंस रहीं, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2,474.3 डॉलर प्रति औंस थीं। जैन ने कहा, "मात्रा में 16 प्रतिशत की गिरावट आई है, लेकिन मूल्य में 23 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी हुई है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।*

- मांग मात्रा के हिसाब से घटकर 209 .4 टन रह गई
- सोने की ऊंची कीमतों के कारण उपभोक्ताओं ने खरीदारी कम की
- सोने के आभूषणों की मांग में 31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई



*देश में सोने की औसत कीमत 46 फीसदी बढ़ी विश्व स्वर्ण परिषद के भारत के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने कहा, यह भारतीय उपभोक्ताओं के बीच मूल्य के दीर्घकालिक भंडार के रूप में सोने के प्रति बढ़ती रणनीतिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' तिमाही के दौरान देश में सोने की औसत कीमत 46 प्रतिशत बढ़कर 97,074.9 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 66,614.1 रुपये थी।*

*निवेश मांग में मजबूती देखी गई : डब्ल्यूजीसी ने कहा कि इस दौरान निवेश मांग में उल्लेखनीय मजबूती देखी गई, जो मात्रा के हिसाब से 20 प्रतिशत बढ़कर 91.6 टन हो गई तथा मूल्य के हिसाब से 74 प्रतिशत बढ़कर 51,080 करोड़ रुपये से 88,970 करोड़ रुपये हो गई।*

### सरकार यूएई के साथ सोने का कोटा आवंटित करेगी

*सरकार ने कहा कि भारत और यूएई के बीच मुक्त व्यापार समझौते के तहत सोने के लिए शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) का आवंटन प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा। इस समझौते के तहत भारत टीआरक्यू के तहत एक प्रतिशत शुल्क या शुल्क रियायत के साथ यूएई से सालाना 200 मीट्रिक टन तक सोना आयात करने पर सहमत हुआ था।*

### आवंटन बोली प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा

*भारत-यूएई व्यापार समझौते के तहत सोने के लिए टीआरक्यू आवंटन की प्रक्रिया में संशोधन करते हुए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक व्यापार नोटिस में कहा कि 'सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) के तहत सोने के लिए टीआरक्यू का आवंटन प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा।'*

### आनलाइन आवेदन कर सकेंगे

*इसमें यह भी कहा गया कि पात्र आवेदक को हॉलमार्किंग के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और जीएसटी के साथ पंजीकृत होना चाहिए। इसमें आगे कहा गया कि टीआरक्यू के तहत सोने के आयात पर विचार नहीं किया जाएगा। पात्र आवेदक डीजीएफटी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।*

# बीएसएनएल ने दूसरी तिमाही में लक्षित राजस्व का 93 प्रतिशत किया हासिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कंपनी के तिमाही समीक्षा के बाद कहा
- पहली छमाही में कंपनी का राजस्व 11,134 करोड़ रुपए रहा

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में अपने लक्षित राजस्व का 93 प्रतिशत यानी 5,347 करोड़ रुपये हासिल कर लिया।

बीएसएनएल की तिमाही समीक्षा के बाद मंत्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में कंपनी का राजस्व 11,134 करोड़ रुपये रहा। सिंधिया ने कहा, '' इस (जुलाई-सितंबर) तिमाही में हमने अपने लक्ष्य का 93 प्रतिशत राजस्व हासिल कर लिया। हमने 5,740 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा था जिसमें से हमने 5,347 करोड़ रुपये हासिल कर लिए। इसलिए, हम उस बड़े लक्ष्य के काफी करीब हैं जो हमने पिछले साल की आय में उछाल के आधार पर अपने लिए तय किया था। मंत्री ने कहा कि समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में बीएसएनएल का लक्ष्य राजस्व को 20 प्रतिशत बढ़ाकर 27,500 करोड़ रुपये करना है। मंत्री ने कहा, '' हमारा एआरपीयू भी बढ़ा है। इस वर्ष की पहली तिमाही में यह 81 रुपये था, जो इस वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 91 रुपये हो गया है।

### महाराष्ट्र, केरल ने किया अच्छा प्रदर्शन

प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) किसी दूरसंचार संचालक की वृद्धि को मापने का एक प्रमुख पैमाना है। मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र, केरल, पूर्वी उत्तर प्रदेश, अंडमान और निकोबार, और जम्मू-कश्मीर ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है जहां एआरपीयू 214 रुपये तक पहुंच गया।

### मप्र, झारखंड व कोलकाता के प्रदर्शन पर चिंता जताई


सिंधिया ने मध्य प्रदेश, झारखंड और कोलकाता जैसे क्षेत्रों के प्रदर्शन पर चिंता जाहिर की जहां एआरपीयू 60 रुपये के दायरे में है।

# विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में खासी गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई

विदेशी कोषों की ताजा बिकवाली और अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दरों पर स्पष्ट रुख न आने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 593 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 176 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 592.67 अंक यानी 0.70 प्रतिशत टूटकर 84,404.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 684.48 अंक गिरकर 84,312.65 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 176.05 अंक यानी 0.68 प्रतिशत टूटकर 25,877.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट देखी गई। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और मारुति के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,540.16 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,692.81 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अपेक्षा के अनुरूप अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत अंक की कटौती की। हालांकि, फेड चेयरमैन जेरोम पावेल द्वारा इसे 2025 की आखिरी ब्याज दर कटौती बताए जाने से मौद्रिक नीति में आगे ढिलाई की उम्मीदें कम हो गईं। अमेरिकी डॉलर में आई मजबूती ने भी भारत सहित उभरते बाजारों में जोखिम-मुक्त धारणा को बढ़ावा दिया।''



- सेंसेक्स 593 और निफ्टी 176 अंक लुढ़का
- फेड के ब्याज दरों पर स्पष्ट रुख न आने से बाजार में रही गिरावट

*चीन व हांगकांग के बाजार में रही गिरावट : एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।*

# केनरा बैंक का जुलाई-सितंबर तिमाही मुनाफा 19 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 19 प्रतिशत बढ़कर 4,774 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष की इसी तिमाही में मुनाफा 4,015 करोड़ रुपये रहा था। केनरा बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 34,721 करोड़ रुपये से बढ़कर 38,598 करोड़ रुपये हो गई। ब्याज आय सालाना आधार पर 29,740 करोड़ रुपये से बढ़कर 31,544 करोड़ रुपये हो गई। जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय घटकर 9,141 करोड़ रुपये रह गई, जबकि एक साल पहले यह 9,315 करोड़ रुपये थी। परिचालन आय भी बढ़कर 8,588 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 7,654 करोड़ रुपये थी।


हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं. भ.द. शर्मा पीजीआईएमएस रोहतक | पीजीआईएमएस, रोहतक में कंज्यूमेबल मदों / मशीनरी एवं उपकरणों तथा अन्य मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदा अपलोड। | 04.11.2025 04.12.2025 | -- | www.uhsr.ac.in | 9813031027 purchase.pgims@uhsr.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39891/I/88/7 दि. 30.10.25


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

### बिलियनब्रेन्स का आईपीओ चार नवंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार से जुड़े ऑनलाइन मंच ग्रो की मूल कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 95-100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने 61,700 करोड़ रुपये (करीब सात अरब डॉलर) से अधिक के मूल्यांकन का लक्ष्य रखा है।


सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



MUNICIPAL COUNCIL BHATGAON, DISTRICT-SURAJPUR
E-Procurement Tender Notice
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in,
UDD Portal: https://uad.cg.gov.in
NO:1287/NIT/BHATGAON/S/2025-26 BHATGAON Dated-29/10/2025
Online bids are invited for the following works of Items up to:
Start Date and Time 29/10/2025 (Start date & time of Bid preparation) at 17:31 PM on wards.

| NO. | SYSTEM TENDER NO | Name of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 178249 | Construction of mini stadium at ward no. 05 | Rs. 190.40 Lacs |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-proc Portal https://eproc.cgstate.gov.in on Sub Portal of Urban Administration and development Department. https://eproc.cgstate.gov.in from (Start Time) Date 29-10-2025 17:31 PM and Bid Due Date & Time 14-11-2025 Before 17.30 PM onwards.

Chief Municipal Officer
Municipal Council Bhatgaon
District-Surajpur (C.G.)




हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 24/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन घरौंडा में प्रथम एच-पोल्स के तहत पेवर ब्लॉक्स का प्रावधान, बंद होने की तिथि 06.11.2025 खुलने की तिथि 07.11.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 [illegible] |
| 2 | यूएचबीवीएन | 46/2025-26/HEWP | राजीव गांधी विद्युत सदन, सेक्टर-12, करनाल में क्रैचे का प्रावधान। बंद होने की तिथि 06.11.2025 खुलने की तिथि 07.11.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 [illegible] |
| 3 | यूएचबीवीएन | 50/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन, 132 केवी सब स्टेशन अमिन, (कुरुक्षेत्र), बादर्से और किरमच (करनाल) में प्रथम एच-पोल्स के नीचे इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का प्रावधान। बंद होने की तिथि 06.11.2025 खुलने की तिथि 07.11.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/39897/I/88/7 दि. 30.10.25


## शब्द पहेली - 6033




**बाएँ से दाए-**


1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6032 का हल**



## खबर संक्षेप



### कनाडा ओपन के अंतिम चार में हारी अनाहत

**टोरंटो।** भारत की युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह के कनाडा ओपन में शानदार अभियान पर विराम लग गया जब वह सेमीफाइनल में इंग्लैंड की जिना कैनेडी से सीधे गेम में हार गई। सत्रह वर्ष की अनाहत को दुनिया की दसवें नंबर की खिलाड़ी कैनेडी ने 96250 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए सिल्वर टूर्नामेंट में 11 .5, 11 . 8, 12 . 10 से हराया। अनाहत ने प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की मेलिसा अल्वेस को हराया था। वहीं क्वार्टर फाइनल में दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी और गत चैम्पियन बेल्जियम की टिन्ने गिलिस को मात दी थी।

### एयर बैडमिंटन विश्व कप शारजाह में 11 दिसंबर से

**नई दिल्ली।** बीडब्ल्यूएफ एयर बैडमिंटन विश्व कप के पहले टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में 11 से 14 दिसंबर तक किया जाएगा जिसमें 12 देशों की टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, अजरबेजान, हांगकांग,



ब्राजील, इंडोनेशिया, बुल्गारिया, नाइजीरिया, चीन, यूएई, मिस्र और वेनेजुएल ने कड़ी क्वालीफिकेशन प्रक्रिया से गुजरने के बाद टूर्नामेंट में जगह बनाई है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने विज्ञप्ति में कहा, ''तीन स्पर्धाओं- पुरुष ट्रिपल, महिला ट्रिपल और टीम रिले- में अधिकतम 96 खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे।'' विज्ञप्ति के अनुसार, ''पुरुष एकल के पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ी वोंग विंग की विन्सेंट हांगकांग चीन की रिले टीम का हिस्सा होंगे।'' ''एयर बैडमिंटन इस खेल का नया आउटडोर प्रारूप है जिसमें बैडमिंटन की वैश्विक पहुंच को बढ़ाने की बहुत ज़्यादा क्षमता है।

### पीकेएल के फाइनल में होगी दिल्ली और पुणेरी पल्टन



**नई दिल्ली।** दबंग दिल्ली और पुणेरी पल्टन प्रो कबड्डी लीग के 12वें सत्र के फाइनल में शुक्रवार को खिताब के लिये त्यागराज इंडोर स्टेडियम में आमने सामने होंगे। दोनों टीमें लीग चरण के बाद शीर्ष दो स्थानों पर रहकर फाइनल में पहुंची है।आठवें सत्र की चैम्पियन दबंग दिल्ली ने पहले क्वालीफायर में टाइब्रेकर में पुणेरी पल्टन को 6 . 4 से हराया था। कप्तान अंशु मलिक और कोच तथा पूर्व कप्तान जोगिंदर नरवाल की दिल्ली टीम ने पूरे सत्र में निर्णायक क्षणों में जबर्दस्त खेल का प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर पुणेरी पल्टन ने दूसरे क्वालीफायर में तेलुगू टाइटंस को हराकर चार सत्रों में तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई ।कोच अजय ठाकुर और कप्तान असलम ईनामदार की पुणेरी टीम लीग तालिका में शीर्ष पर रही थी।

### रहाणे स्पिन के बेहतरीन खिलाड़ी हैः कोटियन

**बेंगलुरु।** भारत ए के तनुश कोटियान ने कहा कि मुंबई के अनुभवी बल्लेबाजों जैसे अजिंक्य रहाणे को नेट्स पर गेंदबाजी करने से उनके ऑफ-स्पिन कौशल को निखारने में मदद मिली।



रहाणे स्पिन के बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कोटियान ने चार विकेट लिए जिससे भारत ए ने बृहस्पतिवार को पहले चार दिवसीय मैच के पहले दिन दक्षिण अफ्रीका ए का स्कोर नौ विकेट पर 299 रन कर दिया। कोटियान ने दिन के खेल के बाद कहा, ''मुंबई रणजी टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारत के लिए खेल चुके हैं और वे स्पिन के खिलाफ किसी भी टीम में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।

भारत का युवा एशियाई खेल में प्रभावशाली प्रदर्शन

# भारत को मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक

एजेंसी ▶▶| बहरीन

भारत ने एशियाई युवा खेलों में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के अलावा 'बीच कुश्ती' में भी तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। भारतीय मुक्केबाजों खुशी चंद, अहाना शर्मा और चंद्रिका भोरेशी पुजारी ने स्वर्ण पदक जीते जबकि लैंचेनबा सिंह मोइबुंगखोंगबाम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इस तरह भारत के पदकों की संख्या 41 हो गई जिसमें 12 स्वर्ण, 15 रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। सुबह के स्वर्णिम सत्र में खुशी (46 किग्रा) ने चीन की लुओ जिनशियू के खिलाफ 4-1 से शानदार जीत के साथ भारत के लिए मुक्केबाजी में दिन का पहला स्वर्ण जीता। अहाना (50 किग्रा) ने इसके बाद एकतरफा जीत हासिल की जब पहले राउंड में ही दक्षिण कोरिया की मा



जोंग हयांग के खिलाफ रैफरी को मुकाबला रोकने (आरएससी) के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद चंद्रिका (54 किग्रा) ने उज्बेकिस्तान की मुहम्मदोवा कुमरिनिसो को 5-0 से हराकर भारत की स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की। पदक की गिनती और भी बढ़ सकती है क्योंकि हरनूर कौर (66 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) शाम के सत्र में अपने-अपने वर्ग में फाइनल में हिस्सा लेंगी जिसमें भारत की नजरें स्वर्ण पदक का रिकॉर्ड बनाने पर है।

लड़कों के फाइनल में लैंचेनबा (50 किग्रा) को कजाखस्तान के नूरमाखान झुमगली के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 'बीच कुश्ती' में सानी सुभाष फुलमाली और अंजलि ने क्रमशः लड़कों और लड़कियों के 60 किग्रा और 55 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जबकि अर्जुन रुहिल भी लड़कों के 90 किग्रा वर्ग में शीर्ष पर रहे।

### सुजॉय व रविंदर ने हारे फाइनल मुकाबले

सुजॉय नागनाथ तनपुरे (70 किग्रा) और रविंदर (80 किग्रा) को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में हारने के बाद रजत पदक मिला। सानी सुभाष ने फाइनल में ईरान के अमीराली डोमिरकोलाई को 2-0 से हराया जबकि अंजलि ने वियतनाम की बुई एमगोक थाओ थॉम को 2-1 से शिकस्त दी।

**अर्जुन ने 90 किलो में ईरान के फोतउही को हराया:** अर्जुन ने 90 किग्रा वर्ग में ईरान के मोहम्मदमहदी फोतोउही को हराया। सुजॉय ईरान के सिना शोकोउही से 1-2 से हार गए जबकि रविंदर को भी ईरान के ही तौराज खोडेई के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला विश्व कप : अब तक के सबसे बड़े लक्ष्य का किया पीछा

# रोड्रिग्स की यादगार पारी से भारत फाइनल में, ऑस्ट्रेलिया को हराया

भाषा ▶▶| नवी मुंबई

जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे बड़े मंच पर अपने जीवन की यादगार पारी खेली और उनकी नाबाद 127 रन की पारी की बदौलत भारत ने बृहस्पतिवार को यहां सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर महिला विश्व कप के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। अब दो नवंबर को फाइनल में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा जिससे टूर्नामेंट को नया विजेता मिलेगा। रोड्रिग्स 14 चौके जड़ित 134 गेंद की नाबाद शतकीय पारी ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड के शतक पर भारी पड़ गई जिससे भारत ने नौ गेंद रहते 341 रन बनाकर महिला वनडे में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा कर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को पराजित कर दिया। भाग्य ने भी रोड्रिग्स का अच्छा साथ दिया जिन्हें कई बार जीवनदान मिला और उन्होंने इनका पूरा फायदा उठाते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर (89 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी निभाई जिसकी बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया के दो चरण में 15 मैच से चले आ रहे अपराजित अभियान को समाप्त किया। जीत के बाद कप्तान हरमनप्रीत और रोड्रिग्स की आंखों में खुशी के आंसू थे। लिचफील्ड (119 रन) के शतक ने बड़े स्कोर की नींव रखी।

**ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 338 रन बनाए**
**भारत ने 48.3 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया**



### 36वें ओवर में लगा तीसरा झटका

हरमनप्रीत को पैर की मांसपेशियों में खिंचाव से परेशानी हो रही थी और पर कुछ देर बाद उन्होंने अनाबेल सदरलैंड की गेंद को पुल किया लेकिन यह उनके बल्ले के ऊपर हिस्से से लगकर हवा में चली गई और गार्डनर ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। भारत को 36वें ओवर में तीसरा झटका 226 रन पर लगा। दीप्ति शर्मा (24 रन, 17 गेंद, तीन चौके) और रिचा घोष (26 रन, 16 गेंद, दो चौके, दो छक्के) ने अंत में उपयोगी योगदान दिया। इससे पहले अगर बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (49 रन देकर दो विकेट) ने 3-0-9-2 के तीसरे स्पैल में शानदार गेंदबाजी नहीं की होती तो ऑस्ट्रेलियाई टीम इससे भी विशाल स्कोर तक पहुंच गई होती।

### स्मृति मंधाना ने 24 रन बनाए

फॉर्म में चल रही प्रतिका रावल के चोटिल होने के कारण अंतिम एकादश में शामिल हुईं शेफाली वर्मा (10) दूसरे ही ओवर में किम गार्थ की गेंद पर पगबाधा हो गईं। मेजबान टीम ने फिर पावरप्ले में अपनी स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना (24 रन) का विकेट गंवा दिया। गार्थ की गेंद पर विकेटकीपर हीली ने कैच लपका लेकिन अंपायर ने इसे वाइड करार दिया। पर हीली ने रिव्यू लेने का फैसला किया जिसमें गेंद मंधाना के बल्ले के किनारे से छूती हुई दिखी और ऑस्ट्रेलिया को 10वें ओवर में अहम विकेट मिल गया। इस समय भारत का स्कोर 59 रन था।

### भारत ने 30 ओवर में दो विकेट पर 189 रन बनाए

रोड्रिग्स ने अपनी पारी के दौरान कट शॉट और स्वीप शॉट लगाने के साथ बीच बीच में एक दो रन लेकर सतर्कता से पारी को आगे बढ़ाया। तो वहीं हरमनप्रीत ने अर्धशतक पूरा करते ही आक्रामकता बरतते हुए तहलिया मैकग्रा पर एक्स्ट्रा कवर में और एशले गार्डनर पर काउ कॉर्नर पर छक्का जड़ा। भारत ने 30 ओवर में दो विकेट पर 189 रन बना लिए थे जबकि ऑस्ट्रेलिया का स्कोर इस समय दो विकेट पर 193 रन था। इस तरह टीम को 20 ओवर में जीत के लिए 150 रन की दरकार थी।

दूसरा टी20 मैच आज

# सूर्यकुमार के फॉर्म में लौटने के बाद भारत के हौसले बुलंद



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म में लौटने के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक एमसीजी मैदान पर होने वाले दूसरे टी20 मैच के लिये यहां बुलंद हौसलों के साथ पहुंच गई है। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और शिवम दुबे अपने आक्रामक खेल से टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढने के बाद आस्ट्रेलिया पहुंचे हैं लेकिन पिछले कुछ समय से कप्तान सूर्यकुमार का बल्ला खामोश रहना चिंता का सबब बना हुआ था। पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में हालांकि सूर्यकुमार ने 24 गेंद में 39 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। उन्होंने जोश हेजलवुड को 125 मीटर ऊंचा छक्का लगाया जो लंबे समय तक याद रहेगा। भारतीय टीम लय बनाए रखने की पूरी कोशिश करेगी। बारिश के कारण हालांकि कैनबरा में दूसरा मैच धुल गया जब भारत ने 9 . 4 ओवर में एक विकेट पर 97 रन बनाये थे। सूर्यकुमार और शुभमन गिल दोनों आस्ट्रेलियाई आक्रमण की बखिया उधेड़ने को तत्पर लग रहे थे। मेलबर्न में भी शुक्रवार को बारिश होने का अनुमान है हालांकि भारतीय टीम अपनी लय बनाये रखने की पूरी कोशिश करेगी।

### हेजलवुड पर होगा गेंदबाजी का जिम्मा

आस्ट्रेलियाई टीम भी काफी आक्रामक क्रिकेट खेलती है। हेड, मार्श, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड और जोश इगलिस बड़े स्कोर बनाने का माद्दा रखते हैं। मिचेल स्टार्क के टी20 से संन्यास और पैट कमिंस के चोटिल होने से गेंदबाजी में अनुभव कम लग रहा है। ऐसे में हेजलवुड पर आक्रमण की जिम्मेदारी होगी जिसमें जेवियर बार्टलेट, मैथ्यू कुन्हेमन और नाथन एलिस उनका साथ देंगे।

मैच के दौरान हुए थे घायल

# श्रेयस ने कहा -प्रतिदिन हो रहा है स्वास्थ्य में सुधार



एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह प्रतिदिन बेहतर हो रहे हैं और चोट से उबरने की राह पर हैं। श्रेयस को आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान एलेक्स कैरी का कैच लपकते समय तिल्ली की चोट (स्प्लीनिक रप्चर) के साथ पसली में चोट लगी थी।

उन्होंने चोट लगने के बाद पहली बार एक्स और अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट में लिखा ,'' मैं रिकवरी की राह पर हूं और प्रतिदिन स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है।'' उन्होंने लिखा ,'' इतनी शुभकामनाओं और समर्थन से मैं अभिभूत हूं। मुझे याद रखने के लिये धन्यवाद।'' श्रेयस मैच के दौरान फिजियो की मदद से मैदान से बाहर चले गए, लेकिन बाद में उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया।

### पीसीबी ने 157 खिलाड़ियों से किए घरेलू करार

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को 2025 . 26 सत्र के लिये घरेलू क्रिकेटरों से करार की संख्या बढाकर 131 से 157 कर दी। पीसीबी ने चार वर्गों में करार किये हैं। बोर्ड ने 30 खिलाड़ियों को ए श्रेणी करार, 55 को बी श्रेणी, 51 को सी श्रेणी और 21 को डी श्रेणी के करार दिये हैं। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा ,'' ये करार पिछले साल के प्रदर्शन को ध्यान में रखकर दिये गए हैं।'' अधिकारी ने नये करार की रकम नहीं बताई लेकिन पिछले सत्र में पीसीबी ने ए श्रेणी के लिये 550000 पाकिस्तानी रूपये, बी के लिये चार लाख और सी के लिये ढाई लाख तय किये थे। इसके साथ ही अनुबंधित खिलाड़ियों को चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच के लिये दो लाख पाकिस्तानी रूपये , लिस्ट ए मैच के लिये सवा लाख और टी20 मैच के लिये एक लाख पाकिस्तानी रूपये मैच फीस भी दी जा रही थी।

# अभिषेक नायर बने नाइट राइडर्स के मुख्य कोच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बृहस्पतिवार को भारतीय टीम के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया।



इस तरह वह आईपीएल फ्रेंचाइजी में चंद्रकांत पंडित की जगह लेंगे जिन्होंने तीन सत्र तक यह जिम्मेदारी संभाली थी। नायर 2018 से केकेआर से जुड़े हुए हैं और उनके टीम प्रबंधन के अहम सदस्यों में से एक हैं। टीम चयन के मामले में ड्रेसिंग रूम में उनका काफी दबदबा रहा है। लगभग नौ महीने तक नायर भारतीय टीम में गौतम गंभीर के कोचिंग दल का हिस्सा थे लेकिन भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद उन्हें बिना किसी औपचारिकता के बर्खास्त कर दिया गया और सितांशु कोटक को उनकी जगह दी गई। केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने कहा, ''अभिषेक 2018 से नाइट राइडर्स टीम का अहम हिस्सा रहे हैं।

उन्होंने मैदान के अंदर और बाहर हमारे खिलाड़ियों को तराशा है। खेल के प्रति उनकी समझ और खिलाड़ियों के साथ जुड़ाव हमारी प्रगति में अहम रहा है। हम उन्हें मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालते हुए देखकर काफी उत्साहित हैं।''

# आस्ट्रेलिया के युवा क्रिकेटर की अभ्यास के दौरान गले पर गेंद लगने से मौत

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के 17 वर्ष के क्रिकेटर बेन आस्टिन की यहां अभ्यास के दौरान गले में गेंद लगने से मौत हो गई जिससे 2014 में फिल ह्यूज की मौत की दुखद यादें ताजा हो गई। आस्टिन को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। बेन फर्नट्री गली में अभ्यास के दौरान गेंद गले और सिर में लगी थी। वह टी20 मैच से पहले नेट अभ्यास कर रहे थे। उन्हें हादसे के बाद वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

**खेल में फिर सुरक्षा उपकरणों की मांग जोर पकड़ने लगी :** फर्नट्री गली क्रिकेट क्लब ने बृहस्पतिवार



को उनकी मौत की पुष्टि की। क्लब ने कहा ,'' हम बेन की मौत से बहुत दुखी हैं। उसके परिवार, दोस्तों और जानने वालों के प्रति हमारी संवेदनायें।'' अभ्यास के वक्त उन्होंने हेलमेट पहना था लेकिन 'नेकगार्ड' नहीं। इस हादसे के बाद एक बार फिर हर स्तर पर खेल में सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग की मांग जोर पकड़ने लगी है।

**बेन के निधन से परिवार दुखी :** इससे पहले क्रिकेट विक्टोरिया ने बेन के पिता जेस आस्टिन के हवाले से परिवार की ओर से एक बयान जारी किया था। बयान में कहा गया ,'' हम अपने चहेते बेन के निधन से बेहद दुखी हैं। ट्रेसी और मेरे लिये बेन लाड़ला बेटा था और कूपर तथा जाश का चहेता भाई था।

**हादसे ने उसे हमसे छीन लिया :** वह हमारे परिवार और दोस्तों के जीवन का उजाला था। इस हादसे ने उसे हमने छीन लिया। उसे क्रिकेट से प्यार था और यह खेल उसके जीवन की खुशी था। इसमें यह भी कहा गया , हम उस गेंदबाज के भी साथ खड़े हैं जो उस समय नेट्स पर गेंदबाजी कर रहा था।

आईटीआईए ने मॉरफिन के इस्तेमाल के लिए किया निलंबित

# डोप टेस्ट में फेल हुए टेनिस खिलाड़ी दलविंदर निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने 2017 के राष्ट्रीय चैंपियन दलविंदर सिंह को प्रतिबंधित पदार्थ मॉरफिन के इस्तेमाल के लिए बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया। अप्रैल 2017 में करियर की सर्वश्रेष्ठ 791वीं एकल विश्व रैंकिंग हासिल करने वाले दलविंदर मार्च 2025 में मॉरफिन के लिए पॉजिटिव पाए गए थे। वह उस समय चंडीगढ़ में आईटीएफ विश्व टेनिस टूर प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे थे।



### खेलने, कोचिंग देने या शामिल होने की स्वीकृति नहीं होगी

आईटीआईए ने विज्ञप्ति ने कहा, ''निलंबन के दौरान दिलविंदर को आईटीआईए (एटीपी, आईटीएफ, डब्ल्यूटीए, टेनिस ऑस्ट्रेलिया, फेडरेशन फ्रांसेइस डि टेनिस, विंबलडन और यूएसटीए) या किसी राष्ट्रीय संघ के सदस्यों द्वारा अधिकृत या मंजूर किसी भी टेनिस प्रतियोगिता में खेलने, कोचिंग देने या शामिल होने की स्वीकृति नहीं होगी।''

### मॉरफिन नियम एस सात के तहत प्रतिबंधित

टीएडीपी के तहत मॉरफिन नारकोटिक्स (2025 विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी प्रतिबंधित सूची के नियम एस सात) के वर्ग में प्रतिबंधित है। आईटीआईए से बातचीत के बाद दलविंदर ने एडीआरवी के सामने माना कि उन्हें लगता है कि मॉरफिन का स्रोत दर्द कम करने वाली दवा थी जो उन्होंने पॉजिटिव परीक्षण वाले दिन ली थी। खिलाड़ी के स्पष्टीकरण के मुताबिक दवा लगभग 12 महीने पहले कलाई की सर्जरी के बाद दी गई थी। हालांकि दलविंदर अपनी बात के समर्थन में और अधिक जानकारी नहीं दे पाए जिसमें कोई पैकेजिंग, रसीदें, प्रिस्क्रिप्शन या ली गई दबाव का नाम शामिल था।

### आईटीआईए के पास साबित करने जरूरी सबूत नहीं था

आईटीआईए के पास यह साबित करने के लिए जरूरी सबूत नहीं था कि दलविंदर ने जानबूझकर टीएडीपी का उल्लंघन किया था। खिलाड़ी पॉजिटिव परीक्षण का स्रोत साबित नहीं कर सका।

**दो साल का निलंबन प्रस्ताव दिया गया था**
नियमों के मुताबिक खिलाड़ी को दो साल के निलंबन का प्रस्ताव दिया गया था जिसे मान लिया गया और यह 22 अक्टूबर 2025 से लागू हो गया। अयोग्यता का समय 21 अक्टूबर 2027 को खत्म होगा। जिस प्रतियोगिता में दलविंदर का परीक्षण पॉजिटिव आया उसके नतीजे, इनाम की रकम और रैंकिंग अंक भी जब्त कर लिए गए। आईटीआईए एक स्वतंत्र संस्था है




# ट्रंप ने चीन पर टैरिफ 10% घटाया, बदले में सोयाबीन खरीदने को राजी हुए जिनपिंग

एजेंसी ▸▸ सियोल

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग छह साल बाद मिले और दोनों की मुलाकात काफी अहम रही। दोनों नेता इससे पहले आखिरी बार 2019 में मिले थे। गुरुवार को उनकी मुलाकात दक्षिण कोरिया के बुसान एयरपोर्ट हुई और दोनों की बैठक 100 मिनट चली। ट्रंप ने चीन पर लगाए गए फेंटानाइल से जुड़े टैरिफ को 20% से घटाकर 10% कर दिया है।

- चीन और अमेरिका के बीच बुसान एयरपोर्ट पर हुई ट्रेड डील

ट्रंप की टैरिफ कम करने के बदले में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अब अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने पर तैयार हुए हैं। वार्ता के बाद ट्रंप ने कहा कि कई निर्णय लिए गए और दोनों पक्षों ने व्यापार और सहयोग पर महत्वपूर्ण समझौते किए। उन्होंने शी की एक बहुत शक्तिशाली देश के अद्भुत नेता के रूप में प्रशंसा की।

◆ ट्रंप बोले- जिनपिंग शक्तिशाली देश के नेता और सख्त वार्ताकार

◆ जिनपिंग बोले- दोनों देश बदले की कार्रवाई से बचें


बुसान एयरपोर्ट हुई दोनों नेताओं की बैठक 100 मिनट चली

### चीन पर औसत टैरिफ घटकर 47% हुआ

*अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार को बड़ी घोषणा की और कहा कि चीन से आने वाले सामान पर लगने वाला कुल औसत टैरिफ 57% से घटाकर 47% कर दिया गया है। बता दें चीन पर अमेरिका ने औसतन 55% टैरिफ लगा रखा था, जो अगस्त 2025 में बढ़कर औसतन 57% तक पहुंच गया था। हालांकि अब दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद चीन पर औसतन 47% टैरिफ ही लगेगा। ट्रंप ने कहा कि चीन पर लगाए गए फेंटानाइल से जुड़े टैरिफ को 20% से घटाकर 10% किया जा रहा है जो तुरंत प्रभाव से लागू होगा और मुझे विश्वास है कि शी जिनपिंग अमेरिका में फेंटानिल की वजह से हो रही मौतों को रोकने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।*

### बातचीत जारी रखे अमेरिका

*शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और अमेरिका को क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत जारी रखनी चाहिए और मिलकर ऐसे कदम उठाने चाहिए जो दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए फायदेमंद हों। जिनपिंग ने यह भी कहा कि अगले साल जब चीन एपीईसी बैठक की और अमेरिका जी20 सम्मेलन की मेजबानी करेगा, तब दोनों देशों को एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए और मिलकर काम करना चाहिए। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि अमेरिका और चीन को आपसी सहयोग से मिलने वाले लंबे समय के लाभों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को बदले की कार्रवाई के दुष्चक्र में फंसने से बचना चाहिए।*

### दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति पर सहमति

ट्रंप ने शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद कहा, शी जिनपिंग तो बहुत सख्त वार्ताकार हैं, ये अच्छी बात नहीं है। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। हमने महत्वपूर्ण दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति पर एक साल के समझौते पर सहमति जताई है। सभी दुर्लभ मृदा खनिजों का मामला सुलझ गया है, और यह पूरी दुनिया के लिए है। यह समझौता एक साल के लिए है और इस पर हर साल फिर से बातचीत की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों और रक्षा निर्माण के लिए आवश्यक सामग्रियों तक वैश्विक पहुंच को स्थिर करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### चीन और एनवीडिया के बीच होगी बात

ट्रंप ने कहा कि उनकी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत के बाद अब चीन और अमेरिकी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के बीच आगे बात होगी। उन्होंने कहा कि हमने चिप्स पर बात की है। अब चीन एनवीडिया और अन्य कंपनियों से चिप्स खरीदने पर बातचीत करेगा।

### किसी देश को चुनौती देने की कोशिश नहीं की: जिनपिंग

*चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि चीन की आर्थिक वृद्धि से चीन और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए नई संभावनाएं पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि हमने कभी किसी देश को चुनौती देने या उसकी जगह लेने की कोशिश नहीं की।*

### ताइवान और टिकटॉक डील पर बात नहीं

*ट्रंप ने कहा कि उनकी बैठक में ताइवान मुद्दे और टिकटॉक डील को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई। ट्रंप और जिनपिंग की मुलाकात चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'वीबो' पर सबसे ज्यादा ट्रेंड करने लगी और इसे करीब 25 करोड़ बार देखा गया।*

---

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी जानकारी

# ईरान के चाबहार पोर्ट पर अमेरिकी प्रतिबंधों में 6 महीने की मिली छूट

*भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत*

*जायसवाल ने कहा कि ईंधन खरीदने का फैसला हमारे 140 करोड़ लोगों की जरूरतों को देखते हुए लिया जाता है। जो कि ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विविध स्रोतों से सस्ती ऊर्जा प्राप्त करने की अनिवार्यता से निर्देशित है। हमारे निर्णय स्वाभाविक रूप से वैश्विक बाजार की बदलती गतिशीलता को ध्यान में रखते हैं*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका और भारत के बीच तनाव कम होता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को बड़ी राहत देते हुए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर प्रतिबंधों से 6 महीने की छूट दी है, जिसकी जानकारी विदेश मंत्रालय की प्रेस वार्ता में दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार (30 अक्तूबर) को बताया कि अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह परियोजना पर अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट दे दी है।

यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौता संपन्न करने के लिए अमेरिकी पक्ष के साथ बातचीत जारी हैं और ये चर्चाएं जारी रहेंगी। भारत-अमेरिका के साथ समझौते को पूरा करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) के बयानों को पूरी तरह खारिज करते हैं। ओआईसी को भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई हक नहीं है। ओआईसी ने कश्मीर को लेकर बयान दिया था। भारत की कुछ कंपनियों को चीन से रेयर अर्थ मिनरल इंपोर्ट करने के लिए लाइसेंस जारी किए गए हैं।

- भारतीय कंपनियों को चीन से मिले दुर्लभ खनिज आयात करने के लाइसेंस
- भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर वार्ता जारी, पूरा होने की उम्मीद


विदेश मंत्रालय प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

### पीएम मोदी ने की जापान की नई पीएम से बात

जायसवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जापान की नई पीएम सनाए तकाइची से बातचीत की और उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की, जो हमारे लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी है, यह बहुआयामी है। जहां तक क्वाड का संबंध है, हम इसे चारों साझेदारों के बीच कई क्षेत्रों में साझा हितों पर चर्चा के लिए एक मूल्यवान मंच के रूप में देखते हैं। किसी भी नेता का शिखर सम्मेलन चारों साझेदारों के बीच राजनयिक परामर्श के माध्यम से निर्धारित होता है।

### तेल प्रतिबंधों का अध्ययन कर रहे

*रणधीर जायसवाल ने कहा कि जहां तक अमेरिका के द्वारा रूस की कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंध की बात है, इससे हम पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन कर रहे हैं। ईंधन खरीदने का फैसला हमारे 140 करोड़ लोगों की जरूरतों को देखते हुए लिया जाता है। जो कि ऊर्जा सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विविध स्रोतों से सस्ती ऊर्जा प्राप्त करने की अनिवार्यता से निर्देशित है। हमारे निर्णय स्वाभाविक रूप से वैश्विक बाजार की बदलती गतिशीलता को ध्यान में रखते हैं।*

### अफगानिस्तान के समर्थन में है भारत

जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान अफगानिस्तान द्वारा अपने क्षेत्रों पर संप्रभुता के प्रयोग करने से क्रुद्ध है। पाकिस्तान सोचता है कि उसका अधिकार है कि वो सीमा पार आतंकवाद करता रहेगा और दंड मुक्ति के साथ करता रहेगा। जहां तक भारत का सवाल है हम अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भारत के पास चाबाहार पोर्ट 10 साल लीज पर


ईरान के चाबहार पोर्ट का विहंगम दृश्य

अमेरिकी सरकार ने भारत को ईरान के चाबहार बंदरगाह पर प्रतिबंधों से छह महीने के लिए रियायत दी है। इससे पहले अमेरिका ने कहा था कि वो 29 सितंबर से इस बंदरगाह को चलाने, पैसे देने या उससे जुड़े किसी काम में शामिल कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा। हालांकि बाद में इस छूट को बढ़ाकर 27 अक्टूबर कर दिया गया था, जिसकी मियाद 3 दिन पहले खत्म हुई थी। अब इसे 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

### अमेरिका ने भेजे 2790 भारतीय

*विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस साल जनवरी से अब तक 2790 से अधिक भारतीय नागरिक ऐसे हैं जो मानदंडों को पूरा नहीं करते थे। वे अवैध रूप से वहां रह रहे थे और हमने उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि की और वे वापस लौट आए। यह बुधवार तक की स्थिति है। ब्रिटेन की ओर से इस साल लगभग 100 भारतीय नागरिकों को उनकी राष्ट्रीयता की पुष्टि के बाद वापस भेजा गया है।*

---

# भूटान पहुंची वित्त मंत्री सीतारमण आर्थिक सहयोग को मजबूत करने पर होगी द्विपक्षीय चर्चा


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आर्थिक मामलों के विभाग प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक भूटान की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

4 दिवसीय यात्रा के दौरान वे गुरुवार को भूटान पहुंची जहां उन्होंने 1765 में बने ऐतिहासिक संगचेन चोखोर मठ का दौरा किया। इस मठ में 100 से अधिक भिक्षु रहते हैं जो बौद्ध धर्म की एडवांस्ड पढ़ाई कर रहे हैं। अपनी यात्रा के तहत वे भारत सरकार के सहयोग से चल रहे कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का दौरा और उनका निरीक्षण करेंगी।

### भूटान नरेश और पीएम से होगी भेंट

वित्त मंत्री भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोबगे से मुलाकात करेंगी। वह भारत-भूटान आर्थिक और वित्तीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भूटान के वित्त मंत्री, लेकी दोरजी के साथ भी द्विपक्षीय बैठक भी शामिल होंगी। वित्त मंत्री कई प्रमुख डेवलपमेंट पहलों पर प्रेजेंटेशन में भी शामिल होंगी। इनमें ड्रुक ग्रीन पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीजीपीसी) द्वारा भूटान का एनर्जी सेक्टर, भूटान का 21वीं सदी का इकोनॉमिक रोडमैप, ड्रुक पीएनबी और बैंक ऑफ भूटान द्वारा भूटान में बैंकिंग/ फाइनेंशियल सेक्टर और गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी प्रोजेक्ट शामिल हैं।

### सीएसआई मार्केट का करेंगी दौरा

वित्त मंत्री कॉटेज और स्मॉल इंडस्ट्रीज (सीएसआई) मार्केट का भी दौरा करेंगी। सीएसआई मार्केट में वे भारत और भूटान के बीच डिजिटल और फाइनेंशियल कनेक्टिविटी को प्रदर्शित करते हुए देश के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल कर ट्रांजैक्शन करेंगी। अपनी आधिकारिक यात्रा के आखिरी हिस्से में वे भूटान के दूसरे सबसे पुराने और दूसरे सबसे बड़े जोंग पुनाखा जोंग जाएंगी। इस दौरान वे भूटान के किसानों से बातचीत कर उनके खेती के तरीकों, चुनौतियों और अवसरों को समझने का प्रयास करेंगी।

---

# दुश्मन पर कहर बरपाएंगे स्वदेशी स्वार्म ड्रोन, झुंड में 1100 किमी तक करेंगे वार

**नई दिल्ली।** झुंड में उड़ान भरने वाले ऐसे दर्जनों ड्रोन के बारे में सोचिए जो एक समन्वित हमले में दुश्मन वायुसेना के अड्डे में घुसकर उसके कमांड सेंटर, रनवे या फ्यूल डिपो में तबाही मचा दें। देश में ऐसी ही शक्तिशाली ड्रोन प्रणाली पर काम शुरू हो रहा है। हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लिए कोलैबोरेटिव लॉन्ग रेंज टारगेट सेचुरेशन-डिस्ट्रक्शन सिस्टम (सीएलआरटीएस/डीएस) की खरीद की अनुमति दी है। अब देश में ही 1,100 किलोमीटर दूर तक वार करने वाले स्वार्म ड्रोन बनाए जाएंगे। सीएलआरटीएस-डीएस लंबी दूरी का स्वायत्त ड्रोन सिस्टम है। यह स्वतंत्र रूप से टेकऑफ, नेविगेशन, लक्ष्य पहचानने व हमला करने में सक्षम होगा। न्यूनतम मानवीय दखल और एआई आधारित एल्गोरिदम से संचालित यह प्रणाली जटिल मिशनों को आसानी से अंजाम देगी। इस प्रणाली में लगभग 80 प्रतिशत ड्रोन विस्फोटक वॉरहेड से लैस होंगे, जबकि 20 प्रतिशत का कार्य इंटेलिजेंस और निर्णय लेने का होगा। यदि कुछ ड्रोन निष्क्रिय भी हो जाएं तो उन्नत एआई की मदद से बाकी ड्रोन नई रणनीति बनाकर मिशन जारी रख सकते हैं। सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज के डीजी एयर मार्शल अनिल चोपड़ा ने कहा कि सीएलआरटीएस-डीएस इस तरह से डिजाइन होंगे कि यह इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर की सूरत में भी प्रभावी रहें। यह ड्रोन आपस में डाटा साझा कर सकते हैं। स्वयं जैमिंग से बच सकते हैं।

---

'द लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025' की रिपोर्ट

71 शैक्षणिक संस्थानों और यूएन के 128 विशेषज्ञों ने तैयार की रिपोर्ट

# प्रदूषण के कारण 2022 में भारत में 17 लाख से ज्यादा मौतें हुईं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

'द लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025 की रिपोर्ट' के अनुसार, मानव-जनित पीएम 2.5 प्रदूषण के कारण साल 2022 में भारत में 17 लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई। साल 2010 की तुलना में मौत के मामलों में 38 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इतना ही नहीं जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी 44 प्रतिशत मौतों का कारण बना। रिपोर्ट में कहा गया है कि वायु प्रदूषण के कई स्रोत हैं और इसका स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक असर देखा जा रहा है।

### कोयला और तरल गैस से 7.52 लाख लोगों की हुई मौत


दिल्ली-एनसीआर के गुरुग्राम शहर में प्रदूषण

### जंगल की आग से भी प्रदूषण को बड़ा खतरा

साल 2020 से 2024 के दौरान भारत में हर साल औसतन 10,200 मौतें जंगल की आग से होने वाले प्रदूषण (पीएम 2.5) के कारण हो सकती हैं, ये साल 2003-2012 की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के नेतृत्व में 71 शैक्षणिक संस्थानों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के 128 विशेषज्ञों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने ये रिपोर्ट तैयार की है। पेट्रोल के उपयोग से होने वाले प्रदूषण ने 2.69 लाख लोगों की जान ले ली।

### हाईवे पर प्रदूषण कम करेगी एनएचएआई

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने दिल्ली-एनसीआर में सड़क निर्माण और उससे जुड़ी गतिविधियों से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने के लिए अपने सभी फील्ड ऑफिसों को एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (मानक संचालन प्रक्रिया) (एसओपी) जारी किया है। इसके तहत हाईवे पर मशीनों से रोड स्वीपिंग, मीडियन और लूप इंटरचेंज की हरियाली, और मियावाकी पद्धति से पौधारोपण जैसे कदम उठाए जाएंगे। साथ ही निर्माण सामग्री को ढककर रखना (तिरपाल से कवर करना), नियमित रोड मेंटेनेंस और गड्ढा-रहित सड़कें सुनिश्चित करना भी शामिल है ताकि सड़क की धूल कम फैले। निर्माण स्थलों पर वायु प्रदूषण रोकने के लिए एंटी-स्मॉग गन, दिनभर पानी का छिड़काव, और ग्रीन नेट से सामग्री ढकने जैसे उपाय अनिवार्य किए हैं ताकि धूल हवा में न फैल सके।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109